THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

घायलों को फ्री इलाज इसी महीने से

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। रोड एक्सीडेंट में घायलों को इसी महीने यानी मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपये तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। >14

वर्ष-29 अंक : 342 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.6 2081 बुधवार, 5 मार्च-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

भारत चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में

सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया, चेज मास्टर कोहली के 84 रन

दुबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय टीम ने अब तक आईसीसी नॉकआउट्स में मिली सभी हारों का ऑस्ट्रेलिया से बदला चुकता कर दिया। उसने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराते हुए खिताबी मुकाबले में एंट्री मार ली है। भारत के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद शमी ने कमाल करते हुए 3 विकेट झटके तो बल्लेबाजी में विराट कोहली ने 84 रनों की पारी खेली, जबकि श्रेयस अय्यर ने 45 रन खेलकर एक्स फैक्टर की भूमिका निभाई। आखिरी में केएल राहुल और हार्दिक पंड्या (24 गेंदों में 3 छक्के और एक चौका की मदद से 28 रन) ने तेवर दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। भारत की फाइनल में भिड़ंत इसी मैदान पर 9 मार्च को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विनर के साथ होगी। इसका मतलब है कि टूर्नामेंट का मेजबान फाइनल की मेजबानी नहीं कर सकेगा।

ऑस्ट्रेलिया को यूं पीटकर भारत चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

श्रेयस अय्यर और विराट कोहली ने बना दिया भारत के लिए मैच

कप्तान के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर मैदान पर आए और विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। इस दौरान विराट कोहली ने 53 गेंदों में एडम जांपा को चौका जड़ते हुए 25वें ओवर में हाफ सेंचुरी पूरी की। श्रेयस अय्यर उनका बखूबी साथ दे रहे थे। ऐसा लग रहा था वह भी हाफ सेंचुरी पूरी करेंगे, लेकिन 27वें ओवर की पहली गेंद पर एडम जांपा की थोड़ी तेज रफ्तार से डाली गई गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 62 गेंदों में 3 चौके की मदद से 45 रन की पारी खेली। इस साझेदारी के दम पर भारत का सैकड़ा पूरा हुआ।

अक्षर पटेल की पारी से मिला भारत को ऑक्सीजन

इसके बाद मैदान पर आते ही अक्षर पटेल ने कुछ आक्रामक शॉट्स खेले, लेकिन उनकी पारी 27 रनों पर सिमट गई। उन्होंने 30 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाया। उनके और विराट के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी हुई। इसमें 27 रन अक्षर के थे। शतक की ओर बढ़ते विराट कोहली एक बार फिर धीमे पड़ गए थे। अक्षर 35वें ओवर में आउट हुए, जबकि अगले लगभग 5 ओवर तक कोई बाउंड्री नहीं लगी। विराट कोहली हालांकि 84 रनों पर आउट हुए गए, जबकि इसके बाद केएल राहुल और हार्दिक पंड्या ने उनका अधूरा काम पूरा कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट बोला-राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम

> इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र सरकार जरूरी गाइडलाइन बनाए

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इस रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्यूपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच इस पर सुनवाई की। केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों से अस्पताल के दुकानों से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। >14

पहली बार उद्यमी बनने वाले पांच लाख को दो करोड़ रुपये तक का ऋण मिलेगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उद्योग जगत से कहा कि वे मात्र मूकदर्शक न बनें और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करके दुनिया की बढ़ती जरूरतों का लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने बजट के बाद नियामकीय, निवेश और कारोबार सुगमता सुधारों पर आयोजित वेबिनार में कहा, आज भारत स्थिर नीतियां और बेहतर कारोबारी माहौल प्रदान कर रहा है। मैं आपसे देश के विनिर्माण और निर्यात को आगे बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि उद्योग को अनुसंधान एवं विकास का उपयोग करके ऐसे अभिनव उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए जिनकी विदेशों में मांग है और इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया को एक भरोसेमंद साझेदार की जरूरत है... उद्योग को महज दर्शक नहीं रहना चाहिए, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवसर तलाशने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि इंजन बन गया है... देश ने कठिन समय में भी अपनी लचीलापन साबित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश भर में छह करोड़ से अधिक एमएसएमई को समय पर और कम लागत वाले ऋण तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए बजट के बाद आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार उद्यमी बनने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, वेबिनार एमएसएमई को विकास का इजन, निर्माण, निर्यात एवं परमाणु ऊर्जा मिशन और नियामक सुधार, निवेश व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विषयों पर केंद्रित रहा। पीएम मोदी ने इन कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

पीएमओ ने बताया कि वेबिनार का मकसद सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार विशेषज्ञों के लिए भारत की औद्योगिक, व्यापारिक और ऊर्जा रणनीतियों पर चर्चा का मंच प्रदान करना था।

तेलंगाना के बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर फैसले में देरी कर रहे स्पीकर

अब 25 मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को नोटिस जारी किया है। मामला विपक्षी दल- भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता से जुड़ा है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि विधायकों की अयोग्यता पर विधानसभा अध्यक्ष याचिकाओं पर फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। इस मामले में मंगलवार को संक्षिप्त सुनवाई के बाद कोर्ट ने नोटिस जारी किया। अब इस मामले में 25 मार्च को सुनवाई होगी।

सुनवाई से पहले जवाब दाखिल करना होगा

शीर्ष अदालत ने मंगलवार को तेलंगाना सरकार के साथ अन्य पक्षकारों से भी जवाब मांगा।

याचिकाओं पर सुनवाई जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में हो रही है। पीठ ने अगली सुनवाई की तारीख से पहले राज्य सरकार, स्पीकर के अधिकारी, तेलंगाना विधानसभा सचिव, भारत के चुनाव आयोग और दलबदलू विधायकों से जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती :

अदालत में दाखिल एक याचिका में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए तीन बीआरएस विधायकों की अयोग्यता पर तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। एक अन्य याचिका में दलबदल करने वाले सात विधायकों को लेकर अहम सवाल पूछे गए हैं।

निर्वाचन आयोग : सियासी दलों के साथ राज्य चुनाव मशीनरी नियमित बैठक करेगी

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने अहम दिशानिर्देश दिए हैं। अब सियासी दलों के साथ राज्य चुनाव मशीनरी नियमित बैठक करेगी। दोहरी वोटर आईडी पर टीएमसी के सवालों के बाद आयोग ने स्पष्टीकरण जारी किया, जिसे तृणमूल कांग्रेस ने खारिज कर दिया। टीएमसी के मुताबिक यह आयोग के अपने ही नियमों और दिशानिर्देशों के खिलाफ है।

राज्यों को 31 मार्च तक सभी मुद्दों पर रिपोर्ट देनी होगी :

राज्यों के चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने दिशानिर्देश दिए। आयोग ने मंगलवार को अपनी चुनाव मशीनरी से कहा कि राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक कर प्रक्रिया के अनुसार मुद्दों का समाधान करें। आयोग ने राज्यों से 31 मार्च तक सभी मुद्दों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट जारी करने को कहा है। वरिष्ठ नौकरशाह ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार संभालने के बाद केंद्रीय आयोग ने पहला ऐसा सम्मेलन आयोजित किया है। >14

सुरंग में क्षतिग्रस्त हुई कन्वेयर बेल्ट चालू हुई, बचाव कार्य में आएगी तेजी

नगर कर्नूल, 4 माई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग के अंदर कन्वेयर बेल्ट को ठीक कर लिया गया है और उसने मंगलवार को काम करना शुरू कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि इससे बचाव कर्मियों को सुविधा होगी और अंदर फंसे मलबे आदि को निकालने में आसानी और तेजी आएगी। कन्वेयर बेल्ट 22 फरवरी को हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस बीच दक्षिण मध्य रेलवे की विशेषज्ञ टीम ने सुरंग के अंदर बोरिंग मशीन के क्षतिग्रस्त प्लेटफॉर्म को काट दिया है। अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की ध्वस्त सुरंग के अंदर बचाव अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि सुरंग के अंदर फंसे हुए आठ लोगों को खोजने के प्रयासों में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। बचावकर्मी हर दिन तीन पालियों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मलबा हटाने और पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है। दरअसल सुरंग के अंदर भारी मात्रा में कीचड़ और पानी होने के कारण बचाव दलों के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। नगरकर्नूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड ने सोमवार को कहा था कि राज्य सरकार बचाव अभियान में बचाव दल को किसी भी खतरे से बचाने के लिए रोबोट तैनात करने पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से तत्काल बकाया राशि जारी करने का आग्रह किया

नई दिल्ली, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान खरीदे गए चावल के लिए 1,468.94 करोड़ रुपये की बकाया राशि वितरित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के साथ मंगलवार को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की और उनसे लंबित बकाया राशि तत्काल जारी करने का अनुरोध किया।

रेवंत रेड्डी ने प्रहलाद जोशी से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत आपूर्ति किए गए चावल के लिए 343.27 करोड़ रुपये की बकाया राशि जारी करने की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से सीएमआर डिलीवरी की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया।

आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि जहां तक इंटरनल सिक्योरिटी का प्रश्न है, उसके समक्ष हमें आतंकवाद, अलगाववाद, वामपंथी चरमपंथ, सांप्रदायिक तनाव, घुसपैठ और संगठित अपराध जैसे खतरे देखने को मिल रहे हैं। वहीं यदि बाहरी सुरक्षा की बात की जाए तो वहां भी हमारी अपनी अलग चुनौतियां हैं। हालिया समय में साइबर और स्पेस आधारित चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं।

राजनाथ सिंह ने यह बातें 'एडवांस टेक्नोलॉजी ऑन इंटरनल सिक्योरिटी' सेमिनार में कहीं। यह सेमिनार केंद्रीय गृह मंत्रालय और डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। यहां रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आंतरिक सुरक्षा, डिजास्टर मैनेजमेंट और ओवरऑल नेशनल सिक्योरिटी को ध्यान में रखकर दिल्ली के डीआरडीओ परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन डीआरडीओ और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बीच सहयोग को लेकर था।

रक्षा मंत्री के मुताबिक, डीआरडीओ मूलतः दो प्रकार की तकनीकी प्रणालियों पर कार्य करता है। एक तरफ यह हमारी सेनाओं यानी आर्मी, नेवी और एयर फोर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बड़े प्लेटफार्म की टेक्नोलॉजी डेवलप करता है। वहीं दूसरी तरफ डीआरडीओ ऐसी प्रणालियां भी विकसित कर रहा है जिनका इस्तेमाल दूसरी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी किया जा सकता है। इस श्रेणी में छोटे हथियार, बुलेट प्रूफ जैकेट, संचार के उपकरण, सर्विलांस उपकरण, ड्रोन और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। रक्षा मंत्री का कहना है कि गृह मंत्रालय और डीआरडीओ को मिलकर इस प्रकार के उत्पादों की एक सूची बनानी चाहिए, जिस पर दोनों मिलकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें। रक्षा मंत्री ने कहा, आजादी के बाद से देखें तो भारत, चूंकि आर्थिक रूप से उतना समृद्ध नहीं था, इसलिए हमारा अधिकांश ध्यान अपनी मूलभूत जरूरतों पर टिका रहता था। अब इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कह सकते हैं कि हम आपदाओं पर और उसके प्रभाव पर उतना ध्यान नहीं देते थे। हम एक तरह से आपदाओं और उनसे होने वाले जान-माल के नुकसान को अपनी नियति मान ली थी।

नियति नहीं भी मानें तो भी, अनेक कारणों से इनके ऊपर अध्ययन नहीं कर पाते थे। लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है। उन्होंने कहा, आज भारत समृद्ध हो रहा है। आज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी टेक्नोलॉजी की भूमिका बढ़ रही है। आप लोगों को याद होगा कि मौसम की भविष्यवाणी करने वाले अच्छे मैकेनिज्म के आने से पहले, साइक्लोन से जान-माल की बड़ी क्षति होती थी।

धनंजय मुंडे ने छोड़ा मंत्री पद

> सीएम फडणवीस को सौंपा इस्तीफा > कराड की वजह से लेना पड़ा फैसला

मुंबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को महाराष्ट्र कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। उनके सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए कहा था। इस्तीफे की खबर आने के बाद फडणवीस ने कहा कि मुंडे ने अपना इस्तीफा मुझे सौंप दिया है। मैंने उनका इस्तीफा मंजूर कर के आगे की कार्रवाई के लिए उसे राज्यपाल को भेज दिया है। इस बीच महाराष्ट्र के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद एनसीपी नेता धनंजय मुंडे ने ट्वीट किया, 'मेरी पहले दिन से ही दृढ़ मांग रही है कि बीड जिले के मासाजोग में संतोष देशमुख की नृशंस हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। कल जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर मेरा दिल बहुत दुखी हुआ। इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। साथ ही न्यायिक जांच का भी प्रस्ताव रखा गया है। पिछले कुछ दिनों से मेरी तबीयत ठीक नहीं चल रही है। इसे देखते हुए डॉक्टरों ने मुझे अगले कुछ दिनों तक इलाज कराने की सलाह दी है। इसलिए चिकित्सा कारणों से भी मैंने कैबिनेट में अपने मंत्री पद से इस्तीफा मुख्यमंत्री को सौंप दिया है।'

अजित पवार ने सोमवार रात को फडणवीस से मुलाकात की

सूत्रों के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार रात को फडणवीस से मुलाकात की और देशमुख हत्या मामले में अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) की ओर से दायर आरोपपत्र और दो अन्य संबंधित मामलों के नतीजों पर चर्चा की, जिनमें कराड को आरोपी नंबर एक बनाया गया है।

27 फरवरी को 1,200 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल

राज्य अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने 27 फरवरी को देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों में बीड जिले की एक अदालत में 1,200 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। सरपंच की हत्या, अवाडा कंपनी से पैसे ऐंठने की कोशिश और कंपनी के सुरक्षा गार्ड पर हमला करने के तीन अलग-अलग मामले बीड के केज थाने में दर्ज किए गए हैं।

अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया है। अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उन पर मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक आरोपी अब भी फरार है।

अलग हुई पहली पत्नी ने किया था दावा

इससे पहले महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे की अलग हुई पहली पत्नी करुणा शर्मा-मुंडे ने रविवार को बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा था कि वरिष्ठ नेताओं ने उनका इस्तीफा मांगा है और राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले इसकी घोषणा की जाएगी। हालांकि, इस्तीफे की बात बजट सत्र के दौरान की गई।

क्या है मामला?

बीड के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को पिछले साल नौ दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली के प्रयास को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया था। उन्हें प्रताड़ित भी किया गया था और बाद में उनकी हत्या कर दी गई थी।

भुजबल बोले-मुंडे ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दिया

मुंबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता छगन भुजबल ने मंगलवार को कहा कि धनंजय मुंडे ने नैतिक आधार पर महाराष्ट्र के मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। अभी यह साबित नहीं हुआ है कि वह सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल हैं। इस बीच मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री के रूप में धनंजय मुंडे का इस्तीफा पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मांग की कि सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के लिए उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। इससे पहले मुंडे ने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कुछ दिन पहले ही उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को बीड के सरपंच की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड बताया गया था। राकांपा विधायक मुंडे को मंत्रिमंडल से हटाने की विपक्ष की जोरदार मांग के बाद यह इस्तीफा सामने आया है।

जयंत पाटिल बोले, फडणवीस सरकार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगा एमवीए

मुंबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। बीड सरपंत संतोष देशमुख हत्याकांड के चलते महाराष्ट्र की सियासत में गरमा गई है। मंगलवार को मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे के बाद सरकार विपक्ष के निशाने पर है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता जयंत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे की जानकारी विधानसभा को नहीं दी, जबकि बजट सत्र चल रहा है। मंगलवार को सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडियाकर्मियों को मुंडे के इस्तीफे के बारे में जानकारी दी और बताया कि उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। जयंत पाटिल ने कहा, यह सदन के विशेषाधिकार का उल्लंघन है। इस तरह के महत्वपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी पहले सदन में दी जानी चाहिए थी। हम विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएंगे। एमवीए में शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी), कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया।

माधबी बुच पर एफआईआर दर्ज नहीं होगी, हाईकोर्ट की रोक

शेयर फ्रॉड के आरोप लगे थे, स्पेशल कोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया था

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज यानी, मंगलवार (4 मार्च) को रोक लगा दी। बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा- शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद, ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए, आदेश पर रोक लगा दी गई है।

मुंबई के एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

शिकायतकर्ता का आरोप, हेराफेरी से उन्हें नुकसान हुआ

श्रीवास्तव ने दावा किया कि उन्होंने और उनके परिवार ने 13 दिसंबर 1994 को कैल्स रिफाइनरीज लिमिटेड के शेयरों में निवेश किया था, जिसमें उन्हें भारी नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सेबी और बीएसई ने कंपनी के अपराधों की अनदेखी की। इसे कानून के खिलाफ लिस्ट किया और निवेशकों के हितों की रक्षा करने में विफल रहे। कैल्स रिफाइनरीज़ को 1994 में लिस्टिंग की अनुमति दी गई थी और अगस्त 2017 में ट्रेडिंग से सस्पेंड कर दिया गया था। ये शेयर आज तक सस्पेंडेड है।

एसीबी को 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा था

स्पेशल कोर्ट के जज बांगर ने मुंबई के एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी), भारतीय दंड संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अदालत ने एसीबी को 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को भी कहा था।

13 साल की रेप पीड़ित को अबॉर्शन की अनुमति

उड़ीसा हाईकोर्ट बोला-गर्भावस्था से बच्ची की जिंदगी को खतरा

कटक, 4 मार्च (एजेंसियां)। उड़ीसा हाईकोर्ट ने 6 महीने से ज्यादा (27 हफ्ते) की गर्भवती 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात (अबॉर्शन) की अनुमति दी है। वह सिकल सेल एनीमिया और मिर्गी से पीड़ित है। कोर्ट ने माना कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के जीवन और सेहत को गंभीर खतरा है। बीमारियों की वजह से बच्चे को जन्म देना उसके लिए बहुत खतरनाक हो सकता था। ओडिशा के कंधमाल की रहने वाली पीड़ित अनुसूचित जाति (एससी) से है। पिछले साल एक लड़के ने उसके साथ कई बार रेप किया। धमकियों के कारण उसने किसी को कुछ नहीं बताया। जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी, तब मां उसे डॉक्टर के पास ले गई। इसके बाद रेप का मामला सामने आया। 11 फरवरी को पीड़ित के माता-पिता ने एफआईआर दर्ज करवाई। बच्ची की मेडिकल जांच हुई। जांच में प्रेग्नेंसी और उससे जुड़ी हेल्थ समस्याओं की रिपोर्ट सामने आई।

'किसी को मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं'

> आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। 'मियां-टियां' या 'पाकिस्तानी' कहना भले सुनने में ठीक नहीं लगता हो, लेकिन ऐसे मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय 'पाकिस्तानी' कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। अदालत ने 11 फरवरी को दिए अपने फैसले में कहा, निस्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं। लेकिन, इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती। इसलिए, हमारा मानना है कि अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 298 के तहत आरोपमुक्त किया जाना चाहिए।

शिकायतकर्ता, जो एक उर्दू अनुवादक और सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत कार्यवाहक क्लर्क है, ने अपीलीय प्राधिकारी के आदेश के बाद आरोपी सिंह को व्यक्तिगत रूप से कुछ जानकारी दी थी। सिंह ने शुरू में दस्तावेज स्वीकार करने में अनिच्छा दिखाई, लेकिन अंततः उन्होंने दस्तावेज स्वीकार कर लिए, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने शिकायतकर्ता के धर्म का हवाला देते हुए उसे अपशब्द कहे। यह भी आरोप लगाया गया कि सिंह ने शिकायतकर्ता को डराने और लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के इरादे से उसके खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग किया। इसके परिणामस्वरूप सिंह के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई, जिनमें धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करना), 506 (आपराधिक धमकी), 353 (लोक सेवक को कर्तव्य से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) शामिल हैं।

मजिस्ट्रेट ने मामले की समीक्षा करते हुए धारा 353, 298 और 504 के तहत आरोप तय किए, जबकि साक्ष्य के अभाव में धारा 323 और 506 के तहत आरोपों को खारिज कर दिया। सिंह की आरोपमुक्ति की याचिका को पहले सत्र न्यायालय और बाद में राजस्थान उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्हें सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

हिमस्खलन हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

चमोली, 4 मार्च (एजेंसियां)। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने 28 फरवरी को माणा में हुए हिमस्खलन हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। जोशीमठ के एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई थी। बता दें कि माणा के पास बीते शुक्रवार को भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसके चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। दूसरे दिन रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव बरामद हुए थे। उसके बाद लापता चल रहे चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए रविवार को फिर तीनों रेस्क्यू टीमों ने सर्च अभियान चलाया। दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई।

केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़ मामला, 4 आरोपी गिरफ्तार

3 की तलाश जारी, आदित्य ठाकरे बोले महिला पर अत्याचार करने वालों को फांसी दो

मुंबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, 3 आरोपियों की तलाश अब भी जारी है। जलगांव एसपी महेश्वर रेड्डी के मुताबिक, छेड़छाड़ मामले में 2 मार्च को मुक्ताईनगर पुलिस स्टेशन में 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इनमें से 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनका नाम अनिकेत भोई, किरण माली, अनुज पाटिल है। आरोपी अनिकेत का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। चौथा आरोपी नाबालिग है। महेश्वर रेड्डी ने कहा- 3 आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। बचे आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना की अच्छी से जांच की जाएगी और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की कोशिश करेंगे।

आदित्य बोले-आरोपी को चौराहे पर फांसी देनी चाहिए

मामले को लेकर मीडिया से बातचीत में शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा- कोई भी पार्टी का कार्यकर्ता, जो महिला के साथ अत्याचार करता है। उसे आतंकवादी माना जाना चाहिए और चौराहे पर फांसी देनी चाहिए। ऐसे लोगों को सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी पार्टी से हो।

केंद्रीय मंत्री ने खुद छेड़छाड़ मामले की शिकायत दर्ज की थी

दरअसल, रविवार को मामला सामने आया था कि महाराष्ट्र के जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की है। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। रक्षा खडसे ने मांग की है कि पुलिस छेड़छाड़ करने वालों को गिरफ्तार करे। उन्होंने कहा कि इतनी सुरक्षा के बीच लोगों के साथ इस तरह से छेड़छाड़ होती है तो आम लड़कियों के साथ क्या होता होगा। एसडीपीओ कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने पोक्सो (प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फॉर्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मेले के दौरान कुछ लड़कों ने रक्षा खडसे की बेटी से छेड़खानी की। साथ मौजूद पुलिस सुरक्षाकर्मी का कॉलर पकड़ा और उसे भी धमकी दी। लड़के रक्षा खडसे की बेटी और उसकी सहेलियों का वीडियो बना रहे थे। जब गार्ड ने देखा तो उसने लड़कों को रोका। गार्ड ने जब मोबाइल जब्त कर जांच की। इसके बाद लड़कों ने सुरक्षाकर्मी से मारपीट शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मी ने युवकों को बताया कि यह लड़की केंद्रीय मंत्री की रिश्तेदार है, लेकिन युवक नहीं रुके। रक्षा खडसे ने कहा, यह घटना गंभीर है। मैं गुजरात जा रही थी तो बेटी को सुरक्षा गार्ड और कार्यालय कर्मचारियों के साथ भेज दिया था। उसके दोस्त भी साथ थे। वहां पहुंचने पर कुछ बदमाशों ने उनका पीछा किया।

खबरें जरा हटके

दुनिया का सबसे महंगा गुलाब, जिसे खरीदने में बिक जाएंगे गांव के गांव-कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश!

गुलाब दुनिया के सबसे सुंदर फूलों में से एक माना जाता है. इससे सुंदरता और प्रेम का प्रतीक यूं हीं नहीं माना जाता है. लेकिन सुंदरता के अलावा इसकी खुशबू भी इसे खास बनाती है. अक्सर कई गुलाब के फूल बहुत ही कीमती हो जाते हैं. इनकी बढ़ती कीमत की वजह इनकी सुंदरता के अलावा इनके उगाने की दुर्लभता और खुशबू भी मानी जाती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा फूल गुलाब का ही एक फूल माना जाता है. उसका नाम भी कुछ रोमांटिक ही है. जूलियट रोज. उस एक फूल की कीमत करोड़ों तक पहुंच गई थी.

15 साल लगे थे उगाने में

इस गुलाब को डेविड ऑस्टिन नाम के शख्स ने कई गुलाबों से मिला कर बनाया था. इसे उगने में करीब 15 साल का समय लगा था. आज भले ही 4-6 हफ्ते में उग जाता है. लेकिन अब भी यह खास तरह के हालात और खास देखभाल से ही पनप पाता है. यह देखने में तो बहुत ही सुंदर तो है ही. इसके मीठी, फलदार खुशबू इसे और भी खास बना देती है.

कम आकर्षक नहीं है इसका रंग

इस गुलाब को देख कर आपको भले ही इसकी बहुत ज्यादा कीमत पर यकीन ना हो, पर इसकी बेमिसाल खूबसूरती आपका मन मोहे बिना नहीं रहेगी. पीच कलर की इसकी पंखुड़ियां बहुत ही बेहतरीन किस्म का कॉम्बिनेशन बनाती दिखती हैं. जिसमें किनारे पर सफेद रंग और बीच में पीच कलर ज्यादा खिलता दिखता है. जूलियट रोज की कीमत के अलगअलग आंकलन हुए हैं.

साल 2006 में एक प्रदर्शनी में बिका यह रोज दुनिया का सबसे महंगा रोज हो गया था, और यह रिकॉर्ड आज तक कायम है. बताया जाता है कि उस समय उसकी कीमत 15.8 मिलियन डॉलर थी. जो करीब आज की कीमतों में अरब 15 करोड़ 30 लाख रुपये थी. लेकिन यह फूल आज भी इतिहास मे सबसे महंगे फूल के रूप में दर्ज है.

हेलिकॉप्टर से दूल्हे की एंट्री, 100 गाड़ियों का काफिला

हाथी-घोड़े-ऊंट के साथ पशुपालक के बेटे की बारात!

गुजरात के अमरेली जिले में एक अनोखा नजारा देखने को मिला जब एक हेलिकॉप्टर गांव के आसमान में गूंज उठा. गांव के लोग हेलिकॉप्टर को देखने के लिए उमड़ पड़े. यह हेलिकॉप्टर सावरकुंडला के नाल गांव के पशुपालक हर्सुरभाई कसोटिया के बेटे हितेश की शादी के मौके पर आया था. हितेश बारातियों के साथ हेलिकॉप्टर में सवार होकर आंकोलडा गांव में अपनी शादी के लिए पहुंचे थे. दूल्हे की बारात भी शाही अंदाज में 100 काली फोर व्हीलर गाड़ियों के काफिले के साथ नाल गांव से आंकोलडा गांव पहुंची थी.

आंकोलडा गांव में दूल्हा हितेश कसोटिया की बारात निकली तो मानो कोई शाही शादी का माहौल था. 3 हाथी, 6 ऊंट और 10 घुड़सवारों के साथ बैंड-बाजे और पटाखों के बीच दूल्हा घोड़े पर सवार हुआ. पशुपालक पिता हाथ में रुपये उड़ाते हुए और ढोल पर पैसे लुटाते हुए सुरक्षा के बीच नजर आए. पशुपालक हर्सुर कसोटिया ने अपने इकलौते बेटे की शादी में इस खुशी का माहौल बनाया था. गांव में मानो किसी धनवान व्यक्ति की शादी हो रही हो. बेटे की शादी में हाई-प्रोफाइल खर्च करके पिता ने अपने प्रेम और खुशी का परिचय दिया जो उनके भाई की आंखों में साफ झलक रहा था. नाल गांव के एक पशुपालक ने अपनी 3 बेटियों और 1 बेटे की शादी शाही अंदाज में करके नई मिसाल कायम की है. हर्सुरभाई कसोटिया ने अपने बच्चों की शादी ऐसे ठाठ-बाट से की कि जो पूरे गांव के लिए चर्चा का विषय बन गया. हेलिकॉप्टर, हाथी, घोड़े, और ऊंट सहित वैभवशाली चीजों के साथ बारात निकली तो लोग देखते ही रह गए. मालधारी समाज में इस तरह की शाही शादी पहले कभी नहीं हुई थी और इस कारण भी यह शादी बहुत खास बन गई. महेश कसोटिया ने बताया कि उनके भाई की शादी शाही अंदाज में हुई थी. शादी के मौके पर 3 बहनों को 18 लाख रुपये का कर्ज दिया गया था. रात में फूलों की बारिश की गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए थे. ढोल, डीजे, बैंड-बाजे और शहनाई की धुनों के बीच पूरा गांव गूंज उठा था. फूलों की बारिश में 30 से अधिक घोड़े, 6 ऊंट और 3 हाथी शामिल हुए थे. दूल्हा सुबह हेलिकॉप्टर में बारात लेकर गया था और शाम को हेलिकॉप्टर में वापस लौटा था.

स्कूली छात्र ने खुद ही बना लिया फोन, पुराने मोबाइल और 3डी प्रिंटर से ली मदद, कंपनियां भी टैलेंट पर हैरान!

कई बार हम सोच ही नहीं पाते हैं कि बच्चों में कितनी प्रतिभा छिपी हुई होती है. खासतौर पर जब तक हम इसे प्रत्यक्ष तौर पर देख नहीं लेते. पड़ोसी देश चीन से एक ऐसे ही प्रतिभाशाली बच्चे का वीडियो वायरल हो रहा है, जो है तो टीनएजर लेकिन उसने आविष्कार कर डाला है, बाहरी तौर पर मुड़ने वाली स्क्रीन से बने फोन का. ये काम आज तक फोन कंपनियों ने भी नहीं किया था. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक स्कूल में पढ़ने वाले लड़के ने अपनी प्रतिभा से दुनिया को दंग कर दिया है. उसने हाल ही में अपना बनाया हुआ एक फोन सोशल मीडिया पर दिखाया है, जो वाकई कमाल है. बड़े-बड़े लोग इसे देखकर दंग हो रहे हैं. लड़के के क्लिप को देखने के बाद शाओमी और वीवो जैसी कंपनियों ने भी रिएक्ट किया है और उसे भविष्य का बेहतरीन इंजीनियर करार दिया है. सेंकडरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र ने अपने लिए खुद का मोबाइल फोन तैयार कर लिया है. सोशल मीडिया पर उसने जब ये फोन दिखाया और इसके बारे में बताया तो फोन बनाने वाली कंपनियां भी हैरान रह गईं. चीन के हुबेई प्रांत में रहने वाले ला बोवेन नाम के लड़के ने ये कमाल किया है. ला बोवेन यिलिंग हाई स्कूल में पढ़ता है और उसने 16 फरवरी को सोशल मीडिया पर अपनी एक वीडियो क्लिप शेयर की है, जिसमें वो अपना बनाया हुआ स्मार्टफोन दिखा रहा है, वो वर्टिकली फोल्ड भी होता है. उसके इस वीडियो को 47 लाख से भी ज्यादा लोगों ने देखा है और 4 लाख से ज्यादा लोग इसे पसंद कर चुके हैं.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

युविचार

परेशानिया आये तो सब्र से काम ले 5जल्दबाज़ी में अक्सर फ़ैसले ग़लत होते है।

इको टूरिज्म को विकसित करने के निर्देश

टाइगर रिजर्व क्षेत्र देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करने पर भी हुई चर्चा

बजट पूर्व बैठक में डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क और मंत्री कोंडा सुरेखा ने की बैठक

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क और मंत्री कोंडा सुरेखा ने सुझाव दिया कि अधिकारियों को सम्मक्का और सरलम्मा जतारा गोदावरी पुष्कर को भव्य तरीके से आयोजित करने की योजना तैयार करनी चाहिए। बजट पूर्व बैठक के तहत मंगलवार को डॉ. बीआर अंबेडकर सचिवालय में देवदया, वन एवं पर्यावरण विभाग की बैठक हुई।

अधिकारियों को योजना तैयार करने का आदेश दिया गया है ताकि सैकड़ों करोड़ रुपये से किये जा रहे काम भविष्य में काम आएं। उन्होंने कहा कि यदि कार्यों को स्थाई रूप से करना है तो अधिकारियों को अभी से संबंधित कवायद शुरू कर देनी चाहिए। डिप्टी सीएम और मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को देश भर के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए योजना तैयार करने का निर्देश दिया क्योंकि राज्य में बाघ आरक्षित वन क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि इससे आईटी कर्मचारियों को विकास करके अपना सप्ताहांत बिताने में मदद मिलेगी। टाइगर रिजर्व क्षेत्रों और शहरी पार्कों को विकसित करने से मंदिर की शाखाओं को सुविधा मिलेगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि पुरातत्व विभाग को प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों के माध्यम से लोगों में धर्मनिष्ठा की भावना बढ़ेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि लोगों में धर्मनिष्ठा की भावना बढ़ेगी तो अनुशासन का मौका मिलेगा। मंत्रियों ने राज्य के छह प्रमुख मंदिरों के विकास के लिए योजना तैयार करने पर चर्चा की। वन अधिकार अधिनियम के माध्यम से, हमने आदिवासियों द्वारा खेती की जाने वाली बंजर भूमि का मालिकाना अधिकार दिया है, लेकिन वे खेती कर रहे हैं, लेकिन हमने पाया है कि वन विभाग के साथ समन्वय की कमी के कारण कुछ कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि आदिवासी किसानों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न फसलों की खेती के साथ वन क्षेत्र बढ़ाने, आदिवासी किसानों द्वारा सौर ऊर्जा के माध्यम से पंप सेट का उपयोग करने के कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए कुछ दिनों के भीतर वन, जनजातीय, बागवानी, कृषि और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण ने हरियाली की रक्षा के लिए बड़ी संख्या में कार्य करने की सलाह दी। डिप्टी सीएम ने रोजगार गारंटी योजना का उपयोग कर चेक डैम और अन्य कार्य करने का सुझाव दिया। हैदराबाद महानगर और उसके आसपास 59 शहरी पार्क हैं, जिन्हें दबाव में जी रहे शहर के लोगों को राहत देने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। वन महोत्सव कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाना चाहिए और छात्रों को भागीदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोटे पौधों के बजाय ढाई फीट से कम ऊंचाई के पौधे लगाने से बड़ी संख्या में जीवित रहने की संभावना रहती है। बैठक में विशेष मुख्य सचिव रामकृष्ण राव, वन विभाग के प्रमुख सचिव अहमद नदीम, देवदया विभाग की प्रमुख सचिव शैलजा राम अय्यर, वन विभाग के मुख्य संरक्षक डोबरियाल और अन्य ने भाग लिया।

21 मामलों में शामिल एक बदमाश गिरफ्तार

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। टास्क फोर्स (दक्षिण-पूर्व) की टीम ने मंगलवार को बंदलागुडा में कई मामलों में शामिल एक बदमाश और जमीन हड़पने वाले को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ 11 गैर-जमानती वारंट लंबित थे और वह पिछले दो सालों से फरार था। गिरफ्तार संदिग्ध अली बिन महमूद जाबरी उर्फ अली जाबरी (32) चंद्रायनगुट्टा के बंडलागुडा में इस्माइल नगर का निवासी है। बंडलागुडा पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ एक राउडी शीट रखी गई है।

पुलिस के अनुसार, अली जाबरी हैदराबाद और राचकोंडा पुलिस आयुक्तालयों के अंतर्गत भूमि हड़पने, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी और जालसाजी सहित लगभग 21 मामलों में शामिल था। वह लंबे समय से फरार है और अदालती सुनवाई से बच रहा है, जिसके लिए अदालतों ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। उनके खिलाफ चंद्रायनगुट्टा, बंडलागुडा, कमाटीपुरा और पहाड़ीशरीफ पुलिस थानों में मामले दर्ज किए गए।

इंटरमीडिएट परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गईं व्यवस्थाएं

मंचेरियल, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले में इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से 20 मार्च तक सुबह 9 से 12 बजे के बीच सुचारू रूप से संचालित करने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि आदिलाबाद, निर्मल, मंचेरियल और कुमराम भीम आसिफाबाद जैसे चार जिलों में इंटरमीडिएट प्रथम, द्वितीय वर्ष और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जुड़े 56,215 छात्र परीक्षा देंगे, जबकि 96 केंद्र बनाए गए हैं। पीने के पानी, बिजली, पंखे, फर्नीचर आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं का प्रबंध किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर राजर्षि शाह के निर्देशानुसार आदिलाबाद जिले में ग्रामीण छात्रों की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगी। केंद्रों पर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी गई है, जबकि ज़ेरॉक्स केंद्र बंद रहे। नकल रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं। छात्रों को 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने की सलाह दी गई। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घड़ी पहनना और मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित कर दिया गया। निजी कॉलेजों के प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि वे छात्रों को हॉल-टिकट देने से मना करके उन्हें परेशान न करें।

छात्रों को उनके माता-पिता के मोबाइल फोन पर वन-टाइम पासवर्ड मिलेगा, जिससे वे हॉल-टिकट डाउनलोड कर सकेंगे। चिकित्सा संबंधी आपात स्थितियों से निपटने के लिए केंद्रों पर चिकित्सा शिविर बनाए गए थे। छात्रों और निरीक्षकों की गलत हरकतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की गई थी।

भाजपा ने शिक्षक एमएलसी उम्मीदवार की जीत का जश्न मनाया

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा की राज्य इकाई ने आज शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एमएलसी सीट के विजेता मलका कोमुरैया की करीमनगर, आदिलाबाद, मेदक और निजामाबाद सीट से जीत का जश्न मनाया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। पार्टी के राज्यसभा सांसद डॉ.के. लक्ष्मण और पार्टी के अन्य नेताओं ने जश्न में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मलका कोमुरैया की जीत सीएम रेवंत रेड्डी की सरकार के पतन की शुरूआत है और उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार के जीओ 317 के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और राज्य के शिक्षकों को अपना समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि कोमुरैया राज्य विधान परिषद में शिक्षकों की समस्याओं को उजागर करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के लोगों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए तैयार है। कोमुरैया ने अपनी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया।

गोदावरी का पानी झील में बहने पर ग्रामीणों ने की गंगा आरती

सिद्दीपेट, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। रंगाईपल्ली के किसानों ने कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (केएलआईएस) का पानी गांव की झील में पहुंचने पर झील पर गंगा आरती कर जश्न मनाया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पूर्व मंत्री टी हरीश राव का एक फ्लेक्स बैनर दिखाया, जिसमें उन्हें गोदावरी के पानी का श्रेय दिया गया। ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं से गोदावरी के पानी में डुबकी लगाने को कहा, ताकि वे देख सकें कि चंद्रशेखर राव ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान केएलआईएस के साथ क्या बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि मार्च के मध्य में झीलों में पानी बहना कांग्रेस नेताओं को जवाब था जो झूठा प्रचार कर रहे थे कि केएलआईएस ढह गया है। विटालापुर और कोथापल्ली के ग्रामीण भी इस उत्सव में शामिल हुए।

नक्सलियों ने की पूर्व विधायक के रिश्तेदार की हत्या

कोत्तागुडेम, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में माओवादियों ने एक पूर्व विधायक के रिश्तेदार को पुलिस मुखबिर बताकर उसकी हत्या कर दी। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण जी चव्हाण ने मंगलवार को मीडिया को बताया कि चिंतागुफा थाना क्षेत्र के पेंटापाड़ गांव में सोमवार रात कलमू हिड़मा (65) की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हिड़मा पूर्व विधायक मनीष कुजाम के ससुर का भाई था। चिंतागुफा पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि इलाके की तलाशी के लिए पुलिस की एक टीम भेजी गई है। इस साल बस्तर क्षेत्र में माओवादियों ने आठ ग्रामीणों की हत्या की है, जबकि 2024 में 68 लोगों की हत्या की गई है, जिनमें से अधिकांश को पुलिस मुखबिर बताया गया है।

श्रद्धालुओं के मंगलसूत्र चुराने वाले 7 सदस्यीय गिरोह को पकड़ा गया

मेदक, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो कथित तौर पर एडुपयाला के श्री वनदुर्गा भवानी मंदिर में महिला श्रद्धालुओं से सोने के मंगलसूत्र चुरा रहा था। मंगलवार को नियमित जांच के दौरान पपन्नापेट पुलिस ने मंदिर परिसर में एक ऑटो में संदिग्ध रूप से बैठे सात लोगों से पूछताछ की। जब उन्होंने विरोधाभासी जवाब दिया तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। आरोपियों ने माना कि वे एडुपयाला मंदिर परिसर में कई चोरी के मामलों में शामिल थे। पुलिस ने अलग-अलग महिलाओं से चुराए गए 22 से 25 ग्राम वजन के पांच मंगलसूत्र बरामद किए।

बस चालक पर ऑटो चालक ने किया हमला

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। वनस्थलीपुरम में मंगलवार को एक ऑटो-रिक्शा चालक ने टीजीएसआरटीसी बस चालक पर कथित तौर पर हमला किया। रिपोर्टों के अनुसार, ऑटो-रिक्शा चालक बालाजी ने बस चालक रमेश पर तब हमला कर दिया, जब बस ने वनस्थलीपुरम मुख्य सड़क के पास ऑटो-रिक्शा का रास्ता रोक दिया। बालाजी ने पनामा 'एक्स' रोड पर बस रोकी, बस में चढ़े और बस चालक से बहस की। इसके बाद उसने गाली-गलौज की और मारपीट की। इस घटना में चालक के चेहरे और अन्य हिस्सों पर चोटें आईं। वनस्थलीपुरम पुलिस जांच कर रही है।

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें ट्विटर@SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की विविध सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

PUB/0225

प्रपत्र 10-01

सार्वजनिक अधिसूचना

इसके द्वारा सभी रेल लाइनों के उपयोगकर्ताओं एवं दक्षिण मध्य रेलवे के निम्नलिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित परिसरों को, सूचित किया जाता है कि, 25000 वोल्ट, 50एचजेड, ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स को, तत्संबंधित सेक्शन के निर्धारित तिथि को या इसके बाद उर्जावान(एनर्जाइज) किया जायेगा। इसके चलते तत्संबंधित तिथि या वही तिथि से ओवरहेड ट्रैक्शन वायर्स को, सभी समय पर सक्रिय माना जायेगा तथा उपरोक्त ओवरहेड लाइन के परिसर में न कोई अनधिकृत व्यक्ति जा सकेगा या न कोई कार्य ही कर सकेगा।

सेक्शन	तिथि
सिकंदराबाद डिवीजन के डोर्नकल जंक्शन-मणुगुरु सेक्शन में ओएचइ मास्ट लोकेशन से 1/21ए (किमी/सीएच:01/864.00) से 02/14 (किमी/सीएच:02/556.40) के डोर्नकल जंक्शन एवं पोचाराम स्टेशनों के बीच पहले डायवर्ट की गयी लाइनों के स्थायी बहाली का विद्युतीकरण करना।	07-03-2025

A0290 वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद

इडली में प्लास्टिक शीट से रहें सावधान

एफएसएसएआई की सलाह

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। अगली बार जब आप नाश्ते के लिए गरमागरम इडली खाने के लिए अपनी पसंदीदा 'बंडी' में जाएं, तो यह सुनिश्चित कर लें कि मालिक ने इडली पकाने के लिए प्लास्टिक शीट का उपयोग नहीं किया है, जो कि एक खतरनाक प्रवृत्ति है और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। परंपरागत रूप से, बंडी मालिकों और यहां तक कि छोटे भोजनालयों और रेस्तराओं द्वारा इडली को भाप में पकाने की प्रक्रिया में कपड़े का उपयोग किया जाता है। हालांकि, हाल ही में एक खतरनाक प्रवृत्ति

में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को ऐसे मामले मिले जहां बेंगलुरू में इडली को भाप में पकाने की प्रक्रिया में प्लास्टिक शीट का उपयोग किया गया था।

उच्च तापमान पर इडली को भाप में पकाने में प्लास्टिक शीट का उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है, क्योंकि गर्म प्लास्टिक खाने की चीजों में हानिकारक रसायन छोड़ता है। इडली को भाप में पकाने के अलावा, प्लास्टिक शीट पर गर्म खाना परोसना भी काफी जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक रसायन खाने की चीजों में मिल सकते हैं। हाल ही में जारी एक सार्वजनिक चेतावनी में, एफएसएसएआई ने कहा कि निम्न-श्रेणी का प्लास्टिक उच्च तापमान के संपर्क में आने पर बिस्फेनॉल ए (बीपीए), फथलेट्स और अन्य रसायनों जैसे विषैले पदार्थ छोड़ सकता है और खाद्य पदार्थों में घुलकर प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव पैदा कर सकता है।

सायरन बजाती एम्बुलेंस में ले जाया जा रहा था कुत्ता

ड्राइवर पर मामला दर्ज कर, वाहन जब्त

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। सायरन के अनावश्यक और अनाधिकृत उपयोग को रोकने के लिए वाहनों की जांच कर रहे यातायात पुलिस अधिकारी उस समय हैरान रह गए, जब उन्हें सायरन बजाती एक एम्बुलेंस मिली, जिसमें पिंजरे में एक कुत्ता ले जाया जा रहा था। मंगलवार को वेस्ट जोन ट्रैफिक पुलिस ने बंजारा हिल्स के पास सायरन के अनाधिकृत इस्तेमाल की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया, जब उन्होंने देखा कि एक सायरन बजाती एम्बुलेंस तेजी से आगे बढ़ रही है। अधिकारियों ने उसे सिर्फ यह देखने के लिए रोका कि क्या उसमें कोई मरीज है, लेकिन पिंजरे में एक कुत्ता देखकर वे अचंभित रह गए।

एम्बुलेंस चालक लक्ष्मीनारायण ने बताया कि वह कुत्ते को हिमायतनगर से ला रहा था और कुत्ते की नसबंदी कराने के लिए मदीनागुड़ा स्थित पशु चिकित्सालय जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने एम्बुलेंस को जब्त कर लिया और चालक के खिलाफ सायरन के अनावश्यक उपयोग का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सायरन का इस्तेमाल केवल जानलेवा स्थितियों में और गंभीर रूप से बीमार लोगों को ले जाते समय ही किया जाना चाहिए। हाल ही में, निजी वाहनों में भी सायरन का इस्तेमाल पाया गया है और कुछ मामलों में, एम्बुलेंस चालक सिर्फ इसलिए सायरन का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि उनके वाहन में सायरन लगा हुआ है।

दो दशक बाद भी चोरी हुए 'आलम' का कोई सुराग नहीं

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। दो दशक से अधिक समय बीत चुका है और दारुलशिफा स्थित अजा खाना जहरा से ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के 'आलम' (मानक) के गायब होने या आधिकारिक रूप से चोरी होने का रहस्य बरकरार है। 11 अप्रैल 2003 को अज्ञात व्यक्तियों ने कथित रूप से ऐतिहासिक आशूरखाना में प्रवेश किया था (जो निजाम की मां अमतुल जेहरा बेगम) जिन्हें मदार-ए-दक्कन (दक्कन की मां) के नाम से भी जाना जाता है, की याद में बनाया गया था। यह स्थान दारुलशिफा मुख्य मार्ग पर स्थित है। तीन फीट लंबा यह ध्वज सोने और चांदी सहित पांच धातुओं के मिश्रण से बना है और इसे इमाम-ए-हुसैन के नाम पर निजाम सप्तम, मीर उस्मान अली खान ने 1956 में स्थापित किया था। ध्वज पर बहुमूल्य रत्नों से बना एक हार भी था। चोरी का पता अगली सुबह तब चला जब केयरटेकर ने स्टैण्डर्ड गायब देखा और समिति के सदस्यों को इसकी सूचना दी।

शिया यूथ कांफ्रेंस के अध्यक्ष सैयद हामिद हुसैन जाफरी ने बताया कि चोरी के बाद तनाव बढ़ने पर समिति ने दूसरा अलम स्थापित किया जिसे एक तिजोरी में रख दिया गया।

उन्होंने बताया कि निज़ाम ने दो सेट बनवाए थे। पहले सेट की चोरी के बाद हैदराबाद के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ए.के. खान की मौजूदगी में तिजोरी में रखे दूसरे सेट को स्थापित किया गया था। पुलिस ने चोरों की पहचान के लिए सेंट्रल क्राइम स्टेशन, कमिश्नर टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस से कई टीमें बनाईं। उस समय जांच की निगरानी करने वाले एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की टीमें 'आलम' का पता लगाने के लिए 25 राज्यों और तीन विदेशी देशों में गईं, लेकिन सफलता नहीं मिली।

शुरूआत में पुलिस को कुछ सुराग मिले, जिससे पता चला कि चोरी के पीछे एक स्थानीय इलेक्ट्रीशियन का हाथ है। पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन करार और उसके साथी जाफर को हिरासत में लिया, लेकिन जांच ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाई। सबूत भी जुटाए गए, लेकिन मामला अनसुलझा ही रहा। 2021 में ऐसी खबरें आई थीं कि ऑस्ट्रेलिया के एक संग्रहालय में आलम पाया गया था और स्थानीय शिया समुदाय ने इसे वापस लाने की मांग की थी। हालांकि, बाद में पता चला कि यह अजा खाना जहरा से चुराया गया आलम नहीं था और कुतुब शाही काल का एक और अवशेष था। शिया नेता फिरासथ अली बाकरी ने कहा कि पुलिस ने सबूतों के अभाव में मामला बंद कर दिया है तथा उन्होंने मांग की कि पुलिस इसे दोबारा खोले तथा नए सिरे से जांच करे। हैदराबाद पुलिस के मौजूदा अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले या इसकी जांच की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अगर कोई ठोस और कारगर जानकारी मिलती है तो अदालत में ज्ञापन देकर मामले को फिर से खोला जा सकता है।

भ्रामक दावों के साथ प्रसारित की जा रही दवाइयां जब्त

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीएसडीसीए) के औषधि निरीक्षकों ने बाजार में ऐसी दवाओं का पता लगाया है, जिनके लेबल पर भ्रामक दावे किए गए हैं। इन दवाओं में दावा किया गया है कि ये दवाएं मधुमेह, लकवा और बुखार का इलाज करती हैं, जो औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन है।

कामारेड्डी में, डीसीए टीमों ने आयुष्का प्लस हर्बल टॉनिक (आयुर्वेदिक दवा) के स्टॉक को जब्त कर लिया, जिसका निर्माण थानविथा आयुर्वेदिक निलयम, थोरुर गांव, अब्दुल्लापुरमेट, रंगारेड्डी द्वारा किया गया था, जिसमें मधुमेह और पक्षाघात के उपचार के भ्रामक दावे किए गए थे। कुकटपल्ली स्थित डीसीए अधिकारियों ने बुखार के इलाज का भ्रामक दावा करने के कारण ओम फार्मास्यूटिकल्स, ओल्ड मद्रास रोड, बेंगलुरू द्वारा निर्मित महासुदर्शन काढ़ा (आयुर्वेदिक दवा) के स्टॉक को भी जब्त कर लिया।

ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954, कुछ बीमारियों और विकारों के उपचार के लिए कुछ दवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है। कोई भी व्यक्ति ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत बताई गई बीमारियों/विकारों से संबंधित विज्ञापन के प्रकाशन में भाग नहीं लेगा, यह जानकारी टीएसडीसीए के महानिदेशक वीबी कमलसन रेड्डी ने दी।

आम जनता के लिए सूचना

मेरे मुवक्किल के निर्देशानुसार, खुशाल सिंह सुपुत्र लक्ष्मीनिवास, आयु 55 वर्ष, पेशाः कारोबार एवम् श्रीमती रचना सिंह, धर्मपत्नी खुशाल सिंह, पेशाः गृहिणी, दोनों का निवास स्थानः म.नं.14-1-117-सी, सीतारामपेट, मंगलहाट, नामपल्ली विज़ेज, हैदराबाद-500001, तेलंगाना राज्य है, इसके द्वारा यह आम सूचना जारी की जाती है कि, मेरे मुवक्किल यह स्पष्ट करना चाहते हैं तथा यह घोषणा करते हैं कि, तत्संबंधित परिवार के परिवारिक सदस्यगण के बारे में आम जनता को अवगत कराना चाहते हैं कि, श्रीमती साधना सिंह, सुपुत्री गिरिधर गोपाल, धर्मपत्नी विजेन्दर सिंह, म.नं.13-1-457-ए, मंगलहाट, दिलावरगंज, दूधखाना, अप्पर धूलपेट, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य तथा सुगम सिंह सुपुत्र गिरिधर गोपाल, म.नं.14-1-117-सी, सीतारामपेट, मंगलहाट, नामपल्ली विज़ेज, हैदराबाद-500001, तेलंगाना राज्य, को हमारे मुवक्किल (क्लाइंट) ने किसी भी समय पर, गोद नहीं लिया है अथवा एडाप्ट नहीं किया है। मेरे मुवक्किल के छोटे भाई गिरिधर गोपाल के बच्चों को गोद लेने के प्रति, न कोई डाक्युमेंटेशन है या न कोई कोर्ट आर्डर है या न कोई भी कानूनी प्रक्रिया की गयी है। जैसे कि, कथित गोद लिए हुए पुत्र एवं पुत्री के कथनानुसार, उपरोक्त व्यक्तिगण किसी भी प्रकार से, मेरे मुवक्किल से संबंधित संपत्ति जायदाद के हकदार नहीं है। अतः उपरोक्त व्यक्तियों को, तत्संबंधितों को मेरे मुवक्किल की संतान है, ऐसा कहने का अधिकार बिलकुल नहीं है। उपरोक्त व्यक्तिगण, मेरे मुवक्किल के छोटे भाई स्व. गिरिधर गोपाल की संतान होने के नाते केवल रिश्तेदार हैं। इसके अलावा उपरोक्त व्यक्तियों के साथ तत्संबंधित जन्म से कोई भी रिश्ता नहीं है। यदि उपरोक्त व्यक्तिगण, कोई दस्तावेज तैयार करते हैं या कोई कानूनी सबूत या किसी भी प्रकार की पहचान या जन्म प्रमाणपत्र या किसी भी प्रकार का वैधानिक दस्तावेज पेश कर, ऐसा दावा करते हैं कि, वे हमारे मुवक्किल की संतान है तो यह पूरी तरह झूठा एवं असत्य होगा तथा यदि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा कथित दस्तावेजों को, उपरोक्त 2 व्यक्तियों के साथ किसी भी व्यक्ति द्वारा सृजित किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में मेरे मुवक्किल को इससे कोई संबंध नहीं होगा एवं इसके प्रति मेरे मुवक्किल किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।इसके चलते मेरे मुवक्किल एक और बार सभी आम जनता के प्रति यह घोषणा करते हैं कि, उपरोक्त व्यक्तिगण, गोद लिए हुए (एडाप्टेड) पुत्र या पुत्री कदापि नहीं है।

अतः इसके द्वारा आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त व्यक्तिगण अर्थात् सुगम सिंह एवं श्रीमती साधना सिंह को, मेरे मुवक्किल द्वारा गोद नहीं लिया है या यह मेरे मुवक्किल की संतान नहीं है अथवा उपरोक्त व्यक्तिगण मेरे मुवक्किल के जैविक बच्चे (बायोलाजिकल चिल्ड्रन) नहीं हैं।

हस्ता./-
(हबीब जाफर बिन हसन), एडवोकेट
हैदराबाद फोन- 9985388736

खट्टर बोले-नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाएंगे

नारा दिया-बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार; दिलीप जायसवाल बिहार भाजपा अध्यक्ष बने

पटना, 4 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को भाजपा के कार्यक्रम में ऐलान किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बिहार में बनाएंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित प्रदेश परिषद की बैठक में उन्होंने नारा दिया- बिहार है तैयार फिर से एनडीए सरकार। बैठक में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की गई।

मनोहर लाल खट्टर ने कहा, नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनवाएं। जातिवाद से ऊपर उठ कर काम करना है। मोदी जी ने जाति से ऊपर उठकर कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न दिया है। शहरी विकास और पावर डिपार्टमेंट मेरे पास है, बिहार की जो जरूरत है बताइए, हम मदद करेंगे। मंत्री जीवेश मिश्रा को भी बोल दिया हूं।' डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, 'अगले 6 महीने में सभी कार्यकर्ता लगकर सभी सीट को भाजपा की सीट समझकर जिताने का काम करें। 2025 में हम 200 प्लस सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाएंगे।' वहीं, विजय सिन्हा ने कहा, 'बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी केवल संख्या से नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा से है। बीजेपी में न कोई पहला होता है और न आखिरी। यहां पद नहीं, दायित्व मिलता है। पार्टी परिवारवाद से नहीं, कार्यकर्ताओं से आगे बढ़ती है। बीजेपी के कार्यकर्ता तुलसी के पत्ते की तरह हैं।' कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद हैं। इनके अलावा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के 15 हजार कार्यकर्ता शामिल हैं।

अध्यक्ष के लिए मंत्री पद से दिया है इस्तीफा

पार्टी की ओर से जुलाई 2024 से ही दिलीप जायसवाल को अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद सम्राट चौधरी की जगह दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद औपचारिक संगठन चुनाव से पहले 27 फरवरी को दिलीप जायसवाल ने बिहार सरकार में राजस्व व भूमि सुधार विभाग के मंत्री पद से अपना इस्तीफा दिया था।

डिप्टी सीएम बने प्रदेश अध्यक्ष के प्रस्तावक

दिलीप जायसवाल के प्रदेश अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया सोमवार से ही शुरू हो गई थी। उन्होंने पार्टी के चुनाव पदाधिकारी सह प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा के सामने प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के साथ मंत्री मंगल पांडेय और एमएलसी संजय मयूख उनके प्रस्तावक बने। नियम के मुताबिक दिलीप जायसवाल 2025-27 तक अध्यक्ष रहेंगे।

बोर्ड परीक्षा देने जा रहीं 3 छात्राओं की मौत

फरेन्दा, 4 मार्च (एजेंसियां)। महाराजगंज में टायर फटने से बोलेरो बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में तीन छात्राओं की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर समेत 11 छात्राएं घायल हो गईं। छात्राएं सुबह 7 बजे 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने जा रही थीं। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। किसी तरह छात्राओं को गाड़ी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल छात्राओं को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने तीन छात्राओं को मृत घोषित कर दिया। हादसा बृजमनगंज थाना क्षेत्र के सिकंदरा जीतपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास सुबह साढ़े सात बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त बोलेरो की स्पीड 100 से अधिक थी। ऐसे में टायर फटने से गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई।

'एएसआई ने वहां का निरीक्षण किया, जहां पुताई की जरूरत नहीं'

संभल मामले में मस्जिद पक्ष ने दाखिल की आपत्ति

प्रयागराज, 4 मार्च (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जामा मस्जिद पुताई मामले की सुनवाई हुई। एएसआई की रिपोर्ट के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल की है। कहा कि एएसआई ने वहां-वहां का निरीक्षण किया, जहां पर पुताई की जरूरत नहीं थी। उन स्थानों को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया जहां पर पुताई की जरूरत थी।

मस्जिद में पिछले 100 वर्षों से रंगाई पुताई होती रही है। एएसआई ने कभी भी इस पर आपत्ति नहीं की। एएसआई ने मस्जिद कमेटी के आपत्ति पर जवाब दाखिल करने के लिया समय मांगा है। एएसआई के वकील ने कहा कि मस्जिद की पेंटिंग की जरूरत नहीं दिखी है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई के लिए 10 मार्च की तिथि नियत की है। एएसआई की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मस्जिद में अभी रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है।

28 फरवरी को न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मस्जिद के परिसर की सफाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन इसकी पुताई के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया था। मंगलवार को जब मामले की सुनवाई हुई तो मस्जिद समिति के वकील ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, जिस पर एएसआई के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। मस्जिद समिति के वकील ने यह भी कहा कि न्यायालय के पूर्व आदेश के अनुपालन में एएसआई की निगरानी में सफाई का काम चल रहा है।

विधानसभा कार्यवाही : पान खाकर सदन पहुंचे माननीय ने प्रवेश द्वार पर मार दी पिचकारी, पता चला तो अध्यक्ष हुए लाल

लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा की गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की गरिमा और स्वच्छता बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। साथ ही एक अनुशासनहीन घटना पर नाराजगी जताई। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा मंडप के प्रवेश द्वार पर पान मसाला थूके जाने की सूचना मिली। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल पहुंचकर सफाई कराई। इस व्यवहार की भर्त्सना की। सके बाद सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा के प्रति केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अनुशासनहीन कृत्य का वीडियो उपलब्ध है। परंतु किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उनका उद्देश्य नहीं है।

स्वयं आगे आकर स्वीकार करें...

इसके बावजूद उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की है कि यदि भविष्य में किसी को ऐसा करते देखें, तो उसे वहीं रोकें। विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। महाना ने यह भी कहा कि जिसने यह कार्य किया है, वह स्वयं आगे आकर स्वीकार करें। अन्यथा उन्हें बुलाना पड़ेगा।

मर्यादा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी

उन्होंने सदन में पुनः इस विषय पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों का सम्मान और उनकी आस्था का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता और मर्यादा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

29 मार्च को होगा पीयू में छात्र संघ का चुनाव

पटना, 4 मार्च (एजेंसियां)। पटना यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनाव की डेट फाइनल हो गई है। सभी पदों के लिए 29 मार्च की सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक वोटिंग होनी है। फिर शाम चार बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी और देर शाम तक रिजल्ट भी आ जाएगा। मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति ने इसकी जानकारी दी है। यूनिवर्सिटी में दोपहर 11 बजे पीसी हुई। इसमें वीसी ने बताया कि फाइनल इलेक्टोरल रोल अपलोड करने की आखिरी डेट 6 मार्च है। 10-18 मार्च तक (अवकाश छोड़कर) सुबह 10 से शाम 3 बजे तक नॉमिनेशन फॉर्म खरीद सकते हैं। ये नॉमिनेशन फॉर्म 50/- के टोकन प्राइज पर स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में मिलेंगे। इन्हीं तारीखों के दौरान 'नो एकेडमिक एरर' का सर्टिफिकेट भी जारी किया जाएगा।

ब्रज की होली 2025 : 'मुस्लिम एंट्री बैन' दुकानें भी रहें बंद

> साधु-संतों की मांग, बीजेपी विधायक ने दिया समर्थन

मथुरा, 4 मार्च (एजेंसियां)। मथुरा में होली उत्सव पर मंदिरों के आसपास गैर हिंदुओं की दुकानें लगाने व उत्सव में शामिल होने का मामला गरमाता जा रहा है। साधु-संतों के विरोध के बाद बीजेपी विधायक भी उनके समर्थन में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि अल्पसंख्यकों के हिंदू त्योहार में शामिल होकर लव जिहाद और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आशंका रहती है। अखिल भारतीय संत समिति और धर्म रक्षा संघ के साधु-संतों ने मांग का स्वागत किया है।

दरअसल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा ने शनिवार को खून से पत्र लिखकर सीएम योगी से मंदिरों के आसपास मुस्लिमों के दुकान नहीं लगाने की मांग की थी। उन्होंने पत्र में लिखा था कि होली के पवित्र त्योहार पर मुसलमानों को दूर रखा जाए। सोमवार को उनके समर्थन में बीजेपी विधायक व अन्य साधु-संत भी उतर आए हैं। मांट से भाजपा विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि होली पवित्रता, आपसी भाईचारे का त्योहार है। कोई विधर्मी आकर हमारे त्योहार में विघ्न डालेगा तो स्वीकार नहीं किया जाएगा।

धर्म रक्षा संघ के साधु-संतों ने भी की मांग

महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज ने बरेली के कुछ मुस्लिमों द्वारा खून की होली खेलने की चेतावनी का विरोध किया। साथ ही कहा है कि ब्रजमंडल की होली से गैर हिंदू समाज के जिहादी तत्वों पर प्रतिबंध लगाया जाए।

सोमवार को वृंदावन में चिंतामणि कुंज में आयोजित धर्म रक्षा संघ की बैठक के दौरान यह बात कही। वहीं धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा है कि जिहादी मानसिकता के लोग होली पवित्र त्योहार में रंग में भंग डालना चाहते हैं। आचार्य बद्रीश महाराज, महंत अतुल कृष्ण दास, महंत मोहिनी बिहारी शरण, महंत दशरथ दास महाराज समेत अन्य साधु-संत मौजूद रहे।

होली में गैर हिंदुओं का प्रतिबंध होना चाहिए

अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा है कि वृंदावन के संतों की गैर हिन्दू, गैर सनातनी का होली में प्रतिबंध लगाने की मांग का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न जाने क्यों सनातन धर्मावलंबियों से गैर हिंदुओं को आपत्ति हुई है। वह हिंदुओं के त्योहारों में रंग में भंग डालना चाहते हैं। हम यूपी सरकार से मांग करते हैं कि मथुरा-वृंदावन में होने वाली होली में गैर हिंदुओं का प्रतिबंध होना चाहिए।

सीएम योगी बोले-महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी, जिसमें केंद्र और राज्य खरे उतरे

लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश की विधानसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सपा के लोग खुद को समाजवादी कहते हैं लेकिन उनको राम मनोहर लोहिया जी की सोच से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों को लोहिया के आदर्श और आचरण से कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ का वृहद आयोजन इसका उदाहरण है कि हम भारत की परंपराओं का सम्मान करते हैं। इस बार के महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने स्नान किया। ये विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन था। इसकी दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। दुनिया भर के मीडिया ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं है।

महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। इसमें केंद्र और राज्य सरकारें खरी उतरीं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है।

नंदन कानन एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी, यूपी के चंदौली में S4 कोच की कपलिंग टूटी

मुगलसराय, 4 मार्च (एजेंसियां)। आनंद विहार से पुरी जा रही नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन यूपी में चंदौली के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (पीडीडीयू) जंक्शन के आगे दो भागों में बंट गई। ट्रेन के स्लीपर कोच S4 की कपलिंग टूट गई, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। घटना रात 9.30 बजे पीडीडीयू जंक्शन से करीब 6 किलोमीटर दूर यार्ड में हुई। हादसा होते ही ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि ट्रेन की स्पीड कम होने से बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन को वापस पीडीडीयू जंक्शन लाया गया। इसके बाद टूटे कपलिंग वाले कोच को काटकर अलग किया गया। फिर रात साढ़े बारह बजे ट्रेन को रवाना किया गया।

बता दें कि नंदन कानन एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय शाम 06.25 बजे से तीन घंटे की देरी से पीडीडीयू जंक्शन पहुंची। रात 9:30 बजे ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या एक से गया के लिए रवाना हुई। इसी दौरान ट्रेन के स्लीपर कोच संख्या एस 4 की कपलिंग टूट गई। इससे इंजन सहित छह कोच बढ़ गए जबकि एसी कोच, गार्ड बोगी सहित 15 कोच पीछे रह गए। घटना होते ही गार्ड ने लोको पायलट को सूचना दी। पायलट ने ट्रेन रोक दी। ट्रेन के दोनों हिस्सों को वापस डीडीयू जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 और 8 पर लाया गया। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए S4 कोच को ट्रेन से अलग किया।

तेजस्वी बोले-बिहार सरकार खटारा, सीएम थका-हारा

नीतीश का जवाब-तुम्हारे पिता लालू को मैंने बनाया, तुम्हारी जाति वाले कहते थे-ऐसा मत करो

पटना, 4 मार्च (एजेंसियां)। बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बयानबाजी हुई। मुख्यमंत्री ने तेजस्वी की ओर देखते हुए कहा- 'ये बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता। 2005 के पहले कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता (लालू) को भी हमने ही बनाया है।' इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा, 'सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका-हारा, आम आदमी मारा-मारा।' तेजस्वी ने अपने पिता लालू के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। सदन में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और तेजस्वी के बीच भी तीखी बहस हुई।

तेजस्वी ने सम्राट चौधरी को नकली भाजपाई कहा

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने सम्राट चौधरी से कहा- क्या आपने और आपके पिताजी ने बीजेपी को गाली नहीं दी।' सम्राट ने कहा- 'आपके पिताजी ने बिहार को लूटने का काम किया।' तेजस्वी ने कहा- 'आखिरी बार राजद से ही चुनाव जीते थे, अब जीतेंगे भी नहीं।' इस पर सम्राट बोले- 'आप राजा हैं क्या।' इस पर स्पीकर ने कहा कि व्यक्तिगत आक्षेप मत कीजिए। इस पर बीजेपी विधायकों ने सदन में हंगामा किया।

पहले पत्नी, फिर पति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

आगरा, 4 मार्च (एजेंसियां)। आगरा के थाना डौकी के गांव कांकर में विवाहिता ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके वाले आ गए। विवाहिता की लाश को देख वे गुस्से से आग बबूला हो गए। मायके वालों ने बेटी के ससुराल वालों के साथ मारपीट शुरू कर दी। ये देख दामाद ने भी फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी।

गांव कांकर निवासी लवकुश की पत्नी राखी ने फंदा लगाकर जान दे दी। घरवालों ने जब उसका शव कमरे में लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर मायके वाले पहुंच गए। हत्या का आरोप लगाते हुए राखी के घरवालों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान मायके वालों ने लवकुश के घरवालों के साथ मारपीट कर दी। ये देख लवकुश दहशत में आ गया।

मंदिर से अष्टधातु की मूर्ति चोरी

सीतामढ़ी, 4 मार्च (एजेंसियां)। सीतामढ़ी में सोमवार देर रात चोरों ने नगर थाना क्षेत्र के बीच शहर स्थिति गणेश सिनेमा रोड में एक ठाकुरबाड़ी से बेशकीमती अष्टधातु की 14 मूर्ति चोरी कर ली गई है। चोरी की घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बता दें कि में जिले में हाल के दिनों में मठ मंदिरों में मूर्ति को क्षतिग्रस्त करना और चोरी करने जैसा मामला काफी सामने आ रहा है। इस अपराध को सीतामढ़ी पुलिस शहर में भी नहीं रोक पा रही है तो ग्रामीण इलाकों का क्या होगा।

राज्यपाल बोलीं-अगले 10 साल का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें राज्य के सभी विश्वविद्यालय

अयोध्या, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालय आगामी 10 साल का विजन डॉक्यूमेंट बनाएं। इसके तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिल बैठकर कुछ नया प्लान करें और उसी के अनुसार काम करें। राज्यपाल मंगलवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर विवेकानंद प्रेक्षागृह में स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्रीराम से सीखना होगा और उनके पदचिन्हों पर चलना होगा। श्रीराम के चरित्र पर सभी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच डिबेट होनी चाहिए ताकि वह कुछ सीखें और श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारें।

सपा ने सदन में उठाया गो-आश्रय स्थलों की दुर्दशा का मुद्दा

पशुधन मंत्री बोले-अब गाय देखकर कांपते हैं कसाई

लखनऊ, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में विधानसभा में बजट पर चर्चा की गई। इसमें पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सपा सरकार में कसाई को देखकर गाय कांपती थी। वहीं भाजपा सरकार में कसाई गाय को देखकर कांपता है। कहा कि प्रदेश में कोई छुट्टा पशु नहीं है, बल्कि छोड़े गए पशु हैं। गो-आश्रय स्थलों के प्रबंधन के लिए माइक्रो मैनेजमेंट के दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने हालिया बजट में 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी की है।

पशुधन मंत्री सपा सदस्य महेंद्र नाथ यादव व संग्राम सिंह द्वारा किसानों की फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए योजना बनाए जाने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। पशुधन मंत्री के जवाब पर संग्राम सिंह यादव ने कहा कि अधिकारियों के चक्कर में फंसकर मंत्री जवाब दे रहे हैं। वह खुद भ्रमण कर लें।

पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा

गो-आश्रय स्थलों पर इंतजाम बहुत कम हैं। पशुओं के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। सरकार को बजट बढ़ा देना चाहिए, जिसका हम समर्थन करेंगे। वहीं मंत्री के जवाब पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि पशुओं के साथ दुर्घटना में घायल लोगों की कुछ दिन बाद मृत्यु हो जाती है। राज्य सरकार को उन्हें भी आर्थिक सहायता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सपा सरकार में गाय कसाई से डरती नहीं थी। तब वह मोटी होती थी। वहीं सपा सदस्य अनिल प्रधान ने छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों का नुकसान करने को लेकर सवाल उठाया, जिसके जवाब में मंत्री ने कहा कि फसलों का नुकसान होने की कोई शिकायत नहीं है। प्रदेश सरकार गोवंश के संरक्षण पर रोजाना 7.50 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। यह राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को मानदेय नहीं

विधानसभा में महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्या ने कहा कि अन्य राज्यों की भांति आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को वेतन और अन्य सुविधाएं देने पर राज्य सरकार विचार नहीं कर रही है। वह सपा सदस्य बृजेश कठेरिया के सवाल का जवाब दे रही थीं। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को बीमा योजनाओं से आच्छादित किया गया है। वहीं सपा सदस्य त्रिभुवन दत्त द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि यह सेवा मानदेय पर आधारित है।

मिलावट रोकने को लगातार चला रहे अभियान

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सदन को अवगत कराया कि मिठाइयों में मिलावट रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जाता है। दोषियों पर कार्रवाई भी होती है। उन्होंने सदन के सामने बीते एक वर्ष में हुई कार्रवाई का ब्योरा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में कुल 4344 नमूने लिए गए, जिसमें से 1201 अधोमानक पाए गए। नियमों का उल्लंघन करने के 150 मामलों में कार्रवाई की गई।

पूर्व विधायकों की सूचना नहीं देने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने करनैलगंज के पूर्व विधायक कुंवरि बृज सिंह के विगत 22 फरवरी को निधन होने की जानकारी सदन को दी। इस दौरान अमरोहा की हसनपुर सीट से पूर्व विधायक रफाकत हुसैन और रायबरेली की डलमऊ सीट के पूर्व विधायक गजाधर सिंह के निधन की सूचना सदन को नहीं दिए जाने की सदस्यों ने जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए प्रमुख सचिव विधानसभा से सूचना नहीं देने वाले अधिकारियों का पता लगाने और उन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

'वनतारा' वाइल्डलाइफ के उद्घाटन पर पीएम मोदी का अलग अंदाज

एशियाई शेर-क्लाउडेड तेंदुए को पिलाया दूध

गांधीनगर, 4 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान जामनगर में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 'वनतारा' की अलग-अलग सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे बड़े पशु पुनर्वास केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली। इसका वीडियो पीएम मोदी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर किया है। 'वनतारा' 1.5 लाख से अधिक बचाए गए और लुप्तप्राय जानवरों को आश्रय देने के लिए बनाया गया है। वर्तमान में यह 2,000 से अधिक प्रजातियों का घर है।

प्रधानमंत्री ने 'वनतारा' में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्हें एमआरआई, सीटी स्कैन, आईसीयू सहित कई प्रकार की पशु चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। अस्पताल में वन्यजीव एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, एंडोस्कोपी, दंत चिकित्सा और आंतरिक चिकित्सा सहित कई विभाग भी हैं। 7 मिनट 39 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी शेरों की अलग-अलग प्रजातियों के साथ खेलते और दुलार करते हुए नजर आ रहे हैं, जिसमें एशियाई शावक, सफेद शेर के शावक, कैराकल शावक शामिल हैं। क्लाउडेड तेंदुए के शावक, जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति हैं, वीडियो में उन्हें भी देखा गया। पीएम मोदी ने जिस सफेद शेर के शावक का दूध पिलाया था, उसका जन्म केंद्र में तब हुआ था, जब उसकी मां को रेस्क्यू कर 'वनतारा' लाया गया था। भारत में कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले कैराकल अब दुर्लभ होते जा रहे हैं।

'वनतारा' में कैराकल को प्रजनन कार्यक्रम के तहत पाला जाता है और उनके संरक्षण के लिए कैद में रखा जाता है, फिर उन्हें जंगल में छोड़ दिया जाता है। पीएम मोदी ने अस्पताल के एमआरआई कक्ष का भी दौरा किया और एक एशियाई शेर के एमआरआई स्कैन को भी देखा। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर का भी दौरा किया, जहां एक तेंदुआ का इलाज किया जा रहा था, जो हाईवे पर कार से टकराने के बाद जख्मी हो गया था और रेस्क्यू कर लाया गया था। केंद्र में बचाए गए जानवरों को ऐसे स्थानों पर रखा जाता है, जो उनके प्राकृतिक आवास के समान होते हैं। प्रधानमंत्री ने विभिन्न खूंखार जानवरों को भी करीब से देखा और उनकी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने गोल्डन टाइगर, सर्कस से बचाए गए 4 स्नो टाइगर, व्हाइट लायन और स्नो लेपर्ड को भी देखा। उन्होंने खुले में चिम्पांजी को भी देखा, ओरांगुटान के साथ खेला, जिन्हें पहले एक भीड़भाड़ वाली जगह पर रखा गया था। उन्होंने दरियाई घोड़ों और मगरमच्छों को भी करीब से देखा। इस दौरान वह जेब्रा के बीच टहलें, जिराफ और गैंडे के बच्चे को खाना भी खिलाया।

प्रधानमंत्री को हाइड्रोथेरेपी पूल का भी संक्षिप्त दौरा कराया गया, जिसका उद्देश्य गठिया और पैर की समस्याओं से पीड़ित हाथियों के उपचार के लिए है। उन्होंने हाथी अस्पताल के कामकाज को भी देखा, जो दुनिया का सबसे बड़ा अस्पताल है। उन्होंने डॉक्टरों, सहायक कर्मचारियों और केंद्र में विभिन्न सुविधाओं के संरक्षक के रूप में काम करने वाले श्रमिकों से बातचीत की।

चंडीगढ़ में प्रदर्शन से पहले किसान नेता हिरासत में

पंजाब सीएम से बहस हुई थी; मान बोले-मीटिंग-मोर्चा साथ नहीं चलेगा

चंडीगढ़, 4 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब सरकार संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं से मीटिंग के लिए तैयार हो गई है। सोमवार को चंडीगढ़ में पंजाब सीएम और किसानों के बीच बहस के बाद भगवंत मान बैठक छोड़कर चल गए थे। मंगलवार सुबह किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया।

इसके अलावा, किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेता दिलबाग सिंह गिल को घर में नजरबंद किया गया है। पुलिस संगरूर में भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां के घर भी पहुंची, लेकिन वह नहीं मिले। किसानों पर कार्रवाई को लेकर SKM ने लुधियाना में इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। उन्होंने कहा कि 5 मार्च को चंडीगढ़ में प्रदर्शन होगा।

उधर, विवाद बढ़ने पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा- मैंने किसानों से पूछा था कि प्रदर्शन का क्या रहेगा? किसानों का कहना था कि जारी रहेगा। फिर मैंने कहा कि मुझे ढाई घंटे तक क्यों बैठाया? ये मांगें मुझसे संबंधित नहीं थीं। ये मांगें केंद्र से हैं। इस पर किसानों का कहना था कि डर कर आप मीटिंग में आए हैं। मैं उन्हें यह कहकर आया था कि मैं मित्र की तरह हूं। मीटिंग और मोर्चा साथ नहीं चलेगा। पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि किसान जब चाहे मीटिंग कर सकते हैं। किसान हमारे सत्कार योग हैं। कल मीटिंग काफी अच्छे माहौल में चल रही थी। किसान 18 मांगे लेकर आए थे, 8 मांगों पर चर्चा हुई। सीएम ने किसानों को कहा कि रोजाना बंद या जाम होने से लोगों को नुकसान होता है। हम सेंटर (केंद्र सरकार) से मिलकर लड़ेंगे। बस इतनी ही बात हुई है। किसानों ने कहा कि देखेंगे। कोई बहसबाजी नहीं हुई। सीएम साहब ने कहा था कि 6 बजे डॉक्टरों से मिलाना है, इसलिए उन्हें जाना होगा। सरकार के 2 मंत्री मौजूद रहेंगे। वहां कोई विवाद नहीं हुआ। भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल ग्रुप) के उप प्रधान मुकेश चंद शर्मा ने कहा कि कहा सीएम साहब मीटिंग छोड़कर किसानों को चैलेंज करके वहां से चले गए। इसे लेकर किसानों ने आज एक मीटिंग रखी थी। इससे पहले हमारे किसान नेताओं के घरों में छापेमारी की जा रही है। मेरे घर में भी छापेमारी कीगई। मैं तो किसी तरह अंडरग्राउंड होकर वहां से निकलने में कामयाब रहा। मेरे घर की तलाशी ली गई। अभी भी पुलिस वहां बैठी है। मेरे साथी जंगवीर चौहान व वीरपाल ढिल्लों को काबू किया है। यह निंदनीय कार्रवाई है। हम बातचीत के जरिए मामलों को हल करने के लिए गए थे। हमें धरनों का शौक नहीं है। बच्चों के पेपर चल रहे है।

एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फैजी गिरफ्तार, ईडी की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, फैजी को सोमवार रात दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी और इसे पहले पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जोड़ा जाता था, जिसे कुछ साल पहले केंद्र सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि, एसडीपीआई ने पीएफआई से इस तरह के किसी भी संबंध से इनकार किया है और खुद को एक स्वतंत्र संगठन बताया है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

डिवाइडर से टकराई कार, नवविवाहिता की मौत; शादी से लौट रहे थे

पठानकोट, 4 मार्च (एजेंसियां)। पठानकोट के नजदीक नंगलभूर कंदरोड़ी मोड़ पर एक कार हादसाग्रस्त हो गई। हादसे में एक नवविवाहिता की मौत हो गई है जबकि कार चालक बाल बाल बच गया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार चकनाचूर हो गई। कार को सड़क से हटाने के लिए मौके पर जेसीबी बुलाई गई और सड़क से हादसाग्रस्त कार को हटा ट्रैफिक जाम को खुलवाया गया। जानकारी के मुताबिक कार चालक जालंधर में किसी के शादी समारोह से लौट रहा था। हालांकि हादसे के कारण अभी पता नहीं चल पाया है। घटना का पता चलते ही थाना नंगलभूर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतका की पहचान कुलवंत कौर पत्नी शुभम निवासी पठानकोट के रूप में हुई है।

'जम्मू-कश्मीर को जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा' एलजी सिन्हा ने दोहराते हुए कहा-केंद्र प्रतिबद्ध

जम्मू, 4 मार्च (एजेंसियां)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अभिभाषण के साथ केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले बजट सत्र का आगाज हुआ। उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य का दर्जा बहाली की बात दोहराई। उन्होंने कहा, जम्म-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने को लेकर केंद्र संकल्पबद्ध है। केंद्र सरकार राज्य के दर्जे के भावनात्मक व राजनीतिक महत्व को समझती है। इसके लिए हितधारकों से बात की जा रही है। सात साल बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सेंट्रल हाल में अभिभाषण से बजट सत्र शुरू हुआ है। अभिभाषण में उपराज्यपाल ने कहा, यह सत्र केवल एक विधायी औपचारिकता नहीं है, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। बजट भागीदारी शासन के नए युग का प्रतिनिधित्व करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम लोगों की जरूरतें और आकांक्षाएं नीति निर्माण के केंद्र में रहें।

औरंगजेब पर बयान देकर फंसे अबू आजमी, जांच शुरू हुई तो मांगी माफी; शिंदे ने बताया देशद्रोही

मुंबई, 4 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी के खिलाफ मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ करने वाली टिप्पणी के मामले की जांच शुरू कर दी है। लोकसभा में शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के की शिकायत पर पड़ोसी ठाणे में पुलिस ने कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के प्रयास के आरोप में आजमी के खिलाफ सोमवार को एफआईआर दर्ज की। इस बीच उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक बार फिर आजमी पर निशाना साधा और उन्हें देशद्रोही करार दिया। एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे पुलिस ने बाद में एफआईआर को मुंबई स्थानांतरित कर दिया, जहां मंगलवार को मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में आजमी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया।

इससे पहले शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ वागले के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने एस्टेट पुलिस स्टेशन में बीएनएस धारा 299, 302, 356 (1) और 356 (2) के तहत मामला दर्ज कराया है। नरेश म्हास्के ने आरोप लगाया है कि मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली अबू आजमी की टिप्पणी से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। सांसद म्हास्के ने कहा, 'अबू आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए। उन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है। औरंगजेब जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को नष्ट किया, महिलाओं पर अत्याचार किया, छत्रपति संभाजी महाराज को बेरहमी से प्रताड़ित किया, वह देश के खिलाफ था, उसने हमारे देश को लूटा। हमारे नेता एकनाथ शिंदे ने मांग की है कि उसके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। हम उसके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करा रहे हैं।'

इस बीच अबू ने अपनी टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने लिखा, 'मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। औरंगज़ेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरषों के बारे में कोई अपमानजनक टिपण्णी नहीं की है, लेकिन फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। इस बात को राजनितिक मुद्दा बनाया जा रहा है और इसकी वजह से महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र को बंद करना मैं समझता हूं कि यह महाराष्ट्र की जनता का नुक्सान करना है।'

मानवाधिकार आयोग ने केआईआईटी में नेपाली छात्र की मौत की जांच के दिए आदेश

10 मार्च तक मांगी रिपोर्ट

भुवनेश्वर, 4 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने ओडिशा के केआईआईटी विश्वविद्यालय में एक नेपाली छात्रा की मौत की मौके पर जाकर जांच करने का आदेश दिया है और अपने अधिकारियों से 10 मार्च तक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। एनएचआरसी ने यह आदेश एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 20 वर्षीय छात्रा ने 16 फरवरी को अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या करके मौत हो गई थी। आयोग ने कहा कि जांच मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के प्रावधानों के अनुसार होनी चाहिए।

आयोग के आदेश में कहा गया है, 'मामले की गंभीरता को देखते हुए, आयोग रजिस्ट्रार (कानून) को केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में जांच के लिए आगे बढ़ने का निर्देश देता है, ताकि जांच प्रभाग के दो अधिकारियों, जिनमें से एक एसएसपी के पद से नीचे का न हो और एक अधिकारी/कर्मचारी विधि प्रभाग से हो, की एक टीम के साथ मौके पर जाकर जांच की जाए और 10 मार्च, 2025 तक आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी जाए।' शिकायतकर्ता आशुतोष बी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) विश्वविद्यालय में नेपाली छात्रा को उसके पूर्व प्रेमी की तरफ से उत्पीड़न का सामना करना पड़ा था और विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय संबंध कार्यालय (आईआरओ) ने उसकी शिकायतों की अनदेखी की, जिसके कारण उसने दुखद आत्महत्या कर ली।

'जम्मू-कश्मीर के पतन के लिए महबूबा मुफ्ती जिम्मेदार'

जम्मू, 4 मार्च (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कांफ्रेंस सरकार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। पीडीपी नेता के आरोप पर पलटवार करते हुए जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि महबूबा मुफ्ती कुछ भी कह सकती हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के पतन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार हैं। जब वह मुख्यमंत्री थीं, तो राज्य का विनाश उनकी वजह से हुआ। अगर जम्मू-कश्मीर का विभाजन हुआ या इसका दर्जा बदला, तो इसके लिए वही जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, ये वही 'महबूबा जी' हैं, जिन्होंने बच्चों के साथ अन्याय के बारे में पूछे जाने पर यह कहकर चिंताओं को खारिज कर दिया था कि उन्हें शिविरों में सिर्फ दूध और टॉफी चाहिए। अब, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद किया, वे हमें उपदेश देने की कोशिश कर रहे हैं? हमें उनकी सलाह की जरूरत नहीं है।

कोलकाता के ट्रिपल मर्डर केस में मृतका का पति गिरफ्तार, पुलिस ने घंटों की पूछताछ

कोलकाता, 4 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता के टांगरा ट्रिपल मर्डर केस में एक मृतका के पति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आत्महत्या के प्रयास के बाद अस्पताल में इलाज

अधिकारियों ने बताया कि प्रसून डे मामले में मुख्य आरोपी है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सोमवार को उससे कई घंटों तक पूछताछ की गई। प्रसून डे को मंगलवार को यहां एक अदालत में पेश किया जाएगा। आत्महत्या के प्रयास में घायल होने के बाद प्रसून और उसके बड़े भाई प्रणय डे का पुलिस की निगरानी में सरकारी नील रतन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपचार चल रहा था। पुलिस ने बयानों में पाईं विसंगतियां पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रसून डे को सोमवार की शाम को अस्पताल से छुट्टी दे दी। इसके बाद उसे नजदीकी टांगरा थाने ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि उसके बयानों में विसंगतियां पाई गईं। कोलकाता पुलिस ने पहले दोनों भाइयों के बयान दर्ज किए थे। लेकिन पुलिस विस्तार से पूछताछ शुरू करने के लिए चिकित्सा मंजूरी का इंतजार कर रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, प्रसून डे को सोमावर देर रात गिरफ्तार किया गया। उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा।

यह मामला 19 फरवरी को सामने आया, जब भाइयों ने अपनी कार को पूर्वी मेट्रोपोलिटन बाईपास के पास एक खंभे से टकरा दी, जो आत्महत्या का प्रयास प्रतीत हो रहा था। अपने इलाज के दौरान उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नियों और एक लड़की के शव टांगरा में उनके घर के अंदर पड़े थे। खुलासे के बाद पुलिस की एक टीम घर पहुंची और शवों को बरामद किया। 20 फरवरी को किए गए एक शव परीक्षण से पुष्टि हुई कि पीड़ितों की हत्या कर दी गई। इसके बाद 25 फरवरी को पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उनकी जांच से उन्हें भरोसा हो गया है कि अपराध में कोई बाहरी व्यक्ति शामिल नहीं था। पुलिस ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

पूर्व सीएम की बेटी ने ड्राइवर को चप्पल से पीटा

बोलीं-शराब पीकर आता था, गालियां देता था; ड्राइवर का आरोप- पर्सनल काम करवाती थीं

दिसपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। असम के पूर्व मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत की बेटी प्रजॉयिता कश्यप पर ड्राइवर को चप्पल से मारने का आरोप है। प्रजॉयिता ने ड्राइवर पर शराब पीकर गालियां देने और बदतमीजी करने का आरोप लगाया। मामले का वीडियो सोशल पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक आदमी घुटने पर बैठा हुआ दिख रहा है और प्रजॉयिता उसे गालियां दे रही हैं और चप्पल से मार रही हैं। घटना असम की राजधानी दिसपुर स्थित हाई सिक्योरिटी वाले विधायक होस्टल के परिसर की बताई जा रही है।

सीएम की बेटी का आरोप-ड्राइवर शराब पीकर गालियां देता था

प्रजॉयिता कश्यप ने वीडियो वायरल होने के बाद बताया कि यह ड्राइवर उनके परिवार के लिए लंबे समय से काम कर रहा था, लेकिन वह हमेशा शराब पीकर आता था और गालियां देता था। मैंने कई बार उसे समझाया, लेकिन उसकी हरकतें और बढ़ गईं। वह घर पर आकर उत्पात मचाने लगा। यह पूछने पर कि आपने पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज करवाई तो प्रजॉयिता ने कहा कि ऐसी घटनाओं में अक्सर महिला पर ही उंगली उठाई जाती है। इसके अलावा उनसे जब पूछा गया कि ड्राइवर किसके साथ काम कर रहा था तो उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बोलकर बताने से इनकार कर दिया।

ड्राइवर का आरोप-प्रजॉयिता ने पहले कई ड्राइवरों को प्रताड़ित किया

ड्राइवर ने प्रजॉयिता के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि मैं सरकारी वाहन चलाने के अलावा उनके व्यक्तिगत काम भी करता था, जैसे किराने की खरीदारी या घर के काम। उन्होंने पहले भी कई ड्राइवरों को प्रताड़ित किया, जिसके चलते वे छोड़कर चले गए।

असम के 2 बार मुख्यमंत्री रहे थे प्रफुल्ल महंत

प्रफुल्ल कुमार महंत दो बार असम के सीएम रहे। पहली बार वे 1985 से 1990 तक और दूसरी बार 1996 से 2001 तक पद पर रहे। वर्तमान में प्रफुल्ल और उनका परिवार विधायक हॉस्टल में रहता है।

25 दिन में 125 जवान तय करेंगे 6553 किमी की दूरी

11 राज्य-केंद्रशासित प्रदेशों से गुजरेगा साइक्लोथॉन

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। सीआईएसएफ, इस वर्ष अपना 56वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर सीआईएसएफ ने तटीय क्षेत्रों में एक विशेष अभियान लांच किया है। इसका नाम 'सीआईएसएफ-ग्रेट इंडियन कोस्टल साइक्लोथॉन' रखा गया है। इसके तहत तटीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। यह अभियान सात मार्च से शुरु होकर 31 मार्च तक चलेगा। 25 दिन में 125 सीआईएसएफ साइकिल चालक 6553 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यह साइक्लोथॉन 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से होकर गुजरेगा। सीआईएसएफ के इस साइक्लोथॉन की थीम 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' रखी गई है।

सीआईएसएफ के मुताबिक, यह पहल एक खेल आयोजन से कहीं अधिक है। यह तटीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तस्करी, विशेष रूप से ड्रग्स, हथियारों और विस्फोटकों के खतरों के बारे में नागरिकों को सतर्क करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आगामी 25 दिनों में 14 साहसी महिला बल के सदस्यों सहित 125 सीआईएसएफ साइकिल चालक छह हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेंगे। यह यात्रा पश्चिमी तट पर लखपत गुजरात और पूर्वी तट पर बक्खाली पश्चिम बंगाल से प्रारंभ होकर मुख्य भूमि भारत के पूरे तट के साथ यात्रा करेंगे। वे पश्चिम में सूरत, मुंबई, गोवा, मंगलौर और कोच्चि जैसे शहरों से गुजरेंगे। पूर्व में हल्दिया, कोणार्क, पारादीप, विजाग, चेन्नई और पांडिचेरी व अंत में कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद मेमोरियल पर अपनी यात्रा समाप्त करेंगे। प्रतिदिन 95 से 180 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण दूरी तय करने वाले इस साइकिल अभियान की कठोर प्रकृति को देखते हुए, असाधारण शारीरिक और मानसिक द्रढ़ता वाले अधिकारियों और कर्मियों का चयन किया गया है। इसमें ह्रदय संबंधी स्वास्थ्य जांच, आधारभूत शक्ति, लचीलापन और एरोबिक क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रारंभिक फिटनेस मूल्यांकन शामिल है। साइक्लोथॉन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को आरटीसी बरवाहा 'एमपी' में गहन शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। भुज हवाई अड्डे पर चार दिवसीय ओरिएंटेशन ने इन प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया की स्थितियों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया है। यहां पर सभी प्रतिभागियों को नेविगेशन और मार्ग नियोजन अभ्यास, बाइक रखरखाव व मरम्मत कार्यशाला, टीमवर्क और संचार कौशल, अलग अलग मौसम की स्थिति में सवारी का अभ्यास और आपातकालीन प्रक्रिया प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

सात मार्च को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तमिलनाडु के रानीपेट जिले के तक्कोलम में स्थित सीआईएसएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र से साइक्लोथॉन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई जाएगी। 3775 किलोमीटर के प्रश्चिम मार्ग का सफर कोरी क्रीक तखपत से शुरु होगा। साइक्लोथॉन के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें सीआईएसएफ द्वारा डेमा का प्रदर्शन, स्थानीय समुदायों, स्कूली बच्चों और एनसीसी समूहों द्वारा आयोजित कार्यक्रम शामिल हैं। लखपत किला सात मार्च, गांधीधाम 9 मार्च, सूरत 17 मार्च, गेटवे आफ इंडिया 20 मार्च, मोरमुगाओ पोर्ट अथॉरिटी गोवा 23 मार्च, मंगलौर 26 मार्च, कन्नूर 27 मार्च और कोचीन 29 मार्च, इन स्थानों पर आठ प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। गेटवे आफ इंडिया पर आयोजित कार्यक्रम मुंबई पुलिस बैंड और सीआईएसएफ फायर व डॉग स्क्वाड का प्रदर्शन रहेगा। दोनों तटों से साकिलिंग टीमें कन्याकुमारी पहुंचने के बाद एक भव्य समापन होगा। वहां पर सीआईएसएफ द्वारा बैंड प्रदर्शन, देशभक्ति नाटक व डेमो के अलावा दूसरे कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 5 मार्च - 2025

फिल्म छावा के बाद से औरंगजेब को लेकर विवाद !



अशोक भाटिया

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफों के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ FIR दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया, हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के समय) सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर मारा, वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता है? जिसने अपनी मां और बहनों की इज्जत लूटी, वह औरंगजेब अबू आजमी को कैसे प्यारा लग सकता है। एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया, और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था - तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा।उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे, तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34% हिंदू उसके साथ नहीं होते; और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम एंगल देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा, और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है। इस बीच, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई। महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो । कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।, जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाक़े से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख़्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की "कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गए, हम फिर आएंगे वही दौर लेकरयह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ी, जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी की, जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का ,है जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है। करे ने आगे बताया,"जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने एफ़आईआर दर्ज की है, यह एफ़आईआर आईपीसी की धारा 153(ए) और 34 के तहत दर्ज किया है, एफ़आईआर दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाक़े से गिरफ़्तार किया, इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।,"आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहाँ विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थी, जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थी, जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकठ्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 'कोल्हापुर बंद' का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी। इसके बाद तीसरी घटना महाराष्ट्र के बिड के अष्टि इलाक़े में सामने आई 9 जून के दिन एक 14 साल के लड़के ने अपने वाट्सएप पर औरंगजेब का स्टेटस रखा और उसने उसने औरंगज़ेब की तारीफ की थी। यह बात सामने आते ही इस मामले में एक शिकायत दर्ज कराई गई। बाद में, कुछ स्थानीय हिंदुत्ववादी संगठनों ने इस घटना के विरोध में 'बंद' का आवाहन किया था। और इस चौथी घटना में तो एक शख़्स ने औरंगज़ेब के राज्याभिषेक करने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी 10 जून के दिन महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर का यह मामला है जिसमे एक शख्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा था कि "औरंगजेब का राज्याभिषेक समारोह मनाओ" पोस्ट में कहा गया था कि 364 साल के बाद (औरंगज़ेब की) जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। इस मामले के सामने आने के बाद अताउर रहमान पटेल नाम के शख़्स के खिलाफ सिडको पुलिस में एफआईआर दर्ज किया था। 5वां मामला नवी मुंबई के वाशी इलाक़े से आया, यहां 10 जून के दिन एक मामला सामने आया जिसमे एक शख़्स बी औरंगज़ेब की तस्वीर अपने सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल पर लगा रखी थी, इसे देखने के बाद अमरजीत सुर्वे नाम के व्यक्ति की इसकी शिकायत वाशी पुलिस को की और फिर पुलिस ने मोहम्मद अली मोहम्मद हुसैन के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया था। छठवीं मामला महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कागल इलाक़े में हुआ, यहां 12 जून के दिन एक मामला सामने आया जिसमे फटाके की दुकान चलाने वाले फारुख यासीन असलकर नाम के शख़्स ने टीपू सुल्तान का पोस्ट अपने सोशल मीडिया पर किया जिसके बाद वहाँ हिंदू संघटना ने बंद का आवाहन किया पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ़्तार किया। 7वां मामला 12 जून के दिन महाराष्ट्र के अहमदनगर के पारनेर इलाक़े में हुआ, यहां एक 22 साल के लड़के ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट किया जिसके बाद वहाँ बंद का आयोजन किया गया। आठवाँ मामला उसी दिन यानी कि 12 जून को सांगली में हुआ, यहां एक नाबालिग बीजापुर के जनरल अफजल खान की तस्वीर को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिसके बाद उसके ख़िलाफ़ पुलिस को मामला दर्ज करना पड़ा। नौवाँ मामला लातूर के किल्लारी गाँव में हुआ, यहां 15 जून के दिन एक शख़्स ने औरंगज़ेब का पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल दिया जिसके बाद हिंदू संघटन के विरोध प्रदर्शन किया और कई दुकानों को बंद करवाया गया था ।

औरंगजेब पर सियासी घमासान

महाराष्ट्र में अबू आजमी सपा के ताकतवर नेता माने जाते हैं। सोमवार को उन्होंने औरंगजेब पर विवादास्पद बयान दिया। जिसे लेकर महाराष्ट्र में सियासी घमासान मच गया है। उनका बयान हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला माना गया है। शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने भी आजमी की आलोचना की है और उन्हें ज्यादा महत्व न देने का आग्रह किया है। इसके बावजूद पक्ष-विपक्ष आमने-सामने है। इसी बीच संजय राउत ने अबु आजमी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कोई इतिहास संशोधक नहीं है। संजय राउत ने कहा, 'क्या जरूरत है अबु आजमी जैसे आदमी को इतनी अहमियत देने की। उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। 'इंडिया' वाले उनको बहुत महत्व देते हैं। इधर ठाणे में वागले एस्टेट पुलिस ने समाजवादी पार्टी विधायक अबू आसिम आज़मी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि अबू आज़मी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ में कुछ बातें कही थीं। इन बातों से हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजपा सांसद नरेश गणपत म्हस्के और शिवसेना नेताओं ने ठाणे के वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि आज़मी ने औरंगजेब के शासनकाल की तारीफ की। औरंगजेब के अत्याचारों को उन्होंने कमतर बताया। आजमी की यह बात लोगों को नागवार गुजरी। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के तहत दर्ज किया गया है। इसमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने (धारा 299), धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने (धारा 302) और मानहानि (धारा 356(1) और 356(2)) से संबंधित धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने जांच इसलिए शुरू कर दी है कि अबु आज़मी ने कहा है कि औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। आजमी ने कहा, 'औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। वाराणसी में, उन्होंने एक हिंदू बच्ची को पुजारी से बचाया, जिसकी उस पर बुरी नजर थी। उसने पुजारी को हाथियों से कुचलवा दिया था। अपने रुख का बचाव करते हुए, उन्होंने आगे कहा, 'मैं औरंगजेब को क्रूर शासक नहीं मानता। उस दौर में सत्ता संघर्ष राजनीतिक थे, धार्मिक नहीं। औरंगजेब की सेना में कई हिंदू थे, जैसे छत्रपति शिवाजी की सेना में कई मुस्लिम थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि औरंगजेब के शासनकाल में, भारत की क्षेत्रीय सीमाएं अफगानिस्तान तक फैली हुई थीं। इसलिए उस शासक को धार्मिक दृष्टिकोण से गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है। उनकी इन टिप्पणियों ने ही महाराष्ट्र में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज़मी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। शिंदे ने आज़मी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए माफी की मांग की। उन्होंने कहा, 'उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए क्योंकि छत्रपति संभाजी महाराज एक देशभक्त और सच्चे राष्ट्रवादी थे। औरंगजेब संभाजी महाराज की क्रूर 40-दिवसीय यातना और फांसी के लिए जिम्मेदार था। औरंगजेब के शासन का महिमामंडन करना गंभीर अपराध है, और इसके लिए अबू आज़मी को माफी मांगनी चाहिए। एक देशभक्त के खिलाफ बोलकर, उन्होंने खुद को राष्ट्र-विरोधी के रूप में पेश किया है, जिसकी सर्वत्र निंदा होना चाहिए।

होली वाटर या पवित्र जल

गौरीशंकर दुबे

एक बार मुझे किसी काम से एक स्कूल जाना पड़ा। वहां मैं हेड मिस्ट्रेस से मिलने गया। उनके टेबल पर जल रखा था जिस पर होली वाटर लिखा था। उस समय उस पर मैंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया।आज देखता हूं कि कोई पार्टी हो या सेमिनार, अधिकारियों मंत्रियों के टेबल में एक - एक बोतल बिसलेरी रखा रहता है। पवित्र जल की तरह। आज जमाना बोतलबंद पानी है। बोतल बंद पानी को देखकर मैं भी उसे पवित्र जल समझता था । गंगाजल की तरह। गंगाजल हमारे देश में पवित्र जल के रूप में माना जाता है। हेड मिस्ट्रेस के टेबल में रखे (होली वाटर) जल की तरह। बोतलबंद जल को देखकर लगता था कि यह गंगाजल होगा। हम लोगों के घर में डिब्बे में गंगाजल रखा रहता है। गंगाजल पवित्र जल होता है। सामान्य व्यक्ति बोतल बंद पानी का स्वाद नहीं जानता है। ट्रेन से यात्रा करने पर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म के नल का पानी बोतलबंद पानी से उच्च क्वालिटी का होता है , अधिकांश लोग उसी का उपयोग करते हैं। वह उसके लिए पवित्र जल होली वाटर है।आज आर - ओ वाटर का समय है। मिनरल वॉटर की एक श्रृंखला सी है। हमारे देश में मिनरल वाटर में प्रमुख रूप से एक्वाफिना ,बैली ,क्लियर ,किनले , बिसलेरी , टाटा कापर , किंगफिशर, हिमालयन , शिवनाथ और रेल नीर आदि हैं। रेल यात्री प्लेटफार्म पर उपलब्ध ड्रिंकिंग वाटर या रेल नीर का उपयोग करते हैं। बिसलेरी लोगों की पसंदीदा और किफायती है। इसीलिए शासकीय आयोजनों में होली वाटर की तरह बिसलेरी सबके टेबल में विराजमान होती है। हमारे देश में आज मिनरल वाटर का कारोबार जोर-शोर से फैला हुआ है। सभी आज आर ओ वाटर पीना चाहते हैं। हर कोई इसके जाल में फंस गया है। चाहे वह गांव का व्यक्ति हो या शहर कस्बा का, सब किनले , एक्वा , बिसलेरी की मांग कर रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक शासकीय आयोजनों, बैठकों में वर्ष भर में करोड़ों रुपए की बिसलेरी पी जाती हैं। करोड़ों रुपए पानी में पानी की तरह बहा दिया जाता है। शासकीय आदेश जारी कर सड़कों अपने घर से पीने का स्वच्छ जल लेकर आने को कहना चाहिए, या शासकीय कार्यालयों में उपलब्ध ड्रिंकिंग वाटर या पेयजल को छानकर पीना चाहिए। वह भी प्राकृतिक मिनरल वाटर है। कुएं का पानी अथवा बोर का ही पानी शासकीय आयोजनों में उपयोग करना चाहिए। बड़े करते हैं तो उसका अनुकरण छोटे लोग करते हैं। पुराने समय के बड़े बूढ़े कहते थे। पानी पीयो छानकर, गुरु बनाओं जानकर।

लोग कुआं ,नल ,बोर का पानी छानकर पीते हैं, गांव के लोग तालाब ,नदी का पानी छानकर पीते हैं। यही उनके लिए पवित्र जल है । मिनरल वाटर भी है। मेरा भी अनुभव है कि गांव में हैंडपंप के पानी में दाल नहीं गलती. लोग तालाब के पानी में दाल बनाते हैं। पता नहीं क्या गणित है, हमें मानना पड़ता है। आज का समय में पानी पीयो बोतलबंद आर ओ और गुरु बनाओं कोचिंग सेंटर जान कर है। हंड्रेड परसेंट मार्क्स दिलाता है कि नहीं। शहरों के घरों में लिव प्योर ,कैंट आर ओ एवं लोकल आर ओ का फैल गया है। वह समय गया जब लोग कुएं का पानी दूर से मंगवा कर पीते थे। मीठा लगता है, कहकर पंडित जी के कुएं से मंगवा कर पीते थे।

आज गांव के लोग भी बोर के पानी को वापरते हैं। आर ओ वाटर पीने के बाद भी उतनी बीमारियां होने लगी है। कुएं का पानी पीकर स्वस्थ थे। भले ही कोई गिर जाए, निकालकर फिर पीते थे। आज लगभग सभी कुओं को शहरों में पाटकर दुकान बना लिया गया है।

एक ही छत के नीचे अजनबी

श्वेता नायर

धर्म, अर्थ, काम में, मैं कभी तुम्हारा साथ नहीं छोड़ूंगा, यह वचन देकर, मैं पूरे सौ वर्षों तक तुम्हारी छाया बनकर तुम्हारी रक्षा करूंगा। यह जॉनी फिल्म का एक गाना है... नवविवाहित जोड़े शादी के बंधन में बंधते समय शादी की कसमें खाते हैं। चाहे पुरुष हो या महिला, दोनों को जीवन भर एक-दूसरे के साथी, छाया, प्रेम और स्नेह के साथ मित्रता के बंधन में रहना चाहिए। अतीत में, हमारे दादा-परदादा के समय में, विवाह प्रणाली बहुत मजबूत और अधिक प्यारी थी, चाहे कितने भी मतभेद हों, वे समझौता करते थे और जीवन भर साथ रहते थे। वे आदर्श दंपति के रूप में खड़े होते थे और पारिवारिक व्यवस्था और वैवाहिक बंधन को संरक्षित करते थे। लेकिन आजकल, इस पीढ़ी के जोड़े कुछ घंटे भी एक साथ नहीं रह पाते हैं। एक ही छत के नीचे रहते हुए, वे अजनबियों की तरह व्यवहार करते हैं।

₹श्वेता नायर तेलंगाना उच्च न्यायालय की एक युवा वकील हैं। पेशे में डिग्री लेकर आने के बाद से, उन्होंने आज की विघटित हो रही विवाह प्रणाली के बारे में अपने शब्दों में कहा...₹, ₹मैंने हाल ही में ऐसे मामलों में वृद्धि देखी है - तलाक बढ़ रहे हैं। यह उन सामान्य कारणों की तरह नहीं है जो हमें पहले पता थे, जैसे बेवफाई या क्रोध और घृणा से भरे जहरीले रिश्ते।

यह कुछ अलग है। वे बस चुपचाप अलग हो रहे हैं। यह बेवफाई के कारण नहीं है, जोड़ों के बीच झगड़े के कारण नहीं, बल्कि चुप्पी के कारण है। वे उदासीन हो रहे हैं। वे एक घर, एक बिस्तर, एक जीवन साझा करते हैं - फिर भी वे अजनबी बने रहते हैं। उनके बीच बातचीत दूर होती जा रही है।

आयशा और रोहन 12 साल से शादी के बंधन में हैं। बाहर से देखने पर, उनके पास सब कुछ है - एक सुंदर घर, स्थिर नौकरियाँ और दो प्यारे बच्चे। उनके बीच चीजें फेंकने वाले तर्क नहीं हैं, नाटकीय तकरार नहीं हैं।फिर भी, एक दिन, आयशा ने अपना बैग पैक किया और चली गई। जब उसके दोस्तों ने कारण पूछा, तो उसके पास बताने के लिए कोई बड़ा कारण नहीं था। ₹उन्होंने मुझे कभी चोट नहीं पहुंचाई। उन्होंने कभी धोखा नहीं दिया। लेकिन हमने कभी 'हम' होना बंद कर दिया।₹

वह उस पर गुस्सा नहीं थी। वह बस... खाली थी। रोहन ने भी ऐसा ही महसूस किया। वे इतनी धीरे-धीरे दूर हो गए कि उनमें से किसी ने भी इसे होते हुए नहीं देखा। किसी बिंदु पर, उनके बीच बातचीत बच्चों, घर के कामों और विभिन्न बिलों और दैनिक कार्यालय अनुसूची के बारे में थी। रातें चुपचाप भोजन में बदल गईं। उनके बीच की मुस्कुराहट भी मोबाइल फोन पर छोटी-छोटी सूचनाओं में बदल गईं।

वे लड़ नहीं रहे हैं, लेकिन वे एक-दूसरे से जुड़ नहीं रहे हैं। वे एक ही छत के नीचे अजनबी बन गए हैं।यह आधुनिक विवाह संकट है। यह केवल आयशा और रोहन की कहानी नहीं है। यह लगभग हर जगह हो रहा है। आजकल शादियाँ बड़ी बेवफाई के कारण नहीं, बल्कि लापरवाही भरी चुप्पी के कारण टूट रही हैं।

हम हमेशा जुड़े रहने वाले समय में जी रहे हैं, फिर भी पहले से कहीं अधिक अलग हैं। हमारी नौकरियाँ हमारे समय की मांग कर रही हैं। स्क्रीन हमारा ध्यान भटका रही हैं और काम का तनाव पति-पत्नी के बीच भावनात्मक अंतरंगता को दूर कर रहा है। दंपति को एक दिन एहसास होता है कि उनके बगल में बैठा व्यक्ति जीवनसाथी की तुलना में वेतन साझा करने वाले रूममेट की तरह है।

प्यार को पोषण की आवश्यकता होती है।

प्यार एक पल में नहीं मरता। यह छोटी-छोटी बातों में धुंधला हो जाता है, जैसे कि वे बातचीत जो हम नहीं करते हैं, वे हँसी जो हम साझा नहीं करते हैं, वे पल जिन्हें हम अनदेखा करना चुनते हैं।सच तो यह है कि रिश्तों को बहुत प्रयास की आवश्यकता होती है। महान इशारे नहीं, उनके बीच दैनिक छोटे-छोटे जुड़ाव के कार्य पर्याप्त हैं, छोटी-छोटी छुअनें पर्याप्त हैं। ₹आज तुम्हारा दिन कैसा रहा?₹ पूछने के बजाय कमरे के इधर-उधर से मोबाइल फोन के माध्यम से छोटी-छोटी बातचीत करना उनके बीच आत्मीय बंधन को दूर करने का कारण है। इसके बजाय, आँखों के संपर्क से एक पल के लिए दिल से अभिवादन करना और बगल में साथी होने का अनुभव आवश्यक है।

विवाह केवल एक साथ रहना नहीं है - यह एक साथ बढ़ना भी है। यदि हम हर दिन एक-दूसरे को सक्रिय रूप से नहीं चुनते हैं, तो एक दिन हमें पता चलेगा कि हम सिर्फ अजनबी बन गए हैं। विवाह केवल एक घर और शरीर साझा करना नहीं है; यह दो लोगों का एक साथ एक अद्भुत जीवन का निर्माण करना है। एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करना, चुनौतियों पर काबू पाना, एक-दूसरे से लगातार सीखना और एक-दूसरे के साथी और छाया के रूप में एक साथ बढ़ना एक सफल विवाह का आदर्श है। यही असली प्रमाण है।जीवन में बदलाव के अनुकूल व्यक्तिगत और पारस्परिक विकास के लिए आपसी समझ के साथ प्रतिबद्ध होने पर, प्रेम और मजबूत होता है। इसमें धैर्य, प्रयास और भावनात्मक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी बढ़ने की इच्छा की आवश्यकता होती है। जब दो लोग इस यात्रा को एक साथ अपनाते हैं, तो उनका बंधन मजबूत होता है, एक नींव को मजबूत करता है जो समय की कसौटी पर खरा उतरता है।इसलिए, शायद, एक स्थायी रिश्ते का रहस्य केवल प्रेम नहीं है, बल्कि प्रेम का वास्तविक अस्तित्व है। एक वास्तविक मित्रता बंधन जो एक जोड़े द्वारा साझा किए गए व्यक्तित्व के अनुरूप बनाया गया है। इसे समझने और शादी के दिन के वादों के सात कदमों के रास्ते को जीवन भर जारी रखने की आवश्यकता है।

अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में मास्टर छोटूराम



डॉ सत्यवान सौरभ

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। क भी कलाकारों के फ़न ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस ज़माने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है।

कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हाँ, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गाँव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली। छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों; शहीद भगतसिंह, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुँचाया है। देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे व सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी क़ीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज़ करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है।

'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फ़िल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहासिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यू ट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नज़र आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके। जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएँ वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएँ समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है।

सरकारी दफ्तर की गहरी चाय



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सुबह के नौ बजे थे। सरकारी दफ्तर में हलचल शुरू हो चुकी थी, या कहें कि आलस्य ने अंगड़ाई ले ली थी। बाबूजी अपनी कुर्सी पर ऐसे विराजमान थे जैसे सम्राट अपने सिंहासन पर। पान चबाते हुए उन्होंने घड़ी पर नजर डाली और निश्चिंत होकर एक लंबी अंगड़ाई ली। साहब अभी नहीं आए हैं, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा करें, यह संवाद सरकारी कार्यालयों की शाश्वत आत्मा है। फाइलों की मोटाई देखकर अनुमान लगाया जा सकता था कि वे वर्षों से सो रही हैं और आज भी उठने के मूड में नहीं हैं। बाहर बैठे रामलाल जी, जो पिछले तीन सालों से अपनी पेंशन के लिए चक्कर काट रहे थे, खंखार कर बोले, बेटा, एक चाय तो पिला दो, तब तक सरकार जाग जाए। सरकारी दफ्तरों में चाय महज एक पेय नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है। यह निर्णय लेने, टालने, और फाइलें दबाने का प्रमुख अनुष्ठान है। चाय वाले गुप्ता जी की दुकान पर सजीव बहस चल रही थी— देश बदल रहा है! लेकिन बाबूजी नहीं बदल रहे! चाय का कप उठाते ही बहस और तीखी हो जाती, जैसे इसमें अदरक के साथ-साथ क्रांति भी पड़ी हो। उधर अंदर, बाबूजी की टेबल पर एक अर्जी धरी थी, जिस पर धूल इतनी मोटी थी कि अगर उसे झाड़ दिया जाए तो उसमें से इतिहास की धारा निकल आए। सर, यह फाइल चार महीने से पड़ी है। क्लर्क ने साहब से कहा। साहब ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए उत्तर दिया, इतिहास बनते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र में हर चीज़ अपनी गति से चलती है, बस यह मत पूछो कि किसकी गति से। पीछे खड़े चपरासी ने धीरे से कान में कहा, सर, फाइल के साथ मिठाई भी आई है। साहब ने चश्मा ऊपर किया और बोले, अब समझ आया कि यह फाइल इतनी तेजी से क्यों दौड़ रही है! रामलाल जी की उम्मीदें सरकारी मशीनरी से भिड़ रही थीं। वह बोले, बेटा, मैं तीन साल से इस पेंशन के लिए चक्कर काट रहा हूँ। मेरी उम्र अब दौड़ने की नहीं रही। बाबूजी ने दार्शनिक अंदाज में कहा, संयम रखिए काका, पेंशन मिलनी तय है, लेकिन कौन-सी पीढ़ी को मिलेगी, यह कहना मुश्किल है। फिर अचानक मुस्कुराए, चलिए, चाय पीते हैं, सोचते हैं। चाय आई, और चाय के साथ एक नई बहस, यह जो सरकार है न...सरकारी दफ्तरों की फाइलें कभी रिटायर नहीं होतीं, केवल कर्मचारियों की आत्मा ही हार मानती है। जैसे ही रामलाल जी ने फिर से निवेदन किया, बाबूजी ने कान खुजलाते हुए कहा, देखिए, चीजें अपने समय पर होती हैं। आपने सुना नहीं, 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी!'

रामलाल जी निराश होकर बोले, और मैं कहता हूँ, 'चाय हटी, काम अटका!' पूरे दफ्तर में ठहाके गूंज गए। बाबूजी बोले, ₹बिल्कुल सही! चलो, एक और चाय मंगाते हैं।

इसी बीच, एक युवक आया, चेहरे पर जोश था। उसने ऊँची आवाज़ में कहा, ₹सर, मेरे आवेदन का क्या हुआ?₹ बाबूजी ने उसे ऊपर से नीचे तक देखा और बोले, ₹नौजवान, धैर्य रखो! सब्र का फल मीठा होता है। और वैसे भी, सरकारी काम का फल जितना देर से मिलता है, उतना ही लजीज लगता है! युवक भड़कते हुए बोला, लेकिन सर, मैं तीन महीने से आ रहा हूँ! बाबूजी हंसे, बस! तीन महीने? अरे, रामलाल जी तीन साल से चक्कर लगा रहे हैं, और देखो कितने स्वस्थ हैं!

युवक ने गहरी सांस ली और फाइल पर जमी धूल को झाड़ते हुए कहा, सर, क्या यह अर्जी मेरे जीते-जी पूरी होगी? बाबूजी ने गंभीरता से कहा, युवक, जीवन एक संघर्ष है, और सरकारी प्रक्रिया एक तपस्या। जो इसे समझ गया, वह निर्वाण को प्राप्त कर सकता है। पास बैठे चपरासी ने हंसते हुए कहा, सर, इसका मतलब यह हुआ कि यहाँ नौकरी करना भी एक योग साधना है? बाबूजी बोले, बिल्कुल! और चाय इसका प्रसाद है!

रामलाल जी के चेहरे पर एक अजीब-सी हँसी थी। उन्होंने बाबूजी की तरफ देखा और बोले, सर, आप सही कह रहे हैं।

होलाष्टक में जलाएं आटे का पंचमुखी दीपक

ऐसे लगाएं 5 जोत, होली से पूरे साल तक खूब आएगा पैसा!

होलाष्टक का समय मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक के समय को होलाष्टक कहा जाता है। इस साल होलाष्टक का प्रारंभ 7 मार्च से हो रहा है, जो होलिका दहन 13 मार्च तक रहेगा। होलाष्टक को उपाय और टोटकों के लिए बड़ा ही उपयोगी समय माना जाता है। होलाष्टक में आप धन की प्राप्ति के लिए पंचमुखी दीपक और हनुमान जी से जुड़ा उपाय कर सकते हैं। इस उपाय को करने से होली से लेकर पूरे एक साल तक आपके पास पैसे का आगमन होगा। हनुमान जी की कृपा से आप पर माता लक्ष्मी प्रसन्न रहेंगी। उज्जैन के महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिषाचार्य डॉ। मृत्युञ्जय तिवारी से जानते हैं होलाष्टक में पंचमुखी दीपक और हनुमान जी का उपाय।

होलाष्टक में पंचमुखी दीपक के उपाय की विधि

होलाष्टक का प्रारंभ 13 मार्च से हो रहा है, इसलिए आप उस दिन से होलिका दहन तक उपाय करें। इसमें आप होलाष्टक के पहले दिन दोपहर में हनुमान जी की पूजा करें। अगर दोपहर में समय नहीं है तो सुबह या शाम में कर सकते हैं।

आप आटे से एक दीपक बना लें। उसमें पांच मुख होना चाहिए, जिसे पंचमुखी दीपक कहा जाता है। आटे के पंचमुखी दीपक में रूई से बने 5 जो लगा दें। दीपक में गाय का शुद्ध घी डालें। यदि घी नहीं है तो शुद्ध तिल के तेल का उपयोग करें। दीपक तैयार करने के बाद उसे जलाएं। इस दीपक को आप सुबह, दोपहर या शाम में कभी भी जला सकते हैं, जब आपके पास समय हो।

दीपक जलाने के बाद हनुमान जी का दर्शन करें, उनके मंदिर में जाकर पूजा करें। या फिर आप आपने घर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित करें। यह हनुमान जी की पंचमुखी मूर्ति हो तो और भी उत्तम है। उस पंचमुखी दीपक में 5 लौंग डालकर हनुमान जी के समक्ष रख दें।

इसके बाद हनुमान जी के समक्ष आसन पर बैठकर पूजा करें। पूजा में आपको हनुमान चालीसा का पाठ करना है। होलाष्टक के प्रत्येक दिन में आपको हनुमान चालीसा का 3 पाठ करना है।

होलाष्टक के अंतिम दिन यानि होलिका दहन को पूजा के बाद उस पंचमुखी दीपक को जल में प्रवाहित कर दें।

हनुमान जी की मूर्ति जो स्थापति की है, उसकी प्रतिदिन पूजा करें। हनुमान जी के आशीर्वाद से आपके जीवन के सभी कष्ट, रोग, दोष आदि दूर होंगे। धन प्राप्ति के मार्ग खुलेंगे। होलाष्टक के समय में हनुमान जी की पूजा और पंचमुखी दीपक का उपाय करने से धन प्राप्त होता है। हनुमान जी सभी प्रकार के विघ्न और बाधाओं को दूर करते हैं। उस व्यक्ति पर माता लक्ष्मी की कृपा होती है।

होलाष्टक में 8 दिन यानि अष्टमी से पूर्णिमा तक किए जाने वाले इस उपाय से होली से पूरे साल भर धन आगमन होगा। संकट दूर होंगे, बिजनेस में उन्नति होगी।

एक व्यक्ति ने विवेकानंद से पूछा– खूब मेहनत करता हूं

लेकिन मुझे सफलता क्यों नहीं मिलती?

स्वामी विवेकानंद से जुड़ा किस्सा है। स्वामी विवेकानंद अपने आश्रम में उपदेश दे रहे थे। उनके उपदेश सुन रहे लोगों में से एक व्यक्ति उठा और स्वामी जी से प्रश्न पूछने लगा कि उसे सफलता क्यों नहीं मिलती है। वह लगातार प्रश्न पूछ रहा था और बहस भी कर रहा था। वह व्यक्ति कह रहा था कि मैं दिनभर कई काम करता हूं, खूब मेहनत करता हूं, लेकिन मेरा कोई भी काम पूरा नहीं हो पाता है। मैं सफल नहीं हो पा रहा हूं।

विवेकानंद जी ने उस व्यक्ति को समझाने की कई बार कोशिश की। वे कुछ समझाने की कोशिश करते, उससे पहले वह व्यक्ति फिर से बोलना शुरू कर देता, वह चुप ही नहीं हो रहा था। स्वामी शांत हो गए, लेकिन वे समझ गए थे कि इस व्यक्ति का कहना ये है कि ये मेहनत बहुत करता है, लेकिन इसे सफलता नहीं मिलती है।

जब वह बोलते-बोलते थक गया, तब स्वामी जी ने उस व्यक्ति से कहा कि मैं आपके प्रश्नों का उत्तर दूंगा, लेकिन उससे पहले क्या आप मेरा एक काम कर सकते हैं?

व्यक्ति ने कहा कि बताइए, क्या काम है?

स्वामी जी ने कहा कि हमारे आश्रम में एक कुत्ता है, आप उसे कुछ देर घुमा लाइए। जो व्यक्ति उसे घुमाने ले जाता है, वह अभी है नहीं, आज आप ही उसे घुमा लाइए। ये कुत्ता बड़ा आज्ञाकारी है।

स्वामी जी की बात मानकर वह व्यक्ति कुत्ते को घुमाने ले गया। एक घंटे बाद वह व्यक्ति कुत्ते को घुमाकर लौटा। व्यक्ति तो कम थका हुआ था, लेकिन कुत्ता बहुत ज्यादा थक गया था, उससे चलते भी नहीं बन रहा था।

विवेकानंद जी ने उस व्यक्ति से पूछा कि आप दोनों साथ में गए थे और साथ में ही लौटे, लेकिन ये कुत्ता तो बहुत अधिक थका हुआ है और आप कम थके हैं। ऐसा क्यों हुआ?

उस व्यक्ति ने कहा कि जिस गली में इसे दूसरे कुत्ते दिख जाते, ये उस गली में दौड़ लगा देता, फिर मैं रस्सी पकड़कर इसे वापस लेकर आता। थोड़ा आगे बढ़ते तो फिर ये दौड़ लगा देता, पूरे समय ये दौड़ता रहा, इस कारण इसे थकना ही था। इसके मुकाबले मैंने परिश्रम कम किया, इसलिए मैं नहीं थका।

स्वामी जी ने कहा कि मुझे लगता है कि आपको आपके प्रश्नों का हल मिल गया होगा। आप दिनभर लगातार एक साथ कई काम करने के लिए दौड़ते रहेंगे तो आपकी ऊर्जा नष्ट हो जाएगी, थक जाएंगे, लेकिन कोई भी काम पूरा नहीं होगा। पहले कोई एक काम तय करें, खुद को केंद्रित करें और फिर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। एक समय में एक ही काम पर पूरा ध्यान लगाएंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

स्वामी विवेकानंद जी की सीख

हमें अनेक लक्ष्य के पीछे भटकने की जगह एक लक्ष्य तय कर लेना चाहिए। अपने परिश्रम को बहुत अधिक दिशाओं में व्यर्थ न करें। सोच-समझकर एक ही जगह अपनी ऊर्जा लगाएं।

आप भी घर के लिए खरीदते हैं पुराना फर्नीचर तो हो सकता है बडा नुकसान

पुराना फर्नीचर स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है

जो फर्नीचर पुराना या खराब रखरखाव वाला है, उसमें एलर्जी के बैक्टीरिया धूल और कीड़े हो सकते हैं। कई बार पुराने फर्नीचर में खटमल हो जाते हैं और जब आप ऐसा कोई फर्नीचर घर ले आते हैं तो वो खटमल आपके घर में भी आ सकते हैं। फिर भी शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से परे, वास्तु का मानना है कि इससे घर में नकारात्मक कंपन बढ़ता है। परिवार के सदस्यों को अस्पष्टीकृत स्वास्थ्य समस्याएं, थकान या तनाव का अनुभव हो सकता है।

पुराना फर्नीचर घर की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में रखा टूटा-फूटा या खराब स्थिति वाला फर्नीचर नकारात्मक ऊर्जा का कारण बनता है और आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। ऐसा फर्नीचर न केवल घर की सुंदरता को कम करता है, बल्कि यह समृद्धि और सुख-शांति के प्रवाह में भी बाधा उत्पन्न कर सकता है। पुराना और क्षतिग्रस्त फर्नीचर अक्सर वित्तीय अस्थिरता का प्रतीक माना जाता है। यह घर में धन की कमी, अनावश्यक खर्च, और अप्रत्याशित आर्थिक समस्याओं का कारण बन सकता है। विशेष रूप से यदि वह फर्नीचर खराब स्थिति में हो या लंबे समय से उपयोग में न आ रहा हो, तो यह घर के ऊर्जा चक्र को असंतुलित कर सकता है।

घर में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने और आर्थिक समृद्धि के लिए पुराने और टूटे हुए फर्नीचर को या तो मरम्मत करवाना चाहिए या हटा देना चाहिए। वास्तु विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसा करने से घर में शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है, जो आर्थिक उन्नति और खुशहाली के लिए अनुकूल होता है। इसलिए, घर की ऊर्जा को संतुलित रखने के लिए फर्नीचर की स्थिति पर ध्यान देना जरूरी है।

पुराना फर्नीचर घर के रिश्ते में तनाव का कारण बन सकता है

अशांत वातावरण से जुड़ा पुराना फर्नीचर पारस्परिक संबंधों को प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, जिस घर में बार-बार बहस होती है, उसका बिस्तर परिवार के सदस्यों के बीच गलतफहमी और झगड़े का कारण बन सकता है। कई बार पुराना फर्नीचर आपके रिश्तों में तनाव का कारण भी बन सकता है। खासतौर पर यदि आप अपने सोने के स्थान पर पुराना फर्नीचर रखते हैं तो आपके वैवाहिक जीवन में भी तनाव आ सकते हैं। आपके जीवनसाथी के साथ संबंध खराब हो सकते हैं।

प्रतिकूल ऊर्जा की आभा वाला पुराना फर्नीचर आपकी प्रगति को भी अवरुद्ध कर सकता है। यह करियर के विकास को प्रभावित कर सकता है, शैक्षिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न कर सकता है, या आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न कर सकता है।

इन्हीं कारणों से आपको घर पर पुराना फर्नीचर न रखने की सलाह दी जाती है और आप जब भी घर के लिए कोई भी सामान खरीदें तो कोशिश करें कि नया सामान ही लें।

वास्तु : नैऋत्य और ईशान में बने टॉयलेट को तोड़े बिना कोई निदान नहीं

वास्तु में गलत बने मकानों का वास्तुशास्त्रियों की देखरेख में निदान कराए जाते हैं। निदान होते भी है। इन्हें आम बोलचाल की भाषा में वास्तु रेमेडिज कहते हैं। लेकिन कुछ निर्माण ऐसे होते हैं जिनका कहीं कोई निदान नहीं होता है। यदि कोई वास्तुशास्त्री आपको ऐसी विसंगतियों के लिए भी रेमेडी बताए तो जान लीजिए कि आपको ठगा जा रहा है।

ऐसी ही एक समस्या है शौचालय के निर्माण की। आपके घर में कई बार ऐसी जगह शौचालय बन जाते हैं जो वहां रहने वालों के लिए बीमारियों और आर्थिक समस्याओं का सबब बन जाते हैं। कई बार ऐसा देखने में आता है कि घर में दवाइयों का सिलसिला और अस्पतालों में आने-जाने का चक्कर लगा ही रहता है। इसके अलावा आप जितना कमाते हो, उससे अधिक खर्च होने लग जाता है।

कई बार ऐसी समस्याएं आन खड़ी जिसमें अचानक काफी पैसा लग जाता है। आप समझ ही नहीं पाते ये हो क्या रहा है। ऐसे में अपने घर को चैक कीजिए कि कहीं आपके घर में शौचालय सही जगह है अथवा नहीं। ईशान कोण में बना शौचालय तो आपके परिवार के किसी भी सदस्य को गंभीर रोगी बना सकता है। प्रसिद्ध वास्तुशास्त्रियों का मत है कि कोई बड़ी बात नहीं है ईशान में शौचालय होने से कैंसर जैसा असाध्य रोग भी हो जाए।

दरअसल ये देवताओं का स्थान है। कई वास्तुशास्त्री ईशान कोण में शौचालय की रेमेडी ये बताते हैं कि आप शौचालय की पॉट के चारों तरफ नीली या हरी पट्टी बना दें। इसी प्रकार नेऋत्य कोण में यदि आपका शौचालय है तो ये घर के मुखिया या कमाने वाले व्यक्ति को रोगी बना सकता है। यहां का शौचालय अक्सर हृदय से संबंधित समस्याएं खड़ी कर देता है।

इसकी रेमेडी में कई वास्तु शास्त्री आपको कह सकते हैं कि आप शौचालय की पॉट के चारों तरफ दो इंच की पीली या भूरी पट्टी बना दीजिए। हमारा मानना है कि इन दोनों महत्वपूर्ण कोणों में शौचालय बना है तो उसका कोई निदान किसी भी सूरत में संभव नहीं है। निदान सिर्फ इतना है कि आपको तुरन्त प्रभाव से यहां पर बना शौचालय हटाकर किसी दूसरी जगह बना देना चाहिए अन्यथा आपके जीवन से समस्याएं कभी खत्म नहीं होगी।

शौचालय कहां नहीं होना चाहिए:

मकान के दक्षिणी पश्चिमी कोण जिसे नेऋत्य कहते हैं, मकान का उत्तर-पूर्वी कोण जिसे इशान कहते हैं, मकान का पूर्व-दक्षिण कोण जिसे अग्निकोण कहते हैं। इसके अलावा सीढ़ियों के नीचे भी शौचालय उचित नहीं है।

तो फिर शौचालय कहां होना चाहिए:

शौचालय के लिए आप वावव्य कोण से कुछ दूरी पर बना सकते हैं। इसके अलावा दक्षिण से पश्चिम की तरफ खिसकाकर भी आप शौचालय बना सकते हैं।

10 मुखी रुद्राक्ष पहनने से क्या फायदा होता है?

अनिद्रा की शिकायत रहती है, उनके लिए 10 मुखी रुद्राक्ष रामबाण इलाज है।

- नवग्रह की शांति और वास्तु सम्बन्धी समस्या को मिटाने में भी 10 मुखी रुद्राक्ष फायदेमंद है।
- 10 मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को संसार में प्रसिद्धि और सम्मान प्राप्त होता है। साथ ही इसे धारण करने से शांति और सौंदर्य भी मिलता है।
- इसके अलावा 10 मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से व्यक्ति को कान और हृदय संबंधी परेशानियों, जैसे दमा आदि में भी राहत मिलती है।

10 मुखी धारण करने की विधि

रुद्राक्ष धारण करने के लिए सबसे पहले रुद्राक्ष को गंगाजल या शुद्ध जल से स्नान कराएं, फिर उस पर थोड़ा-सा चंदन घिस कर लगाएं। इसके बाद रुद्राक्ष को धूप दिखाएं और उस पर एक सफेद फूल चढ़ाएं। फिर शिवलिंग या शिव जी की फोटो या मूर्ति से रुद्राक्ष को स्पर्श कराकर 'ऊँ नमः शिवाय' मंत्र का कम से कम 11 बार जप करें।

अगर विभिन्न शास्त्रों के हिसाब से रुद्राक्ष पर मंत्र जप की बात की जाए तो - मंत्र महार्णव के अनुसार 10 मुखी रुद्राक्ष को धारण करने का मंत्र है- ऊँ ह्रीं नमः। शिव महापुराण के अनुसार - ऊँ ह्रीं नमः नमः।

पद्मपुराण के अनुसार - ऊँ क्षीं। साथ ही महामृत्युंजय मंत्र- ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥ इन मंत्रों का जप करके आप रुद्राक्ष को सिद्ध कर सकते हैं और उसे धारण कर सकते हैं या किसी उचित स्थान पर स्थापित कर सकते हैं।

10 मुखी रुद्राक्ष के फायदे

- 10 मुखी रुद्राक्ष मुख्य रूप से जादू-टोने और भूत-प्रेत के भय से बचाने के लिए बड़ा ही लाभकारी है।
- जिन लोगों को अकेलेपन से डर लगता है, जो हर समय चिंता से घिरे रहते हैं या जिन्हें

10 मुखी रुद्राक्ष के मंत्र

1. ऊँ अघोरेभ्यो अथ घोरेभ्यो घोर घोर तरेभ्यः सर्वेभ्यो सर्वशर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररुपेभ्यः
2. ऊँ नमः शिवाय

भगवान श्रीकृष्ण ने बताया, किन लोगों में होती है ईश्वरीय शक्ति

अगर किसी मनुष्य को उसके जीवन में यह संकेत मिलते हैं तो वह कोई साधारण मनुष्य नहीं है। यह तो सभी जानते हैं कि इस ब्राह्मण्ड के कण कण में ईश्वर का बास है। हर स्थान पर ईश्वर मौजूद है। यहां तक कि हमारे अंदर भी ईश्वर का ही बास है। भगवान भले ही प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देते हैं, किंतु हमें उनकी मौजूदगी का एहसास होता है। ऐसे संकेत यदि किसी व्यक्ति के अंदर दिखाई देते हैं वह कोई साधारण मानव नहीं बल्कि कोई विलक्षण शक्ति है। श्री कृष्ण ने ऐसे मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ कहा है। क्योंकि साधारण मनुष्य में ऐसे लक्षण नहीं होते हैं। ऐसे व्यक्तियों के अंदर जन्म से ही लक्षण दिखाई देने लगते हैं। ऐसे व्यक्ति जब बड़े हो जाते हैं तो संसार में यश-कीर्ति प्राप्त करते हैं। आइये जानते हैं किन लक्षणों से व्यक्ति विलक्षण हो जाता है।

भगवान श्री कृष्ण कहते हैं जो मनुष्य किसी भी कार्य को कर करते समय बिल्कुल भी नहीं डरता है और वह मौसम, परिस्थितियों आदि की बिल्कुल भी चिंता नहीं करता है।पूरी मेहनत और परिश्रम से वह अपने लक्ष्य पर बढ़ता जाता है। कितना भी बड़ा संकट हो वह व्यक्ति अपने कार्य को कभी बीच में नहीं छोड़ता है। भले-बुरे की चिंता किए बिना बिना विचलित हुए यह व्यक्ति अपने कार्य में लगा रहता है। इस व्यक्ति को खुद पर एवं ईश्वर पर संपूर्ण विश्वास होता है।

जिस व्यक्ति के अंदर विलक्षण प्रतिभा होती है, ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ऐसा व्यक्ति कभी जीवन में दूसरे व्यक्ति की बुराई नहीं करता है। निंदा, चुगली, कपट, छल आदि प्रपंचो से वह व्यक्ति दूर रहता है। ऐसे व्यक्ति को ईश्वरी कृपा प्राप्त होती है।

ऐसा व्यक्ति अपने दैनिक कार्यों से बचा हुआ समय ईश्वर की भक्ति, आराधना और नाम जप में व्यतीत करता है। ईश्वर को ही सत्य मानते हुए उसकी अनुभूति करता है। ऐसे व्यक्ति के आसपास ईश्वरी शक्ति का एक पवित्र घेरा बना रहता है। इस वजह से उसे ईश्वर का आभास होता रहता है।

ऐसा जातक समाज के प्रति अपना दायित्व समझते हुए पुण्य प्रताप के कार्य करता रहता है। आपदा एवं विपदा में मुसीबत में फंसे लोगों की, गरीब,लाचार, विकलांग व्यक्तियों की मदद करता रहता है।

ऐसा व्यक्ति कभी किसी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं करता है। ना ही किसी अन्य व्यक्ति का धन हड़पता है। समर्थ होते हुए भी वह कभी अत्याचार और पाप कर्म ना करके अपना जीवन दूसरों की भलाई में लगाता है।ना किसी की अजीविका पर चोट करता है। ना किसी जीव से घृणा करता है।

ऐसे जातक को किसी भी घटना का पूर्वाभास पहले से हो जाता है। यदि भविष्य में कुछ भी अच्छा या बुरा होने वाला होता है तो ऐसे जातक को उसके बारे में पहले से ही पता चल जाता है।

अवॉर्ड शो में अभिषेक बच्चन को देखते ही रेखा ने लगाया गले, अक्षय कुमार को किया इग्नोर

बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा रेखा का जिक्र होता है तो अमिताभ की चर्चा अपने-आप होने लगती है। रेखा के नाम के साथ अमिताभ बच्चन का नाम ऐसा जुड़ा है कि रेखा चाहकर भी नहीं मिटा सकती हैं, और सच तो ये है कि रेखा ये नाम अपने नाम से हटाना भी नहीं चाहती हैं वो अक्सर इशारों में ही सही लेकिन अमिताभ का जिक्र जरूर करती हैं। हाल ही में कुछ ऐसा हुआ कि फिर से उनका नाम के साथ बच्चन का नाम जुड़ने लगा लेकिन इस बार वजह अमिताभ नहीं बल्कि उनके बेटे अभिषेक बच्चन हैं।

मुंबई में एचटी स्टाइल अवॉर्ड्स में रेखा और अभिषेक एक स्टेज पर नजर आए। इस दौरान अभिषेक को देखकर रेखा ने उन्हें गले लगा लिया। दोनों ने कुछ देर तक आपस में कुछ बातचीत भी की। स्टेज पर रेखा पहले से मौजूद थीं और पहले अक्षय कुमार स्टेज पर आते हैं। मगर अक्षय-रेखा ने एक दूसरे को देखकर भी अनदेखा कर दिया। दोनों ने एक दूसरे को अभिवादन नहीं किया, मगर थोड़ी देर बाद जब अभिषेक बच्चन स्टेज पर आते हैं तो रेखा खुद

आगे बढ़कर अभिषेक को गले लगाती हैं और दोनों बातचीत करते भी दिखते हैं। सोशल मीडिया पर अभिषेक बच्चन के सम्मानजनक रवैये की तारीफ हो रही है वहीं लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर अक्षय कुमार और रेखा ने एक दूसरे को इग्नोर क्यों किया? वैसे आपको बता दें, 90s में रेखा का नाम अक्षय कुमार के साथ भी जुड़ा था। इनके अलावा स्टेज पर ए आर रहमान और शिखर धवन भी पहुंचे थे।

तलाक की अफवाहों के बीच सामने आया गोविंदा और सुनीता का वीडियो, बच्चों के सामने किया लिप किस तो सोशल मीडिया सामने आए ऐसे रिएक्शन

अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी ने साथ में किया डांस

इसी अवॉर्ड शो के दौरान अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी भी साथ में स्टेज पर आए। दोनों ने साथ में 'चुरा के दिल मेरा गोरिया चली' गाने को रीक्रिएट भी किया। सफेद ड्रेस में दोनों साथ में बहुत अच्छे लग रहे थे।

रेखा ने अपना अवॉर्ड जान्हवी कपूर को किया डेडीकेट

रेखा ने थर्ड जेनरेशन के एक्टर्स की तारीफ की उन्होंने अपना स्टाइल अवॉर्ड जान्हवी कपूर को समर्पित किया और कहा, "मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मैं वह दिन देख पा रही हूं जब तीसरी पीढ़ी के सभी अभिनेता, तकनीशियन, फैशन डिजाइनर इतना अच्छा कर रहे हैं। मैं अपना पुरस्कार उन सभी को समर्पित करना चाहता हूँ, सबसे पहले मेरी जान जान्हवी कपूर, मेरी ज़िंदगी की सबसे बड़ी खुशी।"

'मैं अपना जीवन बर्बाद कर रही हूं', 'इमली' फेम एक्ट्रेस ने वजन बढ़ने की टिप्पणी पर दिया जवाब

टेलीविजन धारावाहिक इमली से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह अपने वजन बढ़ने और लुक्स को लेकर हो रही टिप्पणी पर जवाब देती दिखाई दे रही हैं।

मैं अब थक चुकी हूं

टीवी अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने हाल ही में अपने लुक्स और वजन को लेकर हो रही टिप्पणी पर जवाब देते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में एक्ट्रेस ने लिखा कि उन्होंने अपने वजन और लुक्स को लेकर कुछ विक्टोरिया सीक्रेट मॉडल के कमेंट्स और ट्वीट पढ़े। इसे लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि वह पहले कभी इतनी परेशान नहीं हुई, कृपा करके यह सब कहना बंद कर दें और जीनें दें। आगे अभिनेत्री ने लिखा, 'अगर तुम्हें लगता है कि मैं अपनी जिंदगी बर्बाद कर रही हूं तो मुझे करने दो, क्योंकि मुझे पता है कि मैं क्या कर रही हूं, मैं अब थक चुकी हूं।'

बढ़ते वजन का बताया कारण

इस पोस्ट में सुम्बुल तौकीर ने अपने वजन बढ़ने के बारे में भी बताया। उन्होंने लिखा कि अचानक वजन बढ़ने का कारण हैं उनकी दवाइयां जो उनके न्यूरोलॉजिस्ट और साइकेट्रिस्ट ने दी थी। वो दवाइयां उन्हें सूट नहीं की, इस वजह से उनका वजन बढ़ गया है। साथ ही वह लिखती हैं कि अब चुप हो जाओ।

सुम्बुल तौकीर का वर्कफ्रंट

अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर की बात करें तो उन्होंने इमली सीरियल के अलावा बालवीर, गंगा, वारिस जैसे टीवी सीरियल्स में दिख चुकी हैं। एक्ट्रेस बिग बॉस 16 में भी दिख चुकी हैं। आखिरी बार उन्होंने जादू तेरी नजर में कैमियो किया था।

तलाक की अफवाहों के बीच सामने आया गोविंदा और सुनीता का वीडियो

बच्चों के सामने किया लिप किस तो सोशल मीडिया पर सामने आए ऐसे रिएक्शन

पिछले कुछ दिनों से गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता अहूजा को लेकर खबर आ रही है कि दोनों तलाक ले रहे हैं। हालांकि परिवार ने इस खबर को गलत बताया है और गोविंदा ने वकील ने कहा है कि दोनों के बीच सब ठीक है। मगर 6 महीने पहले सुनीता ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी। अब इसी बीच दोनों का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपने बच्चों के साथ गोविंदा का बर्थडे मना रहे हैं। इस वीडियो में दोनों एक दूसरे को लिप किस करते भी दिख रहे हैं।

ये वीडियो कब का है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन इस पर मिले जुले रिएक्शन सामने आ रहे हैं। वीडियो में गोविंदा केक काटते दिख रहे हैं और फिर सुनीता उन्हें केक खिलाती हैं और फिर गोविंदा उन्हें केक खिलाते हैं। इसके बाद सुनीता उनको किस करती हैं। कुछ

लोगों को लग रहा है कि ये देख कर उनके बच्चे टीना अहूजा और यशवर्धन अजीब महसूस कर रहे हैं, वहीं कुछ दोनों का प्यार देखकर खुश हैं। हालांकि कुछ का कहना है कि वीडियो पुराना है।

बता दें कि सुनीता ने हाल ही में कई इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने कई ऐसी बातें की, जिससे दोनों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। सुनीता ने कहा था कि वो अपने बच्चों के साथ एक घर में रहती हैं और सामने दूसरे घर में गोविंदा अकेले रहते हैं। उनकी इस बात को सुनकर फैंस को लगने लगा कि कपल के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। इसी बीच रेडिट पर एक यूजर ने दावा किया कि गोविंदा का नाम एक मराठी एक्ट्रेस के साथ जुड़ा है, जिसके कारण सुनीता और उनके बीच दूरियां आ गई हैं।

हालांकि अलग घर में रहने वाले बयान पर सुनीता का एक वीडियो भी सामने आया था, मगर फैंस ने रेडिट के पोस्ट को लेकर रिएक्शन देने शुरू कर दिए। सुनीता ने अपने वीडियो में कहा था, "अलग-अलग रहते हैं मतलब जब उन्होंने पॉलिटिक्स ज्वाइन की थी, तब मेरी बेटी जवान हो रही थी, सारे कार्यकर्ता घर पर आते थे। जवान बेटी है, हम हैं हम शॉर्ट्स पहनकर घर में घूमते हैं तो इसलिए हमने सामने ऑफिस लिया था। हमको, मेरे को और गोविंदा को अगर कोई अलग कर दे, किसी का माई का लाल तो सामने आ जाए" पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें

बता दें कि गोविंदा के वकील ने बताया था कि सुनीता को कुछ गलतफहमी हो गई थी जिसके कारण उन्होंने 6 महीने पहले तलाक की अर्जी लगाई थी, लेकिन दोनों के बीच अब कोई मनमुटाव नहीं है। अब वो साथ रहते हैं और खुश हैं। दोनों नए साल पर साथ में नेपाल भी गए थे। ललित बिंदल का कहना है कि कपल के बीच ऐसी बातें होती रहती हैं, लेकिन उनका रिश्ता काफी स्ट्रॉन्ग है और वो कभी एक दूसरे से अलग नहीं होंगे।

एटली की फिल्म के लिए विदेश में अभिनय से जुड़ी स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता अपनी अगली फिल्मों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब उनके पास एटली, त्रिविक्रम श्रीनिवास और संदीप रेड्डी वांगा के साथ फिल्में हैं। शुरुआत में अल्लू अर्जुन ने त्रिविक्रम की फिल्म शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने अपना मन बदल लिया

है और एटली के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है।

विदेश में ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन

पिछले कुछ दिनों से अल्लू अर्जुन भारत से दूर हैं। बीते कुछ दिनों से प्रशंसकों और दर्शकों को लग रहा था कि वह छुट्टी मना रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अभिनेता विदेश छुट्टियां मनाने नहीं, बल्किन स्पेशल ट्रेनिंग लेने गए हैं। इस बात का खुलासा अभिनेता के करीबी सहयोगी और 'तंडेल' के निर्माता बनी वास ने किया है। दरअसल, उन्होंने अल्लू अर्जुन की ट्रेनिंग लेने की जानकारी 'छावा' के तेलुगु प्रचार के दौरान साझा की।

बनी वास ने साझा की ये जानकारी

बनी वास ने कहा, 'अल्लू अर्जुन गारू एक महीने की ट्रेनिंग के लिए गए थे। बनी गारू हमेशा अपने खाली समय में अभिनय और अन्य कला-संबंधित क्षेत्रों के बारे में शोध करते हैं। उसी के तहत उन्होंने पिछले एक महीने में एक वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षण लिया और आज शहर में उतरे। मैं अभी तक उनसे नहीं मिला हूं, लेकिन उनकी टीम जल्द ही उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट देगी।'

एटली की फिल्म के लिए ट्रेनिंग ले रहे अल्लू अर्जुन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन एटली की आने वाली फिल्म में एक योद्धा की भूमिका निभाएंगे, जिसे 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया जा रहा है। वहीं, अब फैंस का मानना है कि अल्लू अर्जुन की स्पेशल ट्रेनिंग क्या एटली के अगले प्रोजेक्ट का हिस्सा थी? हालांकि, इस बारे में आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। सन पिक्चर्स कथित तौर पर इस बड़ी फिल्म को प्रोड्यूस कर रहा है।

चिरंजीवी को मिली ब्रिटिश नागरिकता?

अभिनेता की टीम ने वायरल खबरों पर चुप्पी तोड़ बताया सच

मेगास्टार चिरंजीवी हाल ही में तब चर्चा में आए थे, जब उनके अच्छे कामों के लिए उन्हें ब्रिटिश नागरिकता मिलने की खबरें वायरल हुईं। हालांकि, उनकी टीम ने इस खबर को झूठा करार दिया और मीडिया से अपील की। हाल ही में एक तेलुगु फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में चिरंजीवी ने कहा कि वह लंदन जा रहे हैं, जहां उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

चिरंजीवी की टीम का बयान

चिरंजीवी की टीम ने इन अफवाहों के बारे में स्पष्टीकरण जारी किया और कहा, 'मेगास्टार चिरंजीवी गारू को मानद यूके नागरिकता मिलने की खबरें झूठी हैं। हम समाचार आउटलेट से अनुरोध करते हैं कि ऐसी कोई भी खबर प्रकाशित करने से पहले सत्यापित करें।'

कैसे फैली थी ये खबर

विश्वक सेन की फिल्म 'लैला' के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान चिरंजीवी ने मंच पर एंकर सुमा की टांग खींची। अभिनेता ने कहा कि वह कुछ लीक करने वाले थे, लेकिन उन्होंने खुद को रोक लिया। कार्यक्रम में उन्होंने सुमा से कहा, 'मैंने लगभग कुछ लीक कर दिया था, लेकिन मैंने खुद को रोक लिया। क्या आप लंदन में एक कार्यक्रम की मेजबानी करने आ सकेंगी? वे मुझे लंदन में सम्मानित करने जा रहे हैं, लेकिन आपको अपनी फ्लाइट टिकटें खरीदनी होंगी।' इस सार्वजनिक बातचीत के तुरंत बाद यह खबर सोशल मीडिया पर फैल गई कि चिरंजीवी को जल्द ही ब्रिटेन की नागरिकता प्रदान की जाएगी। उनके फैंस ने भी अपने सोशल मीडिया पेजों पर इस खबर को पोस्ट किया।

चिरंजीवी का वर्कफ्रंट

वहीं, अभिनेता के वर्कफ्रंट की बात करें तो चिरंजीवी को आखिरी बार 2023 में 'भोला शंकर' में देखा गया था। वह 'विश्वम्भरा' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जो इस साल के अंत में रिलीज होने की उम्मीद है। 'विश्वम्भरा' के बाद वह 'दशहरा' और 'द पैराडाइज' के निर्देशक श्रीकांत ओडेला के साथ उनकी अब तक की सबसे हिंसक फिल्म के लिए हाथ मिलाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिनेता नानी करेंगे।

'सरदार 2' के सेट पर घायल हुए साउथ अभिनेता कार्ति, रोकी गई फिल्म की शूटिंग

साउथ अभिनेता कार्ति को अपनी आगामी फिल्म 'सरदार 2' के सेट पर घायल हो गई है। अभिनेता के पैर में चोट लग गई है। 'सरदार 2' की टीम मैसूर में कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग कर रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। कार्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी चोटों की जांच की। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें एक सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी गई है।

रोक दी गई फिल्म की शूटिंग

डॉक्टर की सलाह के बाद 'सरदार 2' के निर्माताओं ने शूटिंग बंद करने का फैसला किया और चेन्नई लौट आए। कार्ति के चोट से उबरने के बाद शूटिंग फिर से शुरू होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कार्ति और निर्माताओं की मंजूरी मिलने के बाद टीम जल्द ही काम पर लौट आएगी।

क्लाइमेक्स की शूटिंग पूरी

हाल ही में सरदार 2 की टीम ने चेन्नई के एक फिल्म स्टूडियो में भव्य सेट पर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग की। मौजूदा शेड्यूल में कार्ति और एसजे सूर्या ने हिस्सा लिया। आवेश के स्टंट को-ऑर्डिनेटर चेतन रामशी डिसूजा ने एक हाई-ऑक्टेन स्टंट सीक्वेंस को कोरियोग्राफ किया, जिसमें कार्ति और एसजे सूर्या नजर आएंगे।

डबल रोल में नजर आएंगे कार्ति

पीएस मिथ्रन द्वारा निर्देशित 'सरदार 2' में कार्ति दोहरी भूमिकाएं निभाएंगे। कथित तौर पर फिल्म कहानी दो अलग-अलग समय में आधारित होगी। फिल्म 2024 के मध्य में फ्लोर पर आई थी और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में इसकी शूटिंग पूरी हो जाएगी। कार्ति और राजिशा विजयन अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। सीक्वल में एसजे सूर्या, मालविका मोहनन और आशिका रंगनाथ भी अहम भूमिकाओं में होंगे। प्रिंस पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत युवान शंकर राजा ने दिया है। सिनेमैटोग्राफर जॉर्ज सी विलियम्स, एडिटर विजय वेलुकुट्टी और स्टंट कोरियोग्राफर दिलीप सुब्बारायन तकनीकी दल का हिस्सा हैं।

बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस जिसने गार्डेन की तरह पहनी ड्रेस, फिर ट्रोलर्स के निशाने पर उर्वशी

उर्वशी रौतेला इन दिनों ट्रोलर्स का निशाना बनी हुई हैं। अपने बयानों के लिए मशहूर अभिनेत्री ने हाल ही में पेरिस के एक कार्यक्रम में शिरकत की। अभिनेत्री ने रेड कार्पेट से एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने फ्रेंच में पोस्ट को कैप्शन दिया, पेरिस, हमेशा एक अच्छा विचार।

फ्लोरल डिजाइन की ड्रेस में आईं नजर

अभिनेत्री ने कार्यक्रम के दौरान 3डी फ्लोरल डिजाइन वाली ड्रेस पहन रखी थी। अब उन्हें इसके लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। उनके इस वीडियो पर नेटिजन्स ने मजेदार कमेंट्स किए हैं।

यूजर्स ने क्या कहा?

अभिनेत्री द्वारा शेयर किए गए वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, इसे पहनने वाली पहली अभिनेत्री। एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने टिप्पणी की, पहली बॉलीवुड अभिनेत्री जिसकी ड्रेस गार्डेन की तरह दिखती हैं। एक नेटिजन्स ने उनकी तुलना शालिनी पासी से की और लिखा, वह शालिनी पासी की तरह दिखती हैं।

इन वजहों से उर्वशी रहीं ट्रोलर्स के निशाने पर

पिछले कुछ महीनों से अभिनेत्री उर्वशी रौतेला कई वजहों से सोशल मीडिया पर ट्रोल होती रही हैं। यह सिलसिला उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' के डांस स्टेप से शुरू हुआ और जब जनवरी में उन्होंने एक इंटरव्यू में सैफ अली खान पर हुए हमले के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने एक लाइन में ही सवाल का जवाब दे दिया और फिर अपनी फिल्म डाकू महाराज के 105 करोड़ रुपये कमाने और अपने माता-पिता द्वारा उन्हें महंगी चीजें गिफ्ट करने के बारे में बात करना शुरू कर दिया। इसके बाद ट्रोलर्स ने उन्हें जमकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया। कुछ दिन पहले उर्वशी भारत और पाकिस्तान का मैच देखने के लिए भी चर्चा में थीं और मैच के दौरान वह 'पुष्पा' के निर्देशक सुकुमार से मिलने के बाद भी ट्रोल हुईं।

शोएब से तलाक की अफवाहों के बीच दीपिका ने दिया रिएक्शन, 'इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है..'

हाल ही में टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम ने तलाक की अटकलों पर प्रतिक्रिया दी हैं। ये दोनों सात साल से शादीशुदा हैं। जानिए क्या है पूरा मामला।

इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है

टेलीविजन अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को लेकर कुछ रिपोर्ट्स में तलाक की अफवाहें उड़ रही हैं। दोनों ने अपने यूट्यूब चैनल पर इसबात को लेकर चर्चा की है। वीडियो में इन अफवाहों का मजाक बनाते हुए शोएब ने दीपिका से कहा, 'तुमने मुझे बताया नहीं कि इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है, वो भी हमारी'। इसके जवाब में दीपिका कहती हैं कि मैं तुम्हें क्यों बताऊं, मैं यह सब चुपके में करूंगी।

परिवार को भी बताते हैं यह खबर

अपने ब्लॉग में शोएब इब्राहिम परिवार से कहते हैं कि एक बड़ी खबर है, इसके साथ ही वह तलाक की अफवाहों वाली रिपोर्ट दिखाते हैं। यह देखकर परिवार वाले हंसने लगते हैं।

सात साल पहले हुई थी इनकी शादी

टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने शोएब इब्राहिम के साथ साल 2018 में शादी के बंधन में बंध गई थी। साल 2023 में कपल को एक लड़का हुआ, जिसका नाम है रुहान। अपने निजी जीवन से संबंधित ये दोनों व्यूट्यूब पर व्लॉग बनाते हैं, जिसे दर्शक काफी प्यार देते हैं।

अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ के काम की बात करें तो यह हाल में 'मास्टरशेफ' शो में नजर आई थीं। कुछ स्वास्थ्य संबंधी कारणों की वजह से इन्होंने शो बीच में छोड़ दिया था। हालांकि, आपको बताते चलें कि दीपिका ने 'ससुराल सिमर का' टीवी सीरियल से काफी नाम कमाया है।

यदि वर्किंग है आपकी पार्टनर तो इस महिला दिवस उन्हें ये तोहफे देकर करें खुश

हर साल 8 मार्च को महिला दिवस मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं के अधिकारों, उपलब्धियों और समानता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दिन दफ्तरों में कामकाजी महिलाओं को तोहफा देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। ऐसे में यदि आपकी पार्टनर भी वर्किंग है तो उन्हें भी कुछ खास गिफ्ट देकर उनके खास होने का एहसास कराएं।

महिला दिवस पर अपनी वर्किंग पार्टनर को खुश करने के लिए ऐसे तोहफे चुनें जो उनके प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों में उपयोगी हों। यहां कुछ बेहतरीन गिफ्ट आइडियाज दिए गए हैं। अगर आपका गिफ्ट उनके इंटरेस्ट और जरूरतों के अनुसार होगा, तो वे न सिर्फ खुश होंगी बल्कि आपका ख्याल रखने का जेस्चर भी उन्हें खास महसूस कराएगा।

पर्सनलाइज्ड गिफ्ट

उनके नाम या मोटिवेशनल कोट्स के साथ कॉफी मग गिफ्ट करें, जिसका इस्तेमाल वो अपने दफ्तर में कर सकें। इसके अलावा चाहें तो फोटो फ्रेम दें जिसमें आपकी खास यादें हों। इसे वो अपनी ऑफिस डेस्क पर सजा सकती हैं।

ऑफिस एसेंशियल

अपनी पार्टनर को उसकी पसंद का स्टाइलिश सा बैग गिफ्ट तोहफे में दे सकते हैं। इसके लिए पहले से ही उनकी पसंद जान लें कि वो कैसा बैग चाहती हैं। इसके अलावा चाहें तो स्टाइलिश लैपटॉप बैग तोहफे में दें, ताकि वे ऑफिस के लिए ट्रेंडी और ऑर्गेनाइज्ड रहें। अच्छी क्वालिटी के हेडफोन भी बेहतर विकल्प हैं ताकि वे आराम से काम पर फोकस कर सकें।

सेल्फ केयर गिफ्ट

जॉब करते करते अक्सर लोग अपना ध्यान रखना भूल जाते हैं। ऐसे में अपनी पार्टनर को स्पा या मसाज वाउचर दें, जिससे वे रिलैक्स कर सकें। इसके अलावा फिटनेस बैंड या स्मार्टवॉ दे सकते हैं, ताकि उनकी हेल्थ को ट्रैक हो सके।

ज्वैलरी

अपनी पार्टनर को ऐसी ज्वैलरी तोहफे में दे सकते हैं, जिसे वो ऑफिस में पहन सकें। इसके लिए हल्के हल्के ईयररिंग्स, ब्रेसलेट या पेंडेंट अच्छा ऑप्शन है। स्टाइलिश घड़ी भी अच्छा विकल्प है जो उनके प्रोफेशनल लुक को और एलीगेंट बनाएगा ।

मोटिवेशनल गिफ्ट

यदि आपकी पार्टनर को किताबें पसंद हैं तो उनकी पसंदीदा लेखक या मोटिवेशनल किताबें तोहफे ने दें। प्लानर या जर्नल भी बेहतर तोहफा हो सकता है, उनके गोल्स और डेली टास्क को ऑर्गेनाइज करने के लिए।

घर के नियम बनाने से पहले बेटियों से चर्चा करें

भारत में भी सितंबर महीने के आखिरी रविवार को बेटियों का दिन मनाया जाता है। घर को संभालने में बेटी का योगदान बहुत बड़ा होता है। मां की गैरमौजूदगी में बेटी घर संभालती है, तो पिता के न होने पर कमाने भी जाती है।

घर की बेटी जब बड़ी होने लगे तो मां-बाप को चिंता होना लाजमी है, लेकिन अगर चीजों का ध्यान रखा जाए, तो यह काम इतना मुश्किल भी नहीं है। भविष्य की चिंता करने से पहले पैरेंट्स को बेटी के बड़े होने की प्रक्रिया का ध्यान रखना जरूरी होता है।

*** ठीक तरह से बातों को सुनें**

आमतौर पर पैरेंट्स बेटी को सलाह देते हैं। नए दौर में कोशिश होनी चाहिए कि बेटी के साथ बैठकर चर्चा हो और पैरेंट्स उन्हें फैसला लेने में मार्गदर्शन करें। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पैरेंट्स को सुनने की आदत डालनी चाहिए, न कि हर वक्त लेक्चर देने की। बेटियों के हाथ में पहले से तैयार समाधान देने के बजाय परेशानियों के बारे में मिलकर चर्चा करें। ऐसे में वे आपके साथ भविष्य की परेशानियों को लेकर बिना संकोच के खुलकर बात कर सकेंगी। इसके अलावा उनके अंदर बड़े फैसले लेने और गंभीरता से सोचने का हुनर तैयार होगा।

*** नियम में बांधें नहीं, चर्चा करें**

बेटियों को खुलकर जीने देने की सोच रखना बेहतर है, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि नियमों को एकदम हटा दिया जाए। नियमों को तय करते वक्त भी आपस में बातचीत की गुंजाइश होती है। किसी भी तरह की पाबंदी लगाने से पहले बच्चों को यह बताने का मौका जरूर दें कि वे अपने लिए किन चीजों को जरूरी समझते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बड़ी हो रही बेटियों का अपनी बाउंड्रीज को टेस्ट

करना आम बात है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें आपके मार्गदर्शन की जरूरत नहीं है।

*** तारीफ करें**

आमतौर पर जब बेटियां बड़ी हो रही होती हैं, तो मां उनके साथ निजी तौर चर्चा करना शुरू कर देती हैं और पिता पीछे हट जाते हैं। जबकि, ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि बेटियों को माता-पिता दोनों से पॉजिटिव फीडबैक की जरूरत होती है, खासतौर से टीनएज में। बेटी को यह बताएं कि आप उसपर गर्व करते हैं। उनकी अक्लमंदी, सोच की तारीफ करें और आत्मविश्वास तैयार करने में मदद करें।

*** बेटियों को अगुवाई करने दें**

बच्चियों के साथ जुड़ने के लिए पैरेंट्स को उनकी पसंद के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। जब भी बात परिवार के साथ अच्छा वक्त बिताने की बात आए तो बेटियों को फैसला करने दें। इससे आप उन्हें अहसास दिला सकेंगे कि आपको उनकी पसंद की चिंता है और आप उनके साथ मिलकर चीजों का मजा लेना चाहते हैं।

*** साथी बनें**

कई बार होता है कि बेटियां परेशानियों का सामना कर रही होती हैं, लेकिन पैरेंट्स उन्हें सलाह नहीं दे पाते। ऐसे में गुस्सा न हों, बल्कि उन्हें बताएं कि आप उनके साथ हैं। अगर वो यौन उत्पीड़न या बाहर किसी तरह का स्ट्रगल कर रही हैं तो उनकी बात को न ही कम समझें और न ही दबाने की कोशिश करें। इसके बजाए उनकी बातों को सुनें और सहज महसूस कराएं। बेटियों को बताएं कि आप उनकी बातों को गंभीरता से ले रहे हैं और किसी भी वक्त उनकी मन की बातों को सुनने के लिए तैयार हैं।

*** भाषा का ध्यान रखें**

बेटी के सामने किसी भी महिला को लेकर जब भी बात करें तो भाषा का खास ध्यान रखें। बेटियां अपने पिता के व्यवहार से ही इस बात का पता लगाती हैं कि पुरुषों को रिलेशन में कैसे बर्ताव करना चाहिए। अगर आप उनके सामने किसी और महिला के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो वे चिंतित हो जाएंगी। बातचीत के दौरान महिलाओं के सम्मान की बात करें। यह बेटियों को यह अहसास दिलाने का सबसे अच्छा तरीका है कि लड़कियां स्मार्ट होती हैं।

*** गंभीर मुद्दों पर ध्यान से चर्चा करें**

जब भी बात किसी गंभीर मुद्दे पर चर्चा की आए तो सीधे नियमों की घोषणा न करें। बेटियों को चर्चा में लीड करने दें। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पैरेंट्स के मन में चर्चा को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा हो सकती है, लेकिन आपको यह सोचना होगा कि बातचीत को कहां ले जा रहे हैं? हो सकता है कि आप बेटी को असहज महसूस करा दें और वह दोबारा आपसे इस तरह के किसी मुद्दे पर बात करने में संकोच करे। बेटी की बात को ध्यान से सुनें और उन्हें यह अहसास दिलाएं अगर वे चाहें तो घर में किसी से भी बात कर सकती हैं, लेकिन अगर उन्हें आपकी जरूरत है तो आप मौजूद रहेंगे।

*** सबसे ज्यादा जरूरी चीज का ध्यान रखें**

बेटियों को यह यकीन दिलाएं कि किसी भी हालात में आपका प्यार उनके लिए कम नहीं होगा। बेटी को यह महसूस कराएं कि वह आपके लिए कितनी जरूरी है। इससे उनके मन में आत्मविश्वास बढ़ेगा और उन्हें उनकी कीमत का पता लगेगा। भले ही आप उनके किसी फैसले को पसंद नहीं करते, लेकिन बेटियों को यह बताते रहें कि आप उन्हें कितना प्यार करते हैं।

ऑफिस और पर्सनल लाइफ में परफेक्ट तालमेल कैसे बनाएं?

ऑफिस में सफलता और घर में खुशहाली दोनों ही जरूरी हैं, लेकिन इन दोनों के बीच सही संतुलन न बना पाने से रिश्तों में तनाव आ सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों सहज और खुशनुमा बने रहें, तो आज की इस खबर में हम आपको कुछ आसान टिप्स अपनाकर इस बैलेंस को बेहतर बना सकते हैं। आइए जानते हैं।

समय का सही मैनेजमेंट करें

ऑफिस से लौटने के बाद परिवार को पूरा समय दें।

काम को ऑफिस तक ही सीमित रखने की आदत डालें और घर पर ईमेल व लैपटॉप से दूरी बनाएं।

तय समय पर घर लौटने की कोशिश करें ताकि जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकें।

ऑफिस और पर्सनल लाइफ को मिक्स न करें

ऑफिस की टेंशन को घर न लाएं, इससे रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

जब जीवनसाथी से बात करें, तो ऑफिस की बातें भूलकर उनकी बातों को ध्यान से सुनें।

डिनर टाइम और क्वालिटी टाइम के दौरान ऑफिस के कॉल्स और मीटिंग्स को सीमित रखें।

संचार (कम्युनिकेशन) को बनाए मजबूत

अपने जीवनसाथी से खुलकर बातचीत करें और उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें।

यदि ऑफिस का काम ज्यादा है, तो उन्हें पहले से बता दें, ताकि वे इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहें।

दिन में कम से कम 10-15 मिनट केवल एक-दूसरे के साथ बिताने की आदत डालें।

4. सरप्राइज और छोटी-छोटी खुशियां दें

ऑफिस से आने के बाद एक छोटा सा गिफ्ट, उनकी पसंदीदा चॉकलेट या फूल लाकर उन्हें स्पेशल फील कराएं।

कभी-कभी अचानक डेट नाइट या मूवी प्लान करें, इससे रिश्ते में ताजगी बनी रहती है।

बिना किसी खास मौके के प्यार भरा मैसेज या कॉल करके उन्हें अपनी अहमियत का एहसास कराएं।

फेशियल करते समय रखें इन बातों का ध्यान

अपने प्यार का इजहार और अपने पार्टनर को उसके खास होने का एहसास दिलाने के लिए लड़कियां और महिलाएं भी कई दिन पहले से ही खूबसूरत दिखने के लिए पार्लर जाती हैं और हजारों रुपये खर्च करती हैं। पर, कई लड़कियां पैसों की कमी की वजह से पार्लर नहीं जा पातीं।

ऐसे में आज हम आपको घर में ही कम पैसों में फेशियल करने का सही तरीका बताएंगे। इसके लिए आपको ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत भी नहीं होगी। इस तरह के फेशियल के लिए आपको बस गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। कुछ आसान स्टेप्स को फॉलो करके आप ग्लो पा सकती हैं। आइए अब देर ना करते हुए आपको फेशियल करने का तरीका बताते हैं।

सबसे पहले करें क्लींजिंग

फेशियल करने के सबसे पहले चेहरे को साफ करना काफी जरूरी होता है। क्लींजिंग का काम चेहरे पर जमा हुई धूल, पसीना और ऑयल को हटाना है। इसके लिए आप सबसे पहले एक बड़े चम्मच में गुलाब जल लेकर इसमें ग्लिसरीन की कुछ बूंदें डालें। अब इस कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाकर फेस को साफ करें।

स्क्रब है दूसरा स्टेप

फेशियल करने के पहले चेहरे पर स्क्रब जरूर करें। इससे आपके फेस के डेड सेल्स खत्म हो जाएंगे और स्किन के पोर्स खुलेंगे। स्क्रब करने के लिए सबसे पहले गुलाब जल और चीनी को एक साथ मिलाकर हल्के हाथ से चेहरे पर मसाज करें। इससे आपके ब्लैक हेड्स भी हट जाएंगे।

मसाज से स्किन होगी सॉफ्ट

फेशियल का तीसरा स्टेप मसाज है। गुलाब जल से मसाज करने के लिए एक बाउल में शहद और गुलाब जल लेकर उसे अच्छे से मिलाएं। अब हल्के हाथों से इससे चेहरे पर मसाज करें।

अब लगाएं फेस पैक

अब सबसे आखिर में चेहरे पर फेस पैक लगाएं। इसके लिए गुलाब जल में थोड़ा सा बेसन मिलाएं। बेसन आपके चेहरे की टैनिंग को दूर करता है। इसके साथ ही स्किन ऑयल को कंट्रोल करता है। ये फेस पैक आपके चेहरे के पिंपल्स, दाग और निशान को कम करने में सहायक रहेगा।

महिला दिवस पर पार्टनर को कराएं उनके खास होने का एहसास

महिला समाज का वह अडिग स्तम्भ हैं, जिनके कारण परिवार, समाज और राष्ट्र विकास के पथ पर अग्रसर हो पाता है। महिलाएं नई सोच, दृष्टिकोण और समृद्धि की दिशा में समाज को सुधारने और व्यवस्थित रखने का कार्य कर रही हैं। महिलाएं अपनी विशेषताओं और क्षमताओं के माध्यम से समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं। हालांकि उन्हें समाज अवसर और सम्मान दिए जाने की जरूरत है। समाज में उनके योगदान के लिए हर व्यक्ति को महिलाओं का सम्मान और आभार देना चाहिए।

इसके साथ ही महिलाओं को उनका क्षमता ओं का अहसास कराने के लिए उन्हें ये बताने की भी जरूरत है कि स्त्री होना आशीर्वाद है न कि अभिशाप। इन्हीं भावनाओं को अभिव्यक्ति के लिए 8 मार्च को वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर महिलाओं का आभार व्यक्त करने के साथ ही उन्हें उनके अधिकारों के बारे में ज्ञात कराते हैं। साथ ही महिलाओं के योगदान के प्रति समाज को जागरूक किया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को आप भी अपनी महिला साथी के लिए विशेष बना सकते हैं। उन्हें इस मौके पर खास होने का अहसास दिलाएं। इस लेख में आपको कुछ तरीके बताएं जा रहे हैं, जिनके जरिए आप अपनी पार्टनर को उनके खास होने का अहसास करा सकते हैं।

पसंद-नापसंद का रखें ख्याल

किसी भी महिला के लिए इससे अधिक खुशी की बात कुछ नहीं होगी कि उनके साथी उनकी पसंद और नापसंद को समझते हैं और उनकी पसंद का ध्यान रखते हैं। हमारे समाज में महिलाएं, चाहें वह मां हो, बहन या पत्नी हो, पूरे परिवार की पसंद-नापसंद को ध्यान में रखते हुए हर कार्य करती हैं। लेकिन क्या आप अपने परिवार की महिलाओं की पसंद को बेहतर तरीके से जानते हैं। अगर आप उनकी पसंद नापसंद के बारे में जान कर उनके लिए कुछ करेंगे तो उन्हें खास महसूस करा सकते हैं।

फैसलों में साथ दें

भारत में अधिकतर महिलाएं अपने जीवन से जुड़े फैसले खुद नहीं लेतीं, बल्कि उसमें पुरुषों की सहमति जरूर होती है। आत्मनिर्भर महिलाओं की भी ऐसी ही स्थिति है। महिला को यह महसूस कराने के लिए कि वह पुरुषों से कमतर नहीं, उन्हें फैसले लेने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके फैसलों में साथ दें। अपने पार्टनर को तय करने दें कि वह जीवन में क्या करना चाहती हैं।

उनकी बातों को सुनें

अपनी पार्टनर को उनकी अहमियत का अहसान दिलाने के लिए उनकी हर छोटी और बड़ी बात का ध्यान रखें। उनकी बातों को ध्यान से सुनें, समझें। जब आपकी पार्टनर कोई बात आपको बता रही हों, तो उन्हें शांति से सुनें, बीच में रोके या टोके नहीं। इससे महिला में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें खुद के स्पेशल होने का पता चलता है।

तोहफा दें

साथी को खास महसूस कराने के लिए उन्हें तोहफा दे सकते हैं। आपकी पार्टनर को सरप्राइज गिफ्ट दें या उनकी पसंद की कोई चीज उन्हें तोहफे में दें। इससे उन्हें महसूस होगा कि वह अहम हैं।

बच्चा करता है लोगों से बदतमीजी तो डांटें नहीं, ऐसे सुधारें आदत

अभिभावक के लिए बच्चे को अच्छे संस्कार देना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। जब तक बच्चा छोटा होता है, उसे समझाना और सिखाना आसान होता है लेकिन बड़े हो रहे बच्चे की विचार, व्यवहार में बदलाव आने लगते हैं। ऐसे में अक्सर बच्चे दूसरों का अनादर, गैरजिम्मेदारा बर्ताव, अशिष्ट बातें भी कर जाते हैं। बच्चे के बदतमीजी करने पर माता-पिता उसे डांटते हैं लेकिन इससे बच्चे का बर्ताव अधिक अशिष्ट हो सकता है। वह तुरंत तो चुप हो जाएगा लेकिन उनके बर्ताव में बदलाव नहीं आएगा। ऐसे में अगर आपका बच्चा भी अधिक गुस्सैल है और गुस्से में दूसरों से बदतमीजी से बात करता है तो उसे डांटे नहीं, बल्कि उनकी आदत में सुधार लाएं। बच्चे की गलत आदतों को सुधारने के लिए अपनाएं ये तरीके।

बच्चे पर चिल्लाएं नहीं

बच्चे के बर्ताव का कारण अक्सर आसपास का माहौल और उनको दिए जाने वाले संस्कार का हिस्सा हैं। बच्चे देखकर अधिक सीखते हैं। ऐसे में अगर बच्चा अशिष्ट व्यवहार करता है तो उसपर चीखें-चिल्लाए नहीं। बच्चे को प्यार से समझाएं। बच्चे का गुस्सा शांत हो जाएगा तो वह शांति से बात करेगा और आपकी बात को समझेगा।

बहस से बचें

अक्सर बच्चा जिद में बहस करने लगता है। बहस करने की आदत बच्चे में आक्रामकता और गुस्सा बढ़ाती है और वह बहसबाजी में बदतमीजी करने लग जाता है। लेकिन बहस हमेशा दो लोगों के बीच होती है। अगर बच्चा आपसे बहस करे तो उस वक्त शांत हो जाएं। बच्चे से बहस करने से बचें और उनकी बात सुनें। इससे वह भी आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे और जिद कम करेंगे।

बच्चे की मन की बात समझें

बच्चे के बुरे व्यवहार को ठीक करने के लिए उसके व्यवहार की वजह जानें। हो सकता है कि वह किसी बात से असंतुष्ट व नाखुश हो। बच्चे के मन को टटोलें और समझने का प्रयास करें कि वह ऐसा व्यवहार क्यों कर रहा है, ताकि उसकी परेशानी का हल निकालकर उसके व्यवहार में बदलाव लाया जा सके।

संगत पर ध्यान

बच्चे के आसपास का माहौल उसके व्यवहार का कारण है लेकिन अगर घर पर उसे अच्छा माहौल मिल रहा है, फिर भी बच्चा गलत बर्ताव करता है तो जरूर उसकी संगत खराब हो सकती है। बच्चे के दोस्त कैसे हैं, वह अपना वक्त किन लोगों के बीच और किस काम में अधिक बिताता है, टीवी या मोबाइल पर किस तरह के कार्यक्रम देखता है, इस पर नजर रखें, ताकि गलत संगत से उसे दूर कर पाएं।

नियम बनाएं

हर चीज के लिए अनुशासन और नियम होते हैं। बच्चे के लिए भी कुछ नियम जरूर बनाएं। बच्चे को बताएं कि उसे इन नियमों के पालन की जरूरत क्यों हैं। बच्चा जब अनुशासन और नियम का पालन करेगा तो वह गलत बर्ताव करने से बचेगा।

अमेरिका की टैरिफ वॉर पर ड्रैगन का पलटवार

अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर 15% तक का शुल्क लगाया

बीजिंग,4 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से छेड़े गए टैरिफ वार पर चीन ने पलटवार किया। चीन ने मंगलवार को चिकन, पोर्क (सुअर का मांस), सोया और बीफ (गोमांस) सहित प्रमुख अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर 15 फीसदी तक का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा घोषित शुल्क 10 मार्च से प्रभावी होंगे। शुल्क अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीनी उत्पादों के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 20 फीसदी करने के आदेश के बाद लागू किए गए हैं। ये शुल्क मंगलवार से प्रभावी हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि अमेरिका में उगाए गए चिकन, गेहूं, मक्का और कपास के आयात पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगेगा। ज्वार, सोयाबीन, सूअर का मांस, बीफ, समुद्री भोजन, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर शुल्क 10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने फरवरी में चीन से आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगाया था। उन्होंने सोमवार को फिर से जोर दिया कि मंगलवार को यह दर दोगुनी होकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा। इससे उत्तर अमेरिका में व्यापार युद्ध की आशंकाएं फिर से पैदा हो गई हैं, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा उत्पन्न होने के संकेत पहले ही मिल चुके हैं। ट्रंप ने फरवरी में एक महीने की मोहलत दी थी, क्योंकि मैक्सिको और कनाडा दोनों ने रियायतों का वादा किया था, ट्रंप ने सोमवार को कहा कि नए शुल्क से बचने के लिए मैक्सिको या कनाडा के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है। कनाडा के ऊर्जा उत्पादों जैसे तेल और बिजली पर 10 फीसदी की कम दर से शुल्क लगाया जाएगा। उनकी टिप्पणियों ने अमेरिकी शेयर बाजार को झकझोर कर रख दिया, सोमवार दोपहर के कारोबार में एसएंडपी 500 इंडेक्स में दो प्रतिशत की गिरावट आई।

यह राजनीतिक और आर्थिक जोखिमों का संकेत है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और मैक्सिको और कनाडा के साथ दशकों पुरानी व्यापार साझेदारी खत्म होने की आशंका है।

द्विपक्षीय निवेश संधि का नया मॉडल वैश्विक निवेश वातावरण की मांग के आधार पर बनेगा: सीईए नागेश्वरन

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) का नया मॉडल पाठ गतिशील वैश्विक निवेश माहौल की मांगों के देखते हुए तैयार होगा और यह भारत के संप्रभु अधिकारों और नियामकीय प्रतिबद्धताओं की भी सुरक्षा करेगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह टिप्पणी की है। 'भारत को निवेश अनुकूल बनाना' विषय पर एक पोस्ट बजट वेबिनार 2025 को संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए बीआईटी ढांचे को संशोधित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के मॉडल बीआईटी की पिछली समीक्षा के बाद से लगभग 10 वर्ष बीत चुके हैं और तब से वैश्विक निवेश के पारिस्थितिकी तंत्र और न्यायशास्त्र में बड़ा बदलाव हुआ है।नागेश्वरन ने कहा कि निवेशक अब अपने निवेश के लिए अधिक मजबूत सुरक्षा चाहते हैं, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में। ऐसे में मॉडल बीआईटी में बदलाव जरूरी हो गया है, ताकि इसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप बनाया जा सके और सुनिश्चित किया जा सके कि देश मध्यम आकार के उद्यमों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना रहे। नागेश्वरन ने कहा, नया मॉडल बीआईटी गतिशील वैश्विक निवेश वातावरण की मांगों के प्रति अधिक अनुकूल होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2025-26 के बजट भाषण में कहा कि निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने और 'फर्स्ट डेवलप इंडिया' की भावना के साथ वर्तमान मॉडल बीआईटी को नया रूप दिया जाएगा और इसे अधिक निवेशक-अनुकूल बनाया जाएगा।

शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी; सेंसेक्स 96 अंक गिरा, निफ्टी 22,082 पर हुआ बंद

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन भी गिरावट के साथ बंद हुआ। मंगलवार सुबह 300 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार लाल निशान पर ही बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान बाजार थोड़ा संभला लेकिन वह लाल निशान को पार नहीं कर सका। सेंसेक्स 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ और निफ्टी भी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 पर रहा। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 452.4 अंक तक लुढ़क गया था। शुल्क युद्ध को लेकर चिंता गहराने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 नुकसान में जबकि 12 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मानक सूचकांक निफ्टी में लगातार 10वें दिन गिरावट रही और यह 36.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082.65 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 22,000 के नीचे 21,974.45 अंक पर खुला लेकिन बाद में कुछ नुकसान की भरपाई कर लिया।

इन शेयरों ने हरे रंग पर कारोबार किया

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट सूचकांक लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में रहे थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70.64 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 4,788.29 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 112.16 अंक टूटा था जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 5.40 अंक की गिरावट रही थी।

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मास्यूटिकल्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

सरकार ने मुकेश अंबानी की रिलायंस से मांगे 2.81 अरब डालर, आखिर किस बात की है लड़ाई?

नई दिल्ली,4 मार्च (एजेंसियां)। सरकार ने देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी पार्टनर बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और निको (एनईसीओ) लिमिटेड से 2.81 अरब डॉलर यानी करीब 2,45,48,86,25,000 रुपये की मांग की है। रिलायंस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह विवाद ओएनजीसी के ब्लॉक से केजी-डी6 ब्लॉक में गैस के रिसाव को लेकर काफी समय से चला आ रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रिलायंस और उसकी पार्टनर कंपनियों से यह मांग की है।यह मामला 2018 का है। तब सरकार ने केजी-डी6 कंसोर्टियम पर गैस माइग्रेशन का आरोप लगाया था। इस कंसोर्टियम में रिलायंसभी शामिल है। सरकार का कहना था कि ओएनजीसी के पास वाले ब्लॉक से गैस का रिसाव केजी-डी6 ब्लॉक में हो रहा है। इसके लिए रिलायंस जिम्मेदार है। शुरुआत में मंत्रालय ने इस रिसाव के लिए लगभग 1.55 अरब डॉलर का मुआवजा मांगा था। यह कानूनी लड़ाई कई अदालती कार्यवाहियों से और उलझ गई। आखिरकार यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में पहुंच गया।मई 2023 में दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने रिलायंस के पक्ष में दिए गए एक मध्यस्थता के फैसले को चुनौती देने वाली सरकार की अपील को खारिज कर दिया था। लेकिन, सरकार ने एक खंडपीठ में अपील की। इसके बाद 3 मार्च, 2025 को अदालत ने पिछले फैसले को पलट दिया। इस फैसले के उलट जाने के बाद पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अब 2.81 अरब डॉलर की मांग की है। मंत्रालय ने नए कानूनी घटनाक्रम और गैस रिसाव मामले के नए आकलन का हवाला दिया है। रिलायंस ने कहा है कि वह इस नए फैसले को अदालत में चुनौती देगी। रिलायंस और उसकी पार्टनर कंपनियों ने सरकार के आरोपों से इनकार किया है।

गौतम अडानी का 'कर्ज' अपने सिर लेगा दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान लैरी फिंक!

नई दिल्ली,4 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक और सबसे सफल हेज फंड्स में से एक सिटाडेल ने गौतम अडानी के कर्ज को खरीदने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक यह बातचीत 750 मिलियन डॉलर के कर्ज को खरीदने के लिए है जिसे अडानी ग्रुप रिफाइनेंस करना चाहता है। अमेरिका में रिश्वत और धोखाधड़ी के आरोपों का सामना कर रहे अडानी के लिए यह डील एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है। ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान माना जाता है। इसकी वजह ब्लैकरॉक $10 ट्रिलियन से ज्यादा एसेट मैनेज करती है। भारत में ब्लैकरॉक ने टाटा मोटर्स और रिलायंस जियो की फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ साझेदारी की है। 2022 में अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड से 750 मिलियन डॉलर के सीनियर सिक्योर्ड प्राइवेट प्लेसमेंट नोट्स खरीदे थे।एमआईएएल, अडानी की एक कंपनी है, जो मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को ऑपरेट करती है। एमआईएएल का ज्यादातर हिस्सा अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड के पास है, जो अडानी एंटरप्राइजेज की पूरी तरह से स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। सीएसएमआईए भारत का दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा है।इस सात साल के कर्ज की शर्तें और कीमत अप्रैल-मई 2025 के बाद सख्त हो जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक अडानी ग्रुप इस कर्ज को रिफाइनेंस करना चाहता है।

खाने के तेल की कीमतों में लगी आग, ये फैसला और बढ़ा सकता है महंगाई

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। पिछले साल सितंबर के महीने में खाने के तेल के इंपोर्ट पर ड्यूटी में इजाफा किया गया था. उसका असर लगातार देखने को मिला. अगर मौजूदा साल की बात करें तो खाने के तेल में 3 रुपए से लेकर 11 रुपए का इजाफा देखने को मिला है. वहीं दूसरी ओर मौजूदा साल में खाने के तेल के इंपोर्ट में भी गिरावट देखने को मिली है. फरवरी के महीने में खाने के तेल का इंपोर्ट 4 साल के लोअर लेवल पर पहुंच गया है. जानकारों के अनुसार खाने के तेल के इंपोर्ट कम होने का प्रमुख कारण इंपोर्ट ड्यूटी ज्यादा होगा.साथ ही आने वाले दिनों में इंपोर्ट ड्यूटी में और इजाफे के संकेत मिलना है. इंपोर्ट ड्यूटी में इजाफे का मकसद लोकल फार्मर्स को सपोर्ट करना है. लेकिन इंपोर्ट में कमी और स्टोरेज में कमी आने की वजह से आने वाले दिनों में खाने के तेल में और महंगाई बढ़ने की संभावना है. आइए आपको पहले बताते हैं कि आखिर खाने के तेल के इंपोर्ट में कितनी गिरावट देखने को मिली है और मौजूदा साल में ऑयल की रिटेल की कीमतों में कितना इजाफा देखने को मिला है.मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोया ऑयल और सूरजमुखी ऑयल के इंपोर्ट में गिरावट के कारण फरवरी में भारत का खाद्य तेल इंपोर्ट चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गया, हालांकि पाम तेल का आयात जनवरी में लगभग 14 साल के निचले स्तर से सुधरा है. लगातार दूसरे महीने सामान्य से कम इंपोर्ट के कारण दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल खरीदार के स्टॉक में कमी आई है और आने वाले महीनों में भारत को खरीद बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे मलेशियाई पाम तेल की कीमतों और अमेरिकी सोया तेल वायदा को सपोर्ट मिलेगा.डीलर्स के अनुमान के अनुसार, पाम तेल का इंपोर्ट फरवरी में पिछले महीने से 36 फीसदी बढ़कर 374,000 मीट्रिक टन हो गया, जो जनवरी में मार्च 2011 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया था. भारत ने अक्टूबर 2024 में समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में हर महीने औसतन 750,000 टन से अधिक पाम तेल का इंपोर्ट किया. डीलर्स ने बताया कि फरवरी में सोया तेल का इंपोर्ट एक महीने पहले की तुलना में 36 फीसदी घटकर 284,000 मीट्रिक टन रह गया, जो आठ महीनों में सबसे

कम है, जबकि सूरजमुखी तेल का आयात 22 फीसदी घटकर 226,000 मीट्रिक टन रह गया, जो पांच महीनों में सबसे कम है.डीलरों के अनुमान के अनुसार, सोया तेल और सूरजमुखी तेल की कम खेप ने फरवरी में देश के कुल खाद्य तेल आयात को 12 फीसदी घटाकर 884,000 टन कर दिया, जो फरवरी 2021 के बाद सबसे कम है. वनस्पति तेल ब्रोकरेज, सनविन ग्रुप के सीईओ संदीप बाजोरिया ने कहा कि विदेशों में ऊंची कीमतों और स्थानीय खाद्य तेलों की अधिक सप्लाई ने रिफाइनरों को फरवरी में इंपोर्ट कम करने के लिए प्रेरित किया. डीलरों का अनुमान है कि फरवरी में कम आयात ने भारत में खाद्य तेल के स्टॉक को एक महीने पहले की तुलना में 26 फीसदी घटाकर 1 मार्च को 1.6 मिलियन टन कर दिया है, जो 4 साल से अधिक समय में सबसे कम है.खाद्य तेल व्यापारी जीजीएन रिसर्च के मैनेजिंग पार्टनर राजेश पटेल ने कहा कि जनवरी और फरवरी में असामान्य रूप से कम आयात के बाद, मार्च से देश का आयात बढ़ना शुरू हो सकता है. भारत मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से पाम तेल खरीदता है, जबकि वह अर्जेंटीना, ब्राजील, रूस और यूक्रेन से सोया तेल और सूरजमुखी तेल का आयात करता है.मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर के आंकड़ों के अनुसार मौजूदा साल में जहां वनस्पति ऑयल की कीमतों में 6 रुपए का इजाफा देखने को मिला और दाम 170 रुपए से 176 रुपए हो गए. वहीं दूसरी ओर सोया ऑयल की कीमत में में 5 रुपए की तेजी देखने को मिली और दाम 158 रुपए से 163 रुपए पर आ गए. सन फ्लावर के दाम में 11 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली और कीमत 170 रुपए से बढ़कर 181 रुपए हो गई. अंत में पाम ऑयल के दाम में 3 रुपए की तेजी देखने को मिली और दाम 143 रुपए से बढ़कर 146 रुपए हो गई.

हो जाएं सावधान, इनकम टैक्स विभाग चेक कर सकता है आपका ईमेल और सोशल मीडिया अकाउंट

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। सरकार ने सालाना 12 लाख रुपए तक की इनकम को टैक्स फ्री कर दिया है. लेकिन 1 अप्रैल,2025 से इनकम टैक्स विभाग को अपने सोशल मीडिया अकाउंट, निजी ईमेल और बैंक अकाउंट, ऑनलाइन निवेश अकाउंट, ट्रेडिंग अकाउंट और दूसरी चीजों को देखने और उन तक पहुंचने का कानूनी अधिकार होगा.

आईटी अधिनियम

हालांकि ईमानदार टैक्सपेयर्स को इसमें कोई परेशानी नहीं होगी. बता दें, नए आयकर कानून में अधिकारियों के पास यह अधिकार होगा. मौजूदा आईटी अधिनियम, 1961 की धारा 132 के तहत अधिकारियों को तलाशी लेने और संपत्ति और खातों को जब्त करने की अनुमति देती है, अगर उनके पास यह मानने की जानकारी और कारण है कि किसी व्यक्ति के पास कोई आय, संपत्ति या दस्तावेज हैं, जिन्हें वे आयकर से बचने के लिए जानबूझकर नहीं बताएंगे.

वर्चुअल डिजिटल स्पेस

वर्तमान कानून के तहत ऐसा करने का उनका एक तरीका यह है कि यदि उनकी चाबियां उपलब्ध न हों और उन्हें संदेह हो कि वहां कोई अघोषित संपत्ति या खाता बही रखी गई है, तो वे किसी भी दरवाजे, बक्से या लॉकर का ताला तोड़ सकते हैं. नए आयकर बिल के तहत , यह पावर आपके कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस तक भी बढ़ा दी गई है.

आयकर बिल के खंड 247

आयकल विधेयक के क्लोज 247 के अनुसार अगर किसी अधिकारी के पास यह मामने का कारण है कि किसी व्यक्ति के पास अघोषित इनकम या फिर संपत्ति है जो आयकर अधिनियम के दायरे में आती है, वो किसी भी दरवाजे, बॉक्स, लॉकर, तिजोरी, अलमारी या अन्य इंस्ट्रूमेंट का ताला भी तोड़ सकते हैं. वो किसी भी कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस में एक्सेस कोड को ओवरराइड करके एक्सेस भी ले सकते हैं.

सोना 479 बढ़कर 85817 पर पहुंचा

एक किलो चांदी 94873 रुपए किलो बिक रही, 90 हजार तक जा सकता है सोना

नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 4 मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 479 रुपए बढ़कर 85,817 रुपए पर पहुंच गया है। कल सोने का दाम 85,320 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 475 रुपए चढ़कर 94,873 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल चांदी का भाव 94,398 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,530 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,380 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 80,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,380 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,380 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,430 रुपए है।

हैदराबाद में सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 87380 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 80100/10 ग्राम।

इस साल अब तक 9,655 रुपए महंगा हो चुका है सोना

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,655 रुपए बढ़कर 85,817 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 8,856 रुपए बढ़कर 94,873 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य-	कुंभ मे	कुंभ...	05-27 बजे
चंद्र-	मेष मे	मीन....	07-06 बजे
मंगल	मिथुन मे	मेष....	08-42 बजे
बुध-	मीन मे	वृष....	10-26 बजे
गुरु-	वृष मे	मिथुन..	12-26 बजे
शुक्र-	मीन मे	कर्क....	14-39 बजे
शनि-	कुंभ मे	सिंह....	16-52 बजे
राहु-	मीन मे	कन्या...	18-58 बजे
केतु-	कन्या मे	तुला....	21-03 बजे
		वृश्चिक..	23-13 बजे
		धनु.....	01-27 बजे
		मकर...	03-32 बजे

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायण - ऋतु - बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अब्धि-432000 सूर्योदय - 06-35
भोग्य कलि वर्ष-426875 सूर्यास्त - 18-20
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि प्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी . 12-51 तक उपरान्त सप्तमी
मास - फाल्गुन शुक्ल , बुधवार 05 March
नक्षत्र - कृत्तिका 01-08 तक उपरान्त रोहिणी
योग - वैधृति 23-06 तक उप विष्कुंभ
करण- तैतिल 15-16 तक उप गर
विशेष:- सर्वार्थ सिद्धि योग
व्रत -त्योहार -

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 12:28 से 13:56 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
लाभ	06:35 - 08:01 शुभ	उत्पात	18:20 - 19:54 अशुभ
अमृत	08:01 - 09:30 शुभ	शुभ	19:54 - 21:25 शुभ
काल	09:30 - 10:59 अशुभ	अमृत	21:25 - 22:56 शुभ
शुभ	10:59 - 12:28 शुभ	चंचल	22:56 - 00:27 शुभ
रोग.	12:28 - 13:56 अशुभ	रोग	00:27 - 01:58 अशुभ
उत्पात	13:56 - 15:25 अशुभ	काल	01:58 - 03:30 अशुभ
चंचल	15:25 - 16:54 शुभ	लाभ	03:30 - 05:01 शुभ
लाभ	16:54 - 18:20 शुभ	उत्पात	05:01 - 06:35 अशुभ

आपका राशिफल

मेष चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

काम का दबाव आप पर बढ़ेगा और आप उन चीजो से दूर हो सकते है जिन को करने में आपको आनंद आता था । आपको आराम करने के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पायेगा इसलिए आपको जीवन की छोटी बातों से आनंद लेना होगा । ये बहुत ही संतोषजनक और आपके सामान्य प्रयास की तुलना में कम खर्चीला साबित होगा , इसका अर्थ है की आज कुछ अनावश्यक खर्चो पर आप बचत कर पायेंगे ।

वृष ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

आज कार्यस्थल पर कई अलग तरह की स्थितियां आपके समक्ष आएंगी और आप इसके लिए बाध्य होगे की आप स्थितियों के अनुसार सही निर्णय लेकर आगे बढे । आज आपके काम की नैतिकता के लिए अतिरिक्त ध्यान देने की जरुरत है । अपने सहकर्मियों के साथ न चलने के कारण कुछ तनाव की स्थितियां सामने आ सकती है।

मिथुन का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

आज का दिन निवेश के लिए उपयुक्त है बशर्ते के आपने उस के लिए पहले से ही कुछ नीतिया बनाई हुई हो । किसी के आग्रह पर निवेश करना से आपको सही फल नहीं मिलेगा किन्तु अगर आप गहराई से अनुसंधान करे तो आप सही निष्कर्ष पर पहुंच सकते है । आपके निवेश आपको लम्बी दुरी के लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार साबित होगे इसलिए ध्यानपूर्वक स्थिति को समझकर निवेश करे ।

कर्क ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,

अगर आप अपनी क्षमता से कार्य करने की कोशिश करेंगे, तो आपके प्रयासों को उदारता से पुरस्कृत किया जाएगा , तो अपने काम और जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करे । आपकी ओर से की गयी कोई लापरवाही आप के लिए भारी पड़ सकती है, हालांकि दिन मौद्रिक लाभ के लिए शुभ है । आपका पिछला निवेश आपको अच्छी आमदनी दे सकता है ।

सिंह मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

शोध विद्यार्थियों को आज के दिन शुभ सन्देश मिल सकता है । जो विद्यार्थी आज के दिन प्रतियोगिता परीक्षा में भाग ले रहे है वे भी अपनी आशा से ज्यादा अछी परीक्षा देंगे परन्तु समय के अनुसार निर्णय और काम करना काफी महत्वपूर्ण होगा । इन घटनाओं से आपको जो अवसर मिल रहे है आपको शीघ्र अतिशीघ्र इनका उपयोग करना होगा अन्यथा अवसर हाथ से निकल सकता है ।

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आप कुछ समय से अपनी विलम्ब परियोजनाओं के लिए धन संचित कर रहे थे और अब अपनी योजनाओ के क्रियान्वयन का ये सही समय है । जब आप कुछ वस्तु खरीदने जायेंगे तो हो सकता है की आप कुछ बड़ी एवं सुव्यस्थित चीज को देखकर उसे खरीदने की सोचे परन्तु आपको अपने बजट के भीतर रहकर ही काम करना है। व्यय आज अपरिहार्य है, लेकिन आज अनाव्यशक चीजों पर खर्च करने से बचे ।

तुला रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

आप अपने वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अपने परिवार की धन वृद्धि के लिए शक्तिशाली ऊर्जा से भरे हुए हैं। आप अधिक ज्ञान को प्राप्त करने में सक्षम हो जायेंगे और जिससे आप अगली बार किसी की सेवा करने पर अधिक कमाने लायक हो जाएंगे , इस तरह से आपके हाथो में वित्तीय सुरक्षा और सफलता के लिए सभी सामग्री रहेगी ।

वृश्चिक तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,

आज का दिन अपने विरोधियों को आमंत्रित करने एवं अपने बुनियादी ढांचे और अपनी ताक़त को दिखाने का एक सही दिन है। इसकी वजह से आपके धुर विरोधी बोली से पहले ही हार जाएंगे या किसी परियोजना पर आप अपने हस्ताक्षर कर पायेंगे जो की आपके व्यवसाय को आगे की और ले जाएगा । उच्च प्रतिष्ठा वाला पद आपको प्रदान होगा जो की आपकी ताकत और धन में वृद्धि करेगा ।

धनु ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

आज आपको नौकरी की संभावनाओं के बारे में कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आपको अपनी पसंद की कंपनियों में एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। आज उभरते हुए लेखकों के लिए यह एक महान दिन हो सकता है क्यों की आपके लेख या आपकी पुस्तक प्रसिद्ध प्रकाशक के द्वारा प्रकाशित हो सकती है । आपका करियर अब पूरी तरह से एक नए रूप में शोभित होगा ।

मकर भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है । आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है , जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है । आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है और आप अपने कार्य क्षेत्र को परिवार की तुलना में ज्यादा महत्व देंगे ।

कुंभ गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

आज के दिन उधार दिए हुए पैसे आपको वापस मिल सकते है । आज के दिन आप एक ऐसे व्यक्ति से भी मिल सकते है जिसे आप पहले से जानते हो और वो आपकी काफी हद तक आपकी भविष्य में आय को बढ़ाने में मदद कर सकता है और यहाँ तक की ये व्यक्ति आपको अच्छी आय वाली नौकरी दिलाने में भी मदद कर सकता है जिससे आगे चलकर आपके करियर की दिशा भी परिवर्तित हो सकती है ।

मीन दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

कार्य क्षेत्र में आपका जीवन संतुलित रहेगा । आप अपने प्रभावशाली नरम कौशल के लिए जाने जायेंगे । आप को और अधिक ज्ञान पाने के लिए कई अवसर मिलेंगे तथा आप अन्य लोगों के साथ इस ज्ञान को साझा भी कर सकते हैं । लेकिन कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपको भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

10 किग्रा के दो आईईडी को किया गया डिफ्यूज

भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद, नक्सली कैंप किया ध्वस्त

चाईबासा, 4 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिला पुलिस और सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन ने संयुक्त अभियान में एक नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी वनग्राम के पास की गई।

सुरक्षाबलों को नक्सली कैंप से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री मिली। दो आईईडी (प्रत्येक लगभग 10 किलोग्राम), 29 डुअल डेटोनेटर ट्यूब (कुल 58 डेटोनेटर) और 5 बंडल कॉर्डेक्स वायर बरामद किए गए। सुरक्षा के लिहाज से बम निरोधक दस्ते ने सभी विस्फोटकों को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

वहीं, बरामद हथियारों में एक देशी पिस्तौल, दो देशी कार्बाइन, एक देशी बोल्ट एक्शन राइफल शामिल है। इसके अलावा 13 राउंड 303 बोर, 7.62 एमएम के राउंड और एक पिस्टन रॉड भी मिला। कैंप से 3 वॉकी-टॉकी, 6 नक्सली वर्दियां, 2 बैनर और 95 स्पाइक रॉड भी बरामद किए गए। सूत्रों के अनुसार, कोल्हान जंगल में एक करोड़ का इनामी नक्सली मिसिर बेसरा छिपा हुआ है। वह भाकपा माओवादी का पोलित ब्यूरो सदस्य है। मिसिर के अलावा अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो और सागेन अंगरिया जैसे नक्सली नेता भी अपने दस्तों के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। इधर, सुरक्षाबल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं।

झामुमो का 52वां स्थापना दिवस

हेमंत–कल्पना के लिए खास है 'झंडा मैदान' यहीं देवी की हुंकार से बीजेपी ब्रिगेड धराशाई

गिरिडीह, 4 मार्च (एजेंसियां)। कल्पना सोरेन ने मार्च 2024 में गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर सक्रिय राजनीति में कदम रखने की घोषणा की थी, आज उसके एक साल पूरे हो गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम रहा, खासकर तब जब उनके पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ने पार्टी नेतृत्व में एक खाली जगह छोड़ दी थी, कल्पना की मजबूत उपस्तिथि और दमदार अंदाज ने उस खाली जगह को भरा और इस मैदान से निकलकर देश की राजधानी तक कि सभाओं में कल्पना ने अपनी मजबूत उपस्तिथि से सबको चौंका दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा अपना 52वां स्थापना दिवस मना रहा है। शहर के झंडा मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पूरे शहर को झंडा बैनर पोस्टर तोरण द्वार से पाट दिया गया है, क्योंकि यह सिर्फ स्थापना दिवस का कार्यक्रम नहीं है। यह कल्पना सोरेन के राजनीतिक सफर की पहली वर्षगांठ का भी मौका है। पार्टी जब लगातार राज्य

में दूसरी बार सत्ता में हो इसलिए इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में कार्यकर्ता जूट हुए हैं। पूरे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संजय सिंह ने बताया कि इस वर्ष का स्थापना दिवस अलग क्यों है। कल्पना सोरेन के लिए यह सफर इतना आसान नहीं था। एक गृहस्थ जीवन से निकलकर राजनीतिक सामाजिक जीवन में प्रवेश करना वो तब जब पार्टी परिवार सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा हो। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से भी अपनी पहचान बनाने की चुनौती सामने थी। उन्होंने जल जंगल जमीन के साथ आदिवासी पहचान और अपने पति के लिए न्याय की बात खुले मंचों से की। उनके अभियान ने झारखंड की महिलाओं को गहराई से जोड़ा और माटी पार्टी मूलवासी आदिवासी समेत कई शब्दो को उन्होंने जनता के दिल से दिमाग मे उतार दिया।

वहीं झारखंड चुनाव एक जंग थी एक तरफ एनडीए के बड़े चेहरे कई राज्यों के सीएम पीएम समेत केंद्रीय गृह मंत्री दूसरी तरफ कल्पना सोरेन उनका मुकाबला अकेले कर रही थी। इस दौरान कल्पना ने 100 से अधिक रैलियां कीं और अनुभवी राजनेताओं को पीछे छोड़ दिया। इंडिया गठबंधन का जादू लोकसभा और विधानसभा में दिखा, जहां विधानसभा में 81 में से 56 सीटें जीतीं, जिसने साबित किया जनता के दिलों पर हेमंत की कल्पना साकार हुई है। कल्पना सोरेन की यात्रा एक गृहिणी से लेकर स्टार प्रचारक बनने तक अद्भुत है।

वह जनता की भाषा में संवाद करती हैं, उनकी संस्कृति को जीती हैं और उनके संघर्षों को समझती हैं। उनके भाषण परंपरा की गहराई लिए होते हैं, लेकिन जनता के लिए अपनापन और नयापन के साथ।

नक्सलियों ने पूर्व विधायक के ससुर का काटा गला

घर से उठा ले गए 5–6 हथियारबंद, पर्चा जारी कर कहा–नहीं माना इसलिए मौत की सजा

सुकमा, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार देर रात नक्सलियों ने सीपीआई के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के छोटे ससुर का गला काट दिया। नक्सलियों ने सोमवार देर रात घर में घुसकर मारा है। नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है। मामला चिंतागुफा थाना का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम कलमू हिड़मा (65) है, जो नक्सल प्रभावित इलाके पेंटापाड़ के रहने वाले थे। वे पेंटापाड़ गांव ग्राम पटेल भी थे। वारदात के बाद पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने कहा कि, हिंसा से सिर्फ हिंसा ही बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि करीब 5 से 6 की संख्या में हथियारबंद नक्सली घर में घुसे थे। पहले बुजुर्ग कलमू हिड़मा को उठाया, फिर घर से कुछ दूर लेकर गए। यहां नक्सलियों ने धारदार हथियार से कलमू हिड़मा का गला रेत दिया। वारदात के बाद सभी नक्सली जंगल की ओर चले गए।

वारदात के बाद परिजनों और इलाके के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और रिश्तेदार मनीष कुंजाम को दी। वहीं मंगलवार सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

हत्या के बाद कोंटा एरिया कमेटी के नक्सलियों ने एक पर्चा भी फेंका है, जिसमें ग्रामीणों पर दबाव बनाकर जमीन हड़पने और खुद के नाम का पट्टा बनाने का आरोप लगाया है। नक्सलियों के पर्चे में लिखा है कि इसे कई बार समझाइश दी गई थी, लेकिन नहीं माना तो मौत की सजा दी गई है। इसके अलावा पर्चे में नक्सलियों ने धमकी भी दी है। उन्होंने लिखा कि अगर जो भी नक्सल संगठन के खिलाफ काम करेगा, उसका अंजाम ठीक नहीं होगा। पुलिस ने पर्चा बरामद किया।

पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने नक्सलियों के इस कृत्य को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि मैं मेरे ससुर को जानता हूं। वे बेहद सीधे और सरल व्यक्ति थे। जिन लोगों ने भी यह हत्या की है, वे खुद सोचे की किसकी हत्या की है। इसी वजह से जनता उनके खिलाफ हो रही है। मनीष कुंजाम ने कहा कि आज लोग सोचते हैं कि फोर्स के आने से उनको तकलीफ नहीं हो रही है। इसका मतलब है कि जनता उनसे दूर जा रही है। मामले में सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि बुजुर्ग को नक्सली घर से उठाकर ले गए थे। बेरहमी से हत्या की है। मंगलवार सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। मामले की हर पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

युवक को पीट-पीटकर मार डाला, फिर जंगल में जलाई लाश

1500 में साइकिल बेचने पर 2 भाइयों ने की हत्या, हड्डियों के अवशेष बरामद

बिलासपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 2 भाइयों ने मिलकर रस्सी से एक युवक के हाथ-पैर बांधे, फिर डंडे से पीट-पीटकर उसे मार डाला। सबूत मिटाने के लिए साजिश रची। शव को जंगल में ले जाकर कंडे और लकड़ी से जला दिया। मामला कोटा थाना के बेलगहना चौकी क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम मिलाप सिंह भैना (26) है, जो ग्राम जोबापारा सेमरी का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि 1500 रुपए में साइकिल को बेचने से गुस्साए आरोपियों ने युवक की हत्या की है।

दरअसल, मिलाप सिंह भैना 22 फरवरी से लापता था। उसकी मां बालकुंवर भैना लगातार तलाश कर रही थी, लेकिन कहीं नहीं मिल रहा था। इसके बाद 28 फरवरी को बेलगहना चौकी पहुंची। उसने चौकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत पर पुलिस ने तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने परिजन सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। शुरुआती पूछताछ में युवक की मां बालकुंवर ने पुलिस को बताया कि आखिरी बार मिलाप को गांव का सतबीर यादव घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था, जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल रहा है।

इसके बाद चौकी प्रभारी एसआई भावेश शेंडे ने इसकी सूचना एसपी रजनेश सिंह और एएसपी अर्चना झा को दी। एसपी के निर्देश पर कोटा थाना प्रभारी और प्रशिक्षु आईपीएस सुमित कुमार टीम के साथ सेमरी गांव पहुंचे। उन्होंने सतबीर यादव (30) और उसके भाई देवनाथ यादव (25) को हिरासत में लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में पहले दोनों भाइयों ने गोल-मोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह किया। सख्ती से पूछताछ पर दोनों भाइयों ने सच्चाई बताई। आरोपी सतबीर और देवनाथ यादव ने बताया कि मिलाप सिंह भैना 22 फरवरी को सतबीर की साइकिल को 2 घंटे के लिए मांग कर ले गया था, लेकिन साइकिल नहीं लौटाई।

22 फरवरी की रात 10 बजे सतबीर उसे घर से बुलाकर अपने घर ले गया। घर पर देवनाथ के साथ मिलकर पूछताछ की। मिलाप ने साइकिल केंदा के केवल केंवट उर्फ पप्पू को 1500 में बेचने की जानकारी दी।गुस्साए भाइयों ने रस्सी से बांधकर पीट-पीटकर हत्या कर दी। अजगर माड़ा जंगल में शव रो जला दिया।

एफएसएल की टीम और स्निफर डॉग विमला से भी घटनास्थल ग्राम सेमरी की जांच कराई गई। डॉग ने मौके पर मिले साक्ष्यों को सूंघकर दोनों आरोपियों की पहचान की। एफएसएल की टीम ने अजगर माड़ा के जंगल से राख, चप्पल और गमछे के टुकड़े बरामद किए।

एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया कि आरोपी सतबीर यादव और देवनाथ यादव से वारदात में इस्तेमाल डंडा और साइकिल को जब्त किया गया है।

सेक्स सीडी कांड, भूपेश बघेल-विनोद-कैलाश की पेशी

पूर्व सीएम के वकील बोले– उन्हें झूठे केस में फंसाया गया, सीबीआई बोली– हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस

रायपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के चर्चित सेक्स सीडी कांड केस में मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विनोद वर्मा और कैलाश मुरारका रायपुर कोर्ट में पेश हुए। पिछली सुनवाई में सीबीआई ने अपना पक्ष रखा था। आज आरोपियों के वकीलों ने बहस की। यह दूसरी बार है, जब सभी आरोपियों ने कोर्ट में हाजिरी दी।

भूपेश बघेल के बचाव में जबलपुर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने कोर्ट में दलीलें रखीं। अधिवक्ता मनीष दत्त ने कहा कि बघेल को झूठे मामले में फंसाया गया है। भूपेश ने न तो सीडी बनवाई और न ही सीडी बांटी। उन्होंने किसी तरह का कोई ऑफेंस (अपराध) नहीं किया है।

पिछली सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया था कि कोर्ट में सीबीआई बनाम कैलाश मुरारका और अन्य के विरुद्ध जांच पर बहस थी। सीबीआई ने बहस पूरी

कर ली है। अब अभियुक्त के वकील बहस करेंगे। लगभग सभी आरोपी कोर्ट में पेश हुए हैं। सीबीआई ने इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस होने का दावा किया है।

दरअसल, अक्टूबर 2017 में छत्तीसगढ़ में एक कथित सेक्स सीडी सामने आई थी। इसे कथित रूप से पूर्व मंत्री राजेश मूणत का बताया जा रहा था। रायपुर के सिविल लाइन थाने में इसका मुकदमा दर्ज हुआ। बाद में पुलिस दिल्ली से पत्रकार विनोद वर्मा को गिरफ्तार कर लाई थी। कांग्रेस इसे तत्कालीन सरकार की साजिश बताती रही। सितंबर 2018 में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर साजिश रचने का आरोप था। भूपेश बघेल ने जमानत लेने से इनकार कर दिया।

इसके बाद कांग्रेस प्रदेश भर में भाजपा सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर गई। इस गिरफ्तारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नया जोश दिया। नवंबर 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में जीतकर भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने थे।

कथित सेक्स सीडी कांड केस में कोर्ट ने मुख्य आरोपी कैलाश मुरारका, पूर्व सीएम के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा, भूपेश बघेल, विजय पांड्या, विजय भाटिया को बनाया गया है। इस केस के एक आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है।

मामले में सीबीआई ने 2018 में चार्जशीट पेश की थी, लेकिन इस पर आगे कोई सुनवाई नहीं हुई थी। अब रायपुर कोर्ट में सीबीआई की चार्जशीट पर बहस चल रही है। सीडी कांड को लेकर छत्तीसगढ़ में जमकर राजनीति हुई। इस मामले में सबसे अहम कड़ी श्याम नगर निवासी रिंकू खनूजा था। 6 जून 2018 को रिंकू ने खुदकुशी कर ली। उसकी मौत के बाद सीबीआई ने उसे आरोपी बनाया है।

रायपुर-जगदलपुर के कारोबारियों के 10 ठिकानों पर आईटी की रेड

रामा स्टील–रामा उद्योग, श्याम बिल्डर के दफ्तर में घुसी टीम, सुबह से खंगाल रही दस्तावेज

जगदलपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर और रायपुर में आईटी ने 3 कारोबारियों के ऑफिस और फैक्ट्री समेत 10 ठिकाने पर छापेमारी की है। इनमें बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, रामा स्टील और रामा उद्योग ग्रुप पर छापा पड़ा है। बताया जा रहा है कि टैक्स चोरी की शिकायत पर रेड चल रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक बिल्डर श्याम सोमानी के जगदलपुर निवास और दफ्तर में रायपुर की टीम ने सुबह दबिश दी

है। करीब 10 से 12 अधिकारी पहुंचे हैं। आईटी की टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है।

श्याम सोमानी बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हैं। उनकी बस्तर में बीएमएस कंस्ट्रक्शन कंपनी है। साथ ही बस्तर मंडी के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे इमली, महुआ जैसे वनोपज के बड़े व्यापारियों में से एक हैं। इन पर टैक्स चोरी करने का आरोप है। करीब सालभर पहले जगदलपुर के सराफा व्यापारी के घर आईटी की रेड पड़ी थी। पारस ज्वेलरी शॉप और घर में आईटी की टीम ने दबिश दी थी। आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। उस समय भी रायपुर की टीम ने कार्रवाई की थी। वहीं 2 साल पहले जगदलपुर में खनिज विभाग के उप संचालक एसएस नाग के घर में भी रेड की कार्रवाई हुई थी। एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने रेड की थी ।

वादे पूरे करने 23 हजार करोड़ कर्ज लेगी सरकार

पहले से 98 हजार करोड़ का लोन, सैलरी–सब्सिडी में खर्च होगा बजट का 74% पैसा

रायपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट पेश किया है। इसमें से 74% सरकारी कर्मचारियों, नेताओं को मिलने वाले वेतन भत्ते, योजनाओं के अनुदान और लोगों को दी जाने वाली सब्सिडी में खर्च होगा, यानी करीब 1 लाख 23 हजार 750 करोड़, इन्हीं खर्चों में चला जाएगा। इसके बाद जो बचेगा वो विकास के कामों में लगेगा।

विकास के प्रोजेक्ट और चुनावी वादों को पूरा करने सरकार लोन भी लेगी। इस बार के बजट डेटा के मुताबिक सरकार करीब 23 हजार करोड़ का लोन लेगी। छत्तीसगढ़ की विधानसभा में सरकार की ओर से दिए गए ब्योरे के मुताबिक प्रदेश पर कुल 98 हजार 757 करोड़ रुपए कर्ज है। अब एक्सपर्ट्स से समझिए सरकार के पास पैसा कहां से आता है? कहां जाता है? राज्य की माली हालत कैसी है?

मुख्य रूप से राज्य सरकार के पास पैसा शराब की बिक्री, जमीन की रजिस्ट्री, नगर निगमों से मिलने वाले टैक्स, जीएसटी, स्टेट टैक्स से आता है। इस तरह के 20 से ज्यादा टैक्स, 23 विभागों, ब्याज से करीब 1 लाख 41 करोड़ रुपए की आय सरकार की होने का अनुमान है।

सरकार की इनकम का बड़ा भाग करीब 74 प्रतिशत वेतन, भत्ते, छूट, अनुदान में खर्च हो जाता है। पूंजी बनाने में, यानी की सड़कें, अस्पताल, बिल्डिंगें, पुल-पुलिया ये सरकार की पूंजी हैं, इसमें और दूसरे विकास के कामों में 26 प्रतिशत पैसा खर्च होता है, मोटे तौर पर कुछ मुख्य सेक्टर हैं जहां सरकार के फंड का बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। इस तरह के सभी खर्च मिलाकर प्रदेश के कुल 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है।

बजट डेटा 2025-26 के मुताबिक खर्च होगा 1 लाख 65 हजार 100, लेकिन सरकार के पास इनकम होगी 1 लाख 41 हजार करोड़। इस 24 हजार करोड़ के गैप को पूरा करने के लिए सरकार लोन लेगी।

साइबर ठगी के शिकार किसान ने किया सुसाइड

गुमला, 4 मार्च (एजेंसियां)। साइबर ठगी के शिकार हुए गुमला के एक किसान ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले उसने एक पर्ची लिख कर छोड़ी। पर्ची में उसने अपने भाई और परिजनों से माफी मांगी है। उसने लिखा मुझे क्षमा करना और मोबाइल में मैसेज देखना सीख जाना। जिले के सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव के रहने वाले 55 साल के मोरहा उरांव ने घर के पीछे आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। मृतक के भाई जगना उरांव ने मोरहा ने टैसेरा राइस मिल में अपनी धान की फसल बेंच कर 68 हजार रुपए जमा किए थे। कुछ दिन पहले साइबर अपराधियों ने उनसे यह पूरी रकम ठग ली। इस घटना के बाद से वह मानसिक तनाव में था।

परिजनों ने बताया कि मोरहा उरांव की करीब 15 साल पहले कोयनारा क्षेत्र में शादी हुई थी। जिसके बाद से उसे कोई संतान नहीं हो रहा था। उसने एक बेटी को गोद लिया था। बच्चे की परवरिश और पढ़ाई की चिंता भी उन्हें सता रही थी। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले मोरहा उरांव का पूरा परिवार खेती पर निर्भर था। धान बेच कर जो पैसे उसे मिले थे, वो ही उसकी जमा पूंजी थी। जानकारी के मुताबिक वह सात्विक विचार का टाना भगत परिवार में से संबंध रखने वाला था। पड़ोस में उसका भाई परिवार संग रहता था।

जेल में हत्या के दोषी कैदी ने किया सुसाइड

पलामू, 4 मार्च (एजेंसियां)। मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में एक कैदी ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह साबिर अंसारी नाम के कैदी ने बाथरूम में गमछे से फांसी लगा ली। वह गढ़वा जिले के रमना का रहने वाला था। साबिर हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसे 2023 में गढ़वा सेंट्रल जेल से मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया गया था। जेल प्रभारी आशीष कुमार सिन्हा के अनुसार अन्य कैदियों ने साबिर को फांसी पर लटका देख जेल प्रशासन को सूचित किया। जिसके बाद उसे तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शव का पोस्टमॉर्टम उसके परिजनों के आने के बाद चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने दंडाधिकारी के मौजूदगी में किया। साबिर के भाई गयासुद्दीन अंसारी ने बताया कि वो अपने साला की हत्या मामले में जेल में सजा काट रहा था। साला सद्दाम अंसारी की पत्नी के साथ साबिर का अवैध संबंध था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और 2021 के फरवरी में उसने सद्दाम अंसारी की हत्या कर दी।

साबिर का शव लेने पहुंचे भाई गयासुद्दीन अंसारी ने कहा कि शनिवार को उसने पिता के साथ साबिर से मुलाकात की थी। उसने बताया था कि सब ठीक है।

जेल की व्यवस्था से वह संतुष्ट था। अचानक ही आज 11 बजे उसके मौत की खबर जेल प्रशासन द्वारा दी गई।

धर्म परिवर्तन पर बवाल, चर्च में रोकी प्रार्थना सभा

हिंदू संगठन बोला–बहला–फुसलाकर करवा रहे आदिवासियों का धर्मांतरण, पुलिस ने शांत कराया मामला

रायपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में फिर धर्मांतरण को लेकर हंगामा हुआ है। हंगामा इतना बढ़ा कि, 2 चर्चों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों को बीच में ही रोकना पड़ा। मेनोनाइट चर्च में कलीसिया स्थापना सभा और इंडियन क्रिश्चियन मिनिस्ट्री चर्च में प्रार्थना सभा चल रही थी। मामला मोहला इलाके का है।

जानकारी के मुताबिक, रविवार को हिंदू संगठनों और आदिवासी समाज के प्रमुखों ने इन कार्यक्रमों को धर्मांतरण से जोड़ते हुए विरोध किया था। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मेनोनाइट चर्च पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी समाज के लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने चर्च के अंदर से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और मामले को शांत कराया। वहीं, बजरंग दल ने अवैध भूमि पर चर्च होने का दावा किया है। पहले चर्च में विरोध के बाद प्रदर्शनकारी वार्ड नंबर 16 स्थित इंडियन क्रिश्चियन मिनिस्ट्री चर्च पहुंचे।

यहां स्थानीय आदिवासी परिवारों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। यहां भी हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि आदिवासियों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

हिंदू संगठनों ने प्रशासन से धर्मांतरण पर रोक लगाने और इस मामले की जांच करने की मांग की। बजरंग दल ने यह भी दावा किया कि चर्च अवैध भूमि पर बना है और प्रशासन से इसकी जांच कर कार्रवाई करने की अपील की। कलीसिया स्थापना का अर्थ है किसी नए क्षेत्र में चर्च या ईसाई समुदाय की औपचारिक स्थापना। इसमें स्थानीय ईसाई अनुयायियों को संगठित करना और नए चर्च का निर्माण शामिल होता है।

साथ ही पास्टर की नियुक्ति और सामूहिक प्रार्थनाओं का आयोजन भी किया जाता है। मामले में तनाव बढ़ने पर मोहला तहसीलदार दिनेश साहू और पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। साथ ही विरोध जारी रहने पर दोनों चर्चों में चल रहे कार्यक्रम रोक दिए गए।

सूटकेस, मैट्रेस, कपड़े, कैलेंडर, हर जगह 'आग ही आग'

रहस्यमयी घर का असल रहस्य क्या?

धनबाद, 4 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के धनबाद से सनसनीखेज मामला सामने आया है। हीरापुर के मास्टरपाड़ा में एक दो मंजिला मकान में पिछले पांच दिनों से रहस्यमयी तरीके से आग लग रही है। परिवार डरा हुआ है और घर छोड़ने पर मजबूर हैं। आग लगने की शुरुआत 27 फरवरी को हुई थी। अभी तक कोई स्पष्ट कारण नहीं पता चला है। घर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव अंशुमान चौधरी अपने माता-पिता और पत्नी-बच्ची के साथ रहते हैं। अग्निशमन विभाग भी जांच कर चुका है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अंशुमान चौधरी ने बताया कि घर में पिछले पांच दिनों से अजीबोगरीब घटनाएं हो रही हैं। घर में अलग-अलग जगहों पर अचानक आग लग जाती है। यह सिलसिला 27 फरवरी से शुरू हुआ। पहले इन्वर्टर की बैटरी फटी, फिर सूटकेस, मैट्रेस, कपड़े, कैलेंडर और दूसरे सामानों में आग लग गई। परिवार के सदस्य दहशत में हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि यह सब क्यों हो रहा है।

घर की मालकिन कृष्णा चौधरी ने बताया कि 27 तारीख को इन्वर्टर की बैटरी फटने से आग लग गई। हम लोगों ने इसे मामूली घटना समझा लेकिन उसके बाद घर के सूटकेस में आग लग गई। उन्होंने आगे बताया कि 28 फरवरी को घर बंद करके सब लोग बाहर गए थे। वापस आकर देखा तो मैट्रेस जल रहा था और कमरा धुएं से भरा हुआ था। उसके बाद से तो कभी कपड़े, कभी कैलेंडर तो कभी कोई और चीज जलने लगती है। छोटे बेटे अंजान चौधरी ने बताया कि घर में अचानक आग लगना चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में डीसी को आवेदन दिया गया। ज्वलनशील गैस की आशंका के चलते उन्होंने लैट्रिन का टैंक भी साफ करवाया, लेकिन आग लगने का सिलसिला रुका नहीं। अंजान ने बताया कि आज सुबह भी आग लगने की घटना हुई। वहीं, अंशुमान चौधरी ने बताया कि आग लगने से पहले फर्श गर्म हो जाता है। इससे अहसास हो जाता है कि कहीं आग लगेगी। अग्निशमन अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद भी रविवार रात घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घर के लोगों द्वारा डीसी से शिकायत करने के बाद रविवार रात वे घटना की जांच करने घर पहुंचे। वहां घर के लोगों से बातचीत के दौरान भी अचानक कपड़े में आग लग गई। जिसे उन्होंने बुझाया। लक्ष्मण प्रसाद ने आगे कहा कि छानबीन की गई तो कोई स्पष्ट कारण का पता नहीं लगाया जा सका।

अमेरिकी एफ-35 जेट बनाम रूसी सु-57 में फंसा भारत

हिंदुस्तान से 3 गुना आगे निकला चीन, पाक पर भी एक्सपर्ट की चेतावनी

वॉशिंगटन, 4 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पांचवीं पीढ़ी के दुनिया के सबसे महंगे एफ-35 फाइटर जेट के ऑफर के बाद भारत अब दुविधा में फंस गया है। दशकों से भारत के सबसे करीबी दोस्त रूस ने भी अपने पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट सुखोई- 57 के भारत में ही निर्माण का ऑफर दे दिया है। भारत के दुश्मन पड़ोसी देश जहां लगातार स्टील्थ फाइटर जेट अपनी वायुसेना में शामिल कर रहे हैं, वहीं भारत अभी भी राफेल के बाद नए फाइटर जेट के चुनाव पर फैसला नहीं ले पा रहा है। अमेरिका अपने एफ-35 फाइटर जेट को अभी तक केवल करीबी सहयोगियों को ही दे रहा है और इस विमान को रूस और चीन के खतरे को ध्यान में रखकर बनाया गया है। वशिषज्ञों का कहना है कि भारत की इस दुवधिा का असर यह है कि चीन पिछले 10 साल में भारत से करीब 3 गुना आगे निकल गया है।

यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बनी में एक राजनीति वैज्ञानिक क्रिस्टोफर क्लारी ने हाल ही में इंटरनेशल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटजिक स्टडी के आंकड़े के हवाले से बताया कि साल 2014 से 2024 के बीच चीन ने अपनी वायुसेना में 435 नए फाइटर जेट को शामिल किया। पाकिस्तान ने भी अपनी वायुसेना में 31 नए विमानों को शामिल किया है। वहीं भारत की बात करें तो लड़ाकू विमानों के बेड़े में 151 जेट की कमी आई है। भारत की योजना है कि घरेलू फाइटर जेट जैसे तेजस को बड़े पैमाने पर शामिल किया जाए। ऐसे 500 स्वदेशी फाइटर जेट को शामिल करने की योजना है। हालांकि यह प्लान भी अमेरिका के इंजन देने में देरी की वजह से बुरी तरह से पिछड़ गया है। अमेरिका का एफ-35 फाइटर जेट में अत्याधुनिक सेंसर लगे हैं और एआई से लैस है। साथ ही यह आसानी से डेटा को शेयर करने में सक्षम है। यह रेडार को भी मात देने में सक्षम है। इस एक विमान की कीमत 8 करोड़ डॉलर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक कार्नेगी संस्था में सीनियर फेलो एश्ले जे टेलिस का कहना है कि ट्रंप का एफ-35 का ऑफर केवल सांकेतकि है न कि व्यवहारिक। ट्रंप अमेरिकी हथियारों को बेचने के लिए इस तरह का ऑफर दे रहे हैं। वहीं भारत पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए अपने स्वदेशी एएमसीए तथा और ज्यादा राफेल पर फोकस कर रहा है। टेलिस ने कहा कि रूस जहां भारत को सहनिर्माण का ऑफर दे रहा है, वहीं अमेरिका ऐसा कोई भी ऑफर नहीं देने जा रहा है। यही नहीं अमेरिका इस विमान के साथ निगरानी की कई शर्तें भी लगा देगा जिससे इस बात की संभावना कम है कि भारत एफ-35 डील पर आगे बढ़े। भारत के एक सामने एफ-35 को लेकर एक और चुनौती यह होगी कि एफ-35 की कीमत बहुत ज्यादा है और इसका मेंटेनेंस भी बहुत महंगा है। इसी वजह से भारत रूसी जेट के ऑफर की ओर बढ़ सकता है। हालांकि कई विश्लेषकों का कहना है कि सुखोई-57 एक तगड़ा प्रतिद्वंदी नहीं है। भारत साल 2018 में ही रूस से तकनीक के ट्रांसफर को लेकर विवाद के बाद इस प्रोजेक्ट से हट गया था। रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरे धर्मसंकट से भारतीय वायुसेना लगातार पुरानी हो रही है और उसके फाइटर जेट की संख्या भी कम हो रही है।

राफेल में लगेगा एस-400 का काल

फ्रांस की आरजे10 मिसाइल की ताकत देख पुतिन-जिनपिंग की उड़ेगी नींद, भारत के लिए बड़ा मौका

पेरिस, 4 मार्च (एजेंसियां)। लंबे समय तक शांत रहने वाला यूरोप अब वैसा नहीं रहने वाला है। यूरोपीय देशों को एक बड़े खतरे का डर सता रहा है। ये खतरा है रूस को, जो पुतिन के नेतृत्व में लगातार अपनी आक्रामकता बढ़ा रहा है। इस बीच फ्रांस एक ऐसा हथियार विकसित कर रहा है, जो उसे अंतरिक्ष में वर्चस्व स्थापित करने में मदद करेगा। फ्रांस का ये नया दांव है- राफेल एफ5 लड़ाकू विमान और आरजे10 नाम की एक नई मिसाइल, जो रूस के एस-400 और चीनी एचक्यू-9 का काल बन सकती है। फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (एएई) की योजना इस हथियार के बल पर इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के मैदान पर हावी होने की है।

आज की लड़ाइयों में लड़ाकू विमानों से बम गिराने की कहीं ज्यादा की जरूरत होती है। यहीं पर फ्रांस के प्रमुख लड़ाकू विमान राफेल की भूमिका आती है। इसका एफ4 वैरिएंट पहले से ही शत्रु वायु रक्षा दमन (एसईएडी) अपग्रेड पेश कर रहे हैं, लेकिन 2035 तक आने वाला F5 इसका एक नया रूप होगा। एक अगली पीढ़ी की युद्ध मशीन जो दुश्मन को मात देते के लिए तैयार हो रही है। बुल्गारियन मिलिट्री डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, राफेल एफ5 केवल एक नया अपग्रेड नहीं है। यह एक नया आविष्कार है। एक अत्याधुनिक कम्प्यूटिंग शक्ति, निर्बाध डेटा लिंक और स्टील्थ कॉम्बैट ड्रोन (यूसीएवी) से भरा एक जेट इसके खतरनाक लड़ाकू मशीन बनाता है।

फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (एएई) के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल जेरोम बेलांगर ने बीते 27 फरवरी को ले फिगारो के साथ एक इंटरव्यू में कहा, युद्ध का मैदान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक हो गया है। उन्होंने आगे कहा, 'हमें उनकी हवाई सुरक्षा का पता लगाना है, उन्हें दबाना है और उन्हें जल्दी से खत्म करना है।' राफेल एफ5 बस यही करेगा। लेकिन राफेल अकेले नहीं उड़ेगा। इसके साथ ड्रोन की सेना भी चलेगी, जो रास्ते में आने वाले खतरे को साफ करेगी। इस तरह राफेल एफ5 परमाणु बम गिराने में भी सक्षम होगा।

ये तो हुई लड़ाकू विमान की तकनीकी क्षमता की बात, लेकिन कोई भी फाइटर बिना मारक क्षमता के अधूरा है। यहीं पर आरजे10 मिसाइल सामने आती है, जो सबसे अलग है। फ्रांस-ब्रिटेन के संयुक्त कार्यक्रम के तहत एमबीडीए द्वारा विकसित यह मिसाइल मैक-3 से मैक-5 की स्पीड से दुश्मन की तरफ बढ़ती है। यह इतनी तेज है कि इसे रोकने में दुश्मन के पसीने छूट जाएंगे। 2025 तक राफेर एफ5 के लिए निर्धारित इस सुपरसोनिक मिसाइल को छोटी से मध्यम दूरी तक सतह से हवा में खतरों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। एएई चीफ बेलेंजर ने ले फिगारो से आरजे10 के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह वो चीज है जिससे हम विवादित क्षेत्रों को तोड़ते हैं।' फ्रांस इस हथियार को यूं ही नहीं बना रहा है। यूक्रेन पर रूस का हमला और प्रशांत क्षेत्र में चीन के झुकाव ने पेंटागन और नाटो को हवाई प्रभुत्व पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर दिया है।

द. कोरिया में बढ़ती अमेरिकी सैन्य गतिविधि पर भड़कीं किम की बहन

कहा- हमें अपनी रक्षा करना आता है

सियोल, 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने मंगलवार को अमेरिका की तरफ से दक्षिण कोरिया में एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती और अन्य अमेरिकी सैन्य गतिविधियों के जवाब में बड़े पैमाने पर उकसावे की धमकी दी है। किम यो जोंग ने इसे 'अमेरिका और उसके दासों की संघर्ष की मानसिकता' करार दिया और चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया अपनी सुरक्षा को खतरे में डालने वाली कार्रवाईयों को बढ़ा सकता है। किम यो जोंग ने कहा कि अमेरिका ने यूएसएस कार्ल विंसन और अन्य अमेरिकी सैन्य संपत्तियों को तैनात कर के स्पष्ट रूप से उत्तर कोरिया के खिलाफ 'अपनी सबसे शत्रुतापूर्ण और संघर्षात्मक मंशा' दिखाई है। उनका यह बयान इस बात को संकेत देता है कि उत्तर कोरिया अपनी मिसाइल परीक्षण गतिविधियों को बढ़ा सकता है, जिनमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हो सकती हैं, जो अमेरिका के मुख्य भूमि या क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को लक्ष्य बना सकती हैं। इससे पहले, रविवार को यूएसएस कार्ल विंसन और उसका स्ट्राइक समूह दक्षिण कोरिया पहुंचे थे। यह तैनाती उत्तर कोरिया की तरफ से किए गए मिसाइल परीक्षणों के जवाब में अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सैन्य साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी। वहीं दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने किम यो जोंग के बयान को तर्कहीन बताया और कहा कि यह उत्तर कोरिया के परमाणु विकास और भविष्य के उकसावों को सही ठहराने की कोशिश है। उत्तर कोरिया अमेरिकी सैन्य तैनाती को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है और अक्सर इसका जवाब मिसाइल परीक्षणों से देता है।

म्यांमार के रखाइन में फिर छिड़ी भीषण लड़ाई

अराकान आर्मी का नेवल बेस पर भीषण हमला, क्या ढह जाएगा चीनी गढ़?

नेपीडा, 4 मार्च (एजेंसियां)। म्यांमार में रखाइन राज्य के विद्रोही गुट अराकान आर्मी (एए) और जुंटा शासन के बीच एक बार फिर लड़ाई तेज हो गई है। इस बार लड़ाई का केंद्र क्यौकफ्यू टाउनशिप बना हुआ है। एए ने यहां नौसेना बेस और जुंटा की सैन्य चौकियों पर भीषण हमला किया है। चीन के कई बड़े प्रोजेक्ट इस क्षेत्र में हैं। ऐसे में चीन की चिंता इन नए हमलों से बढ़ गई है। यह संघर्ष ऐसे समय हुआ है, जब जुंटा कहलाने वाले सैन्य शासकों ने चीनी सुरक्षा फर्मों को म्यांमार में काम करने की अनुमति देने वाला कानून पास किया है। यह कानून चीनी निजी सुरक्षा संगठनों को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव प्रोजेक्ट सहित बीजिंग के हितों की रक्षा के लिए म्यांमार में तैनाती का अधिकार देता है। क्यौकफ्यू में भी ऐसे कई प्रोजेक्ट हैं। इरावाडी वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, रखाइन राज्य में बीते साल भारी हिंसा देखने को मिली थी। अराकान आर्मी ने राज्य के ज्यादातर हिस्से को जुंटा से छीन लिया है। कुछ महीने की तनावपूर्ण शांति के बाद फरवरी में फिर से हिंसा भड़क उठी है। ये लड़ाई 20 फरवरी को तेज हुई, जब अराकान आर्मी ने क्यौकफ्यू के दान्यावड्डी नौसेना अड्डे पर हमला बोल दिया। यह नौसेना अड्डा सामरिक रूप से बहुत अहम है। क्यौकफ्यू में चीन की तेल-गैस पाइपलाइन, बंदरगाह और विशेष आर्थिक क्षेत्र जैसे मेगा प्रोजेक्ट हैं। रखाइन की राजधानी सित्तवे और मनौंग को छोड़कर बाकी 14 टाउनशिप पर एए का नियंत्रण है।

रखाइन में बीते हफ्ते भी दोनों ओर से भारी गोलाबारी देखने को मिली है। जुंटा ने इलाके के 10 गांवों पर हवाई हमले किए हैं। इससे हजारों ग्रामीणों को अपने घर छोड़कर भागना पड़ा है। बीते हफ्ते गुरुवार को जुंटा के लड़ाकू विमानों से 500 पाउंड के बम गिराए हैं। रखाइन की स्थानीय मीडिया के अनुसार, गोलाबारी और हवाई हमलों से रिहाइशी इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। अयार्वाडी क्षेत्र की थबांग टाउनशिप में भी झड़पें हुई हैं।

डॉक्टरों ने अदियाला जेल पहुंचकर इमरान खान की स्वास्थ्य जांच की

पूर्व पीएम पर सामने आई नई जानकारी

इस्लामाबाद, 4 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में डॉक्टरों की टीम ने अदियाला जेल पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की स्वास्थ्य जांच की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह कार्रवाई मीडिया में पूर्व पीएम के स्वास्थ्य जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद की गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अगस्त 2023 से इस्लामाबाद के अदियाला जेल में बंद हैं। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने उनके स्वास्थ्य के बारे में चिंता व्यक्त की थी।

पाकिस्तानी समाचार पत्र डॉन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि पाकिस्तान इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पीआईएमएस) की एक टीम ने सोमवार को अदियाला जेल पहुंचकर इमरान की स्वास्थ्य जांच की। चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम का नेतृत्व ईएनटी विशेषज्ञ डॉ अल्ताफ हुसैन ने किया। टीम में अस्तपाल के डेंटल डिपार्टमेंट के डॉ उमर फारुक, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ मुहम्मद अली आरिफ और सर्जरी विभाग के डॉ तशफीन इम्तियाज शामिल थे। स्वास्थ्य जांच आधे घंटे तक चली। हाल ही में, पीटीआई के सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम दावा किया था कि इमरान खान जेल में एकांत में रखा गया है। एक अन्य पीटीआई नेता ने दावा किया था कि इमरान उनकी बहन और अन्य रिश्तेदारों से भी नहीं मिलने दिया जा रहा है। इस दौरान पीटीआई नेताओं ने इमरान सेहत पर भी चिंता जाहिर की थी। डॉक्टर की जांच रिपोर्ट के बारे में फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। डॉन के अनुसार, इस्लामाबाद में इस बात की अटकलें लगाईं जा रही हैं कि इमरान को किसी दूसरे स्थान पर भेजा जा सकता है। हालांकि, इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

पिछले महीने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा था कि खान को जल्द ही कहीं और शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर सरकार की ओर से ऐसी किसी योजना की जानकारी नहीं दी गई है।

20 बीवियां, 104 बच्चे, पिता की ख्वाहिश पूरी करने के लिए इस शख्स ने खड़ी कर दी बच्चों की फौज

सबके नाम भी नहीं पता

डोडोमा, 4 मार्च (एजेंसियां)। आज भारत समेत दुनियाभर में छोटे परिवार तेजी से बढ़े हैं। वर्तमान पीढ़ी अब ज्यादा बच्चे पैदा करने से परहेज करने लगी है। कई देशों में यह चलन इतना तेजी से बढ़ा है कि जनसंख्या की गिरावट का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे समय में एक शख्स ऐसा भी है, जिसने 20 महिलाओं से शादी करके अपना विशाल पारिवारिक साम्राज्य खड़ा किया है। तंजानिया का रहने वाला ये शख्स वर्तमान में अपनी 16 पत्नियों के साथ रह रहा है। इनके बच्चों और पोते-पोतियों के बारें जानकर आप हैरान रह जाएंगे।

तंजानिया के नजोम्बे के एक छोटे से गांव में रहने वाले मजी अर्नेस्टो मुइनुची कपिंगा के 104 बच्चे और 144 पोते-पोतियां शामिल हैं। कपिंगा ने 20 शादियां की हैं। इनमें से उनकी 4 पत्नियां मर चुकी हैं। अभी भी उनके साथ 16 पत्नियां हैं और सभी पत्नियों के लिए अलग-अलग घर हैं।

पिता ने परिवार बढ़ाने को कहा

पल्स अफ्रीका की रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादा बच्चे पैदा करने की कपिंगा के पिता के अनुरोध से शुरू हुई, जिन्होंने अपना छोटा परिवार बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उनके पिता ने कबीले के छोटे आकार को बढ़ाने को लेकर अपनी ख्वाहिश जाहिर की, जिसे कपिंगा ने दिल से लिया। वह अपने पिता की इच्छाओं को आगे बढ़ाने के लिए जी-जान से जुट गए।

1961 में जब कई अफ्रीकी देश आजादी हासिल करने के लिए लड़ रहे थे, उसी समय कपिंगा ने अपने परिवार बढ़ाने के मिशन को शुरू किया। उनके पहले बच्चे का जन्म 1962 में हुआ और इसके बाद बच्चों और शादियों का एक लंबा सिलसिला चल पड़ा। अफ्रीमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में कपिंगा ने अपनी शुरुआत को याद किया। उन्होंने कहा, तब मैं एक युवा व्यक्ति था। मैंने 1961 में अपनी पहली पत्नी से विवाह किया था, और मेरा पहला बच्चा 1962 में पैदा हुआ था। लेकिन मेरे पिता ने मुझसे कहा कि एक पत्नी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मेरी पांच पत्नियों के लिए दहेज दिया। वे हमारे परिवार के नाम को कायम रखना चाहते थे। बाकी शादियां मैंने खुद की।' कपिंगा का पूरा परिवार खेती करने और जानवरों को पालने में सहयोग करता है, जिससे परिवार की खाने-पीने की जरूरतें पूरी होती हैं। उनके खेत में मक्का, सेम, कसावा और केले समेत कई तरह की मुख्य वस्तुए पैदा होती हैं।

अमेरिका ने यूक्रेन की सभी सैन्य मदद रोकीं

ट्रम्प-जेलेंस्की की बहस के 3 दिन बाद ऐलान यूएस प्रेसिडेंट बोले- जेलेंस्की शांति नहीं चाहते

वॉशिंगटन, 4 मार्च (एजेंसियां)। व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बहस के 3 दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची है, उसे भी रोक दिया गया है। इसमें पोलैंड तक पहुंच चुका सामान भी शामिल है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार रोकी गई मदद तब तक बहाल नहीं की जाएगी, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं।

जेलेंस्की की सैन्य मदद रोकने से कुछ घंटे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, जेलेंस्की नहीं चाहते कि जब तक उन्हें अमेरिका का समर्थन हासिल है, तब तक शांति हो। यह जेलेंस्की की तरफ से दिया गया सबसे खराब बयान है। अमेरिका इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

यूक्रेन को सैन्य मदद रोके जाने को लेकर फिलहाल अमेरिकी रक्षा विभाग और राष्ट्रपति ट्रम्प ने कोई टिप्पणी नहीं की है। ब्लूमबर्ग ने रक्षा विभाग के एक अधिकारी के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि क्या जेलेंस्की रूस के साथ शांति कायम करना भी चाहते हैं या नहीं। ट्रम्प प्रशासन के एक अधिकारी ने फॉक्स न्यूज से कहा कि यह मदद स्थायी तौर पर नहीं रोकी गई है।

बाइडेन प्रशासन ने 20 जनवरी को एक बयान में कहा कि उसने फरवरी 2022 से यूक्रेन को 65.9 बिलियन डॉलर की सैन्य मदद दी है। इन सैन्य मदद मिसाइलों से लेकर लैंडमाइंस तक शामिल हैं। अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन का रूस के सामने 3 साल से भी ज्यादा समय तक टिक जाना नामुमकिन था।

अमेरिका ने यूक्रेन को 3 पैट्रियट मिसाइल सिस्टम दिए। पैट्रियट दुनिया के सबसे भरोसमंद मिसाइल सिस्टम में से एक है। इसकी मिसाइलें 70 किलोमीटर दूर और 24 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी दुश्मन के हमले को नाकाम कर सकता है। यूक्रेन ने इसी की मदद से नवंबर में रूस के 7 हाइपरसोनिक किंजल और एक जिरकॉन मिसाइल को मार गिराया था।

एफबीआई के न्यूयॉर्क प्रमुख का इस्तीफा

बोले- मुझे मिला था ये आदेश, ब्यूरो में बड़े पैमाने पर छंटनी की आशंका

वाशिंगटन, 4 मार्च (एजेंसियां)। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी एफबीआई के न्यूयॉर्क कार्यालय के प्रमुख ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने के लिए आदेश दिया गया था। जेम्स डेनही ने सोमवार को अपने सहयोगियों को एक संदेश में बताया कि शुक्रवार को उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन इसका कोई कारण नहीं बताया गया। यह घटना एफबीआई के लिए एक अशांत समय में हुई है, क्योंकि पिछले महीने काश पटेल नए एफबीआई निदेशक बने थे और डैन बॉन्गिनो, जो ट्रंप के समर्थक और कंज़र्वेटिव पॉडकास्ट होस्ट हैं, को उप निदेशक नियुक्त किया गया है। जब न्याय विभाग ने 6 जनवरी, 2021 को अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा से संबंधित जांच में शामिल हुए एफबीआई एजेंट्स की सूची देने का आदेश दिया। इस आदेश को कुछ लोगों ने एफबीआई में बड़े पैमाने पर निकासी का संकेत माना। डेनही, जो एक सेवानिवृत्त मरीन हैं, इस आदेश का विरोध करते हुए एक संदेश में कहा था कि वह इस मामले में डिगने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं जेम्स डेनही ने अपने इस्तीफे के बाद कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कई बार सुना है, 'जब आप गड्ढे में हों, तो खुदाई बंद कर दो,' लेकिन मुझे इस पर भरोसा नहीं है।

जर्मनी के मैनहेम में लोगों पर जानबूझकर कार चढ़ाई

2 की मौत, 25 घायल, 3 महीने में कार से हमले की तीसरी घटना

बर्लिन, 4 मार्च (एजेंसियां)। जर्मनी के मैनहेम में कार्निवल के दौरान सोमवार को एक कार चालक ने जानबूझकर पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। जर्मनी के बिल्ड न्यूज पेपर के मुताबिक इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं है कि ड्राइवर ने जानबूझकर ऐसा किया या ये हादसा गलती से हुआ। पुलिस ने इलाके में लॉकडाउन लगाया है।

जर्मनी में तीन महीने के अंदर कार से लोगों पर हमले की यह तीसरी घटना है। जनवरी में म्यूनिख शहर में एक अफगानी शरणार्थी ने लोगों पर कार चढ़ा दी थी। इस हादसे में 2 लोग मारे गए थे, जबकि 28 से ज्यादा घायल हुए थे। वहीं, दिसंबर में मैगडेबर्ग शहर के क्रिसमस मार्केट में तेज रफ्तार कार ने सैकड़ों लोगों को रौंद दिया था। इस हमले में 5 लोग मारे गए थे, जबकि 200 घायल हुए थे। घायलों में 7 भारतीय भी थे। इस हमले को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.15 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शाम 4:45 बजे) अंजाम दिया गया। जर्मन मीडिया ने बताया कि मैनहेम की मुख्य शॉपिंग स्ट्रीट प्लैंकन में एक काली एसयूवी ने तेज रफ्तार से कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। यह कार प्लैंकन में परेडप्लाट्ज स्क्वायर से शहर के फेमस वॉटर टावर की तरफ जा रही थी। पुलिस प्रवक्ता स्टीफन विल्हेम ने बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अन्य लोगों के शामिल होने की जानकारी नहीं दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने कहा है कि मैनहेम में अभी खतरे की स्थिति बनी हुई है। घायलों के इलाज के लिए हॉस्पिटल ने 8 टीमें तैनात की हैं।

अधिकारियों ने एक ऐप के जरिए अलर्ट जारी किया है। यह एक ऐसा सिस्टम जिसका इस्तेमाल लोगों को आतंकवादी हमलों या आग जैसी इमरजेंसी का अलर्ट भेजने के लिए किया जाता है। इस अलर्ट में लोगों को शहर के सेंटर से दूर रहने और स्थिति समान्य होने तक घर के अंदर रहने का निर्देश दिया गया है।

जेलेंस्की-ट्रंप विवाद के बीच चीन ने चली नई चाल

यूरोपीय संघ के साथ संबंध बढ़ाने की तैयारी

बीजिंग, 4 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच दूरी बढ़ी है। इस बीच, चीन ने यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने की योजना बनाई है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की बैठक में तीखी बहस हुई थी।

चीन की संसद 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' (एनपीसी) के प्रवक्ता लू किनजियान ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका देश 27 सदस्यीय ईयू के साथ एकतरफा फैसलों के खिलाफ काम करने के लिए तैयार है। लू ने कहा, बीते पचास वर्षों में तथ्या बार-बार यही साबित करते हैं कि चीन व यूरोप के बीच कोई मौलिक हितों का टकराव या भू-राजनीतिक संघर्ष नहीं है, बल्कि वे एक-दूसरे की कामयाबी में योगदान देने वाले साझेदार हैं। चीन ईयू के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना चाहता है, जिसे वह अपने एआई से सक्षम इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरियों के लिए एक लाभदायक बाजार मानता है। यूरोपीय संघ ने स्वदेशी मॉडलों की सुरक्षा के लिए चीनी ई-वाहनों पर भारी शुल्क लगाया हुआ है। हाल ही में जेलेंस्की और ट्रंप के बीच हुई विस्फोटक बैठक के बाद अमेरिका और ईयू के रणनीतक संबधों में आए बदलाव का फायदा उठाना चाहता है।

ट्रंप के साथ बैठक में तीखी बहस के बाद ईयू के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ एकजुटता दिखाई। बैठक का वीडियो चीन के सरकारी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रसारित किया गया। ट्रंप-जेलेंस्की विवाद चीन के लिए एक कठिन क्षण है, क्योंकि यूक्रेन पर युद्ध को खत्म करने का दबाव डालते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ गर्मजोशी दिखा रहे हैं, जो चीनी नेता शी जिनपिंग के करीबी सहयोगी हैं।

ट्रंप और पुतिन के बीच बढ़ते मेल-मिलाप को लेकर बीजिंग में चिंता बनी हुई है। वर्षों से अमेरिका और उसके सहयोगियों से पैदा होने वाले खतरों का सामना करने के लिए शी और पुतिन ने करीबी संबंध बनाए हैं। एक मार्च को पुतिन ने अपने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु को बीजिंग भेजा, ताकि वह शी को यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए वॉशिंगटन के साथ चल रही वार्ताओं के बारे में जानकारी दे सकें।

गहलोत सरकार के समय बने 'कांस्टीट्यूशन क्लब' का फिर से होगा उद्घाटन

डीडवाना में बनेगा मिनी सचिवालय; स्पीकर ने फिर दी हिदायत

जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को भी प्रश्नकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवाल उठाए गए। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही के दौरान विधायकों को अनुशासन बनाए रखने और नियमों का पालन करने की हिदायत दी। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक लेकर मंत्रियों और विधायकों को सदन में सक्रिय रहने और सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

कांस्टीट्यूशन क्लब का फिर होगा उद्घाटन

दरअसल, राजधानी जयपुर में दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब की तर्ज पर बनाए गए 'कांस्टीट्यूशन क्लब' का उद्घाटन 8 मार्च को होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि सुबह 11 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला इसका शुभारंभ करेंगे।

बताते चलें कि यह कांस्टीट्यूशन क्लब पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विधानसभा के पास बनाया गया था। 22 सितंबर 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसका उद्घाटन भी किया था। दिसंबर 2023 में नई सरकार बनने के बाद इसे दोबारा उद्घाटन करने की तैयारियां चल रही थीं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मौजूदा सरकार पर दोबारा उद्घाटन को लेकर सवाल भी उठाए थे।

स्पीकर वासुदेव देवनानी ने फिर जताई पीड़ा

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में विधायकों के अनुशासनहीन व्यवहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मैं बार-बार हिदायत दूं, यह अच्छा नहीं लगता। सदन चलने के दौरान सदस्य इधर-उधर घूमते रहते हैं। प्रश्नकाल के दौरान 11 से 12 बजे तक सदन में अधिक समय दें तो अच्छा रहेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि इस विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने सदस्यों से भाषा की मर्यादा बनाए रखने और एक-दूसरे का सम्मान करने की अपील की।

डीडवाना में मिनी सचिवालय का मुद्दा उठा

विधानसभा बजट सत्र के दौरान डीडवाना में मिनी सचिवालय की स्थापना का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक यूनुस खान ने सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार इस जमीन पर मिनी सचिवालय बनाने का विचार रखती है? इस पर मंत्री जोगाराम पटेल ने जवाब दिया कि डीडवाना में जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है और आवंटन की प्रक्रिया जारी है। पूर्व सरकार ने जमीन चिन्हित की थी और फंड भी स्वीकृत किया था। वर्तमान सरकार भी इस पर विचार कर रही है और जो जनता के हित में होगा, वही निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बीजेपी विधायक दल की बैठक ली

बताते चलें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई, जिसमें मंत्रियों और विधायकों को सदन में अधिक समय बिताने और सक्रिय रहने की नसीहत दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री और विधायक सदन में पूरे समय उपस्थित रहें और अपने व्यवहार का ध्यान रखें।

उन्होंने बैठक के दौरान कहा कि सभी विधायकों को अवकाश के दिनों में अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करना चाहिए। बजट में घोषित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जनता तक सरकार की नीतियां पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और उनकी प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में फ्लोर मैनेजमेंट और आगामी दिनों में सदन में पेश होने वाले बिलों पर भी चर्चा हुई।

हिंदुस्तान जिंक के प्लांट में लगी भीषण आग

दो किलोमीटर दूर से दिखीं लपटें; इलाके में फैली दहशत

राजसमंद, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजसमंद जिले के सिंदेसर कला स्थित हिंदुस्तान जिंक के राजपुरा-दरीबा माइंस में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। यह आग माइंस की एक शाफ्ट में लगी थी, जिसकी लपटें दो किलोमीटर दूर से भी देखी गईं। आग लगते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

शिफ्ट चेंज के समय लगी आग

शुरुआती जानकारी के अनुसार, शिफ्ट बदलने के दौरान लिफ्ट के एक हिस्से में आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। चूंकि इसी लिफ्ट का उपयोग मजदूरों और स्टाफ के आने-जाने के लिए किया जाता है, इसलिए आग लगने से मजदूरों में दहशत फैल गई।

रेस्क्यू टीम ने संभाला मोर्चा

बता दें, जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। रेस्क्यू टीम ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलमगरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

माइंस का प्रशासन मौके पर मौजूद

वहीं, आग की सूचना मिलते ही हिंदुस्तान जिंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हालात का निरीक्षण किया और लिफ्ट को दोबारा दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस घटना की खबर जैसे ही माइंस कॉलोनी तक पहुंची, लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए और आसमान में उठता धुएं का गुबार देखकर घबरा गए।

हिंदुस्तान जिंक के अधिकारियों ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रशासन ने सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

अवैध बजरी खनन पर हाईकोर्ट सख्त

सीबीआई से पूछा- अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मिला रोचक जवाब

जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में अवैध बजरी खनन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने मामले में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए CBI डायरेक्टर को 17 मार्च को व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस समीर जैन की अदालत ने सुनवाई के दौरान सीबीआई की जांच की धीमी गति पर सवाल उठाए। कोर्ट ने पूछा कि जब पिछले साल अप्रैल 2024 में जांच के आदेश दे दिए गए थे, तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

सीबीआई ने कोर्ट को दिया ये जवाब

इधर, सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा और संसाधनों की कमी के कारण वह सभी मामलों की जांच करने में असमर्थ है। इस पर हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि सीबीआई जैसी उच्च स्तरीय जांच एजेंसी भी अगर संसाधनों की कमी की बात कहेगी, तो न्याय की उम्मीद कैसे की जाएगी?

अवैध बजरी खनन के 416 मामले दर्ज

न्यायमित्र अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि राजस्थान में अवैध बजरी खनन के करीब 416 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल 2024 को बूंदी सदर थाने में दर्ज एक मामला सीबीआई को ट्रांसफर करते हुए चंबल और बनास नदी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच के आदेश दिए थे। लेकिन फरवरी 2025 तक सीबीआई ने केवल बूंदी सदर मामले में ही कार्रवाई की और बाकी मामलों में कोई प्रगति नहीं हुई।

पुलिस सहयोग नहीं कर रही- सीबीआई

सीबीआई ने हाईकोर्ट को बताया कि राज्य पुलिस जांच में कोई सहयोग नहीं कर रही है। सीबीआई ने कहा कि स्थानीय पुलिस से पर्याप्त बल नहीं मिलने के कारण जांच में बाधा आ रही है। सीबीआई ने अदालत में कहा कि संयुक्त जांच के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। राज्य सरकार और स्थानीय पुलिस से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा। इसके अलावा जांच के लिए जरूरी बल (नफरी) उपलब्ध नहीं कराया जा रहा।

कोर्ट की पुलिस पर भी कड़ी टिप्पणी

हाईकोर्ट ने कहा कि राजस्थान में बजरी माफिया, पुलिस और खान विभाग की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। पुलिस और खान विभाग केवल कागजी कार्रवाई करते हैं, लेकिन जब ठोस कार्रवाई की बात आती है, तो कुछ नहीं किया जाता। अदालत ने यह भी कहा कि अगर राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही है, तो सीबीआई को इस बारे में ठोस कदम उठाने चाहिए। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि जब इतने महीनों से जांच का आदेश दिया गया था, तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

सीबीआई डायरेक्टर को किया तलब

बताते चलें कि हाईकोर्ट की इस टिप्पणी के बाद सीबीआई डायरेक्टर को 17 मार्च को हाईकोर्ट में पेश होना होगा। सीबीआई को बजरी खनन से जुड़े मामलों की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी।

वहीं, राज्य सरकार से अपेक्षित सहयोग न मिलने पर कोर्ट नए आदेश जारी कर सकता है। साथ ही अगर जांच में और देरी होती है, तो हाईकोर्ट सीबीआई और राज्य सरकार के खिलाफ कड़े कदम उठा सकता है।

डोटासरा बोले-माफिया 'पुष्पा' बनकर अवैध-खनन की रील्स अपलोड कर रहे

जूली ने लिखा- भाजपा का राज मतलब माफियाओं का राज; कर्मचारियों पर हमले हो रहे

जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। हाईकोर्ट में सीबीआई का अवैध खनन की जांच से इनकार और पुलिस से सहयोग नहीं मिलने की बात कहने को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर तंज कसा है। डोटासरा ने कहा है कि माफिया 'पुष्पा' बनकर अवैध खनन की रील्स अपलोड करके कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। वहीं, जूली ने कहा- भाजपा का राज मतलब माफियाओं का राज। राजस्थान में अवैध खनन और बजरी की लूट के लिए कोर्ट, कानून और नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रदेश के पहरेदार ही हिस्सेदार बनकर माफियाओं से राज्य को छलनी करा रहे हैं। राजस्थान की संपदा लूट रहे हैं। डोटासरा ने लिखा- सरकार के कैबिनेट मंत्री कहते हैं कि राज्य में हर दिन 7 करोड़ की बजरी चोरी हो रही है। माफिया 'पुष्पा' बनकर अवैध खनन की रील्स अपलोड करके कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। वन विभाग के कर्मचारी और पुलिसकर्मी माफियाओं का निशाना बन रहे हैं। और ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि माफियाओं को भाजपा सरकार से संरक्षण प्राप्त है, जो अब पूरी तरह उजागर हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक्स पर लिखा- भाजपा राज का मतलब माफियाओं का राज। बूंदी में अवैध खनन रोकने गए वन कर्मियों पर कुल्हाड़ी और रॉड से हमला हुआ, राजस्थान में अवैध खनन की लूट के लिए कोर्ट, कानून और नियमों की धज्जियां उड़ रही है। हाईकोर्ट कह रहा है पुलिस और खान विभाग की शह पर अवैध खनन हो रहा है। कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी तो अब सीबीआई कह रही है, राजस्थान पुलिस सहयोग नहीं कर रही, गृह मंत्री जी मौन हो गए। जूली ने लिखा- भाजपा राज में अवैध खनन और बजरी माफियाओं ने खुली लूट मचा रखी है, लेकिन सरकार चुप है। माफियाओं को इस लूट-खसोट में सरकार का पूरा संरक्षण मिल रहा है, अधिकारी पिट रहे हैं।

माफियाओं का जंगलराज चल रहा है। हाईकोर्ट में सीबीआई ने एक दिन पहले ही सुनवाई के दौरान अवैध बजरी खनन और परिवहन की जांच करने से इनकार कर दिया था।

किराए के घरों में रहने वाले हो जाएं सावधान

सरकार ले आई नया नियम, देना होगा शुल्क

जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। काम और पढ़ाई के सिलसिले में लोग अपने घर को छोड़ कर बड़े शहरों की ओर रुख करते है और किराए के मकान में रहकर रोजी-रोटी कमाते हैं।

राजस्थान सरकार ने किराए पर रहने वाले लोगों के लिए नियमों में बदलाव किया है। अब एक साल से कम अवधि के लिए किराए पर ली जाने वाली संपत्ति का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। इसका असर उन लोगों को पर देखने को मिलेगा जो कम अवधि के लिए मकान किराए पर रहने के लिए लेते हैं।

ऑनलाइन होगा रजिस्ट्रेशन

नए बदलाव के अनुसार किराएदारों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होगा। इस सुविधा से आम लोगों को रजिस्ट्रेशन के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आसानी से घर बैठे रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे।

वर्तमान में किराएनामे पर 0.02 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी

वर्तमान में किराएनामे पर 0.02 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी है। लेकिन अब 10 लाख की संपत्ति होने पर 200 रुपए ही स्टाम्प ड्यूटी लगेगी। इसके अलावा किराएदारों का रजिस्ट्रेशन होने से नाम और पते की जानकारी मिलने से किराएदारों की पहचान भी आसानी से हो जाएगी।

मकान मालिक को होगी आसानी

इस सुविधा से मकान मालिक को काफी राहत मिलेगी। ऐसे में यदि अगर किराएदार और मकान मालिक के बीच अनबन हो जाती है या फिर किसी तरह का विवाद होता है पुलिस आसानी से सभी जानकारी निकलवा सकेंगी।

ऑपरेशन भौकाल, लग्जरी कार से मिला 240 किलो डोडा-पोस्त

जोधपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। जोधपुर ग्रामीण की पुलिस ने ऑपरेशन भौकाल के तहत एक लग्जरी कार से 240 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जोधपुर ग्रामीण और पुलिस थाना कापरड़ा ने संयुक्त ऑपरेशन में इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि हरियाड़ा-हुणगांव सड़क पर जोधपुर ग्रामीण व पुलिस थाना कापरड़ा ने संयुक्त नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक कार तेज रफ्तार में आती दिखी।

पुलिस ने जब रुकने का इशारा किया तो चालक ने कार की रफ्तार को बढ़ा दिया। ऐसे में डीएसटी टीम ने सड़क पर टायर ब्रेकर लगाकर लग्जरी कार के टायर ब्रस्ट कर दिए। ऐसे में कार चालक तेजी से गाड़ी को भगाकर सड़क किनारे छोड़कर अपने साथी के साथ खेतों में भागने लगा।

सर्च ऑपरेशन चलाया

इसके बाद पुलिस टीम ने खेतों में सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 4-5 किलोमीटर अंधेर में टॉर्च की सहायता से पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों तस्करों की पहचान कुड़ी भगतासनी निवासी जंवरीलाल पुत्र अप्पाराम और भाणिया निवासी जितेंद्र पुत्र पुखराज को पकड़ा।

पुलिस ने जब गाड़ी की जांच की तो उसमें 12 कट्टों में 240 किलो अवैध डोडा पोस्त मिला। पुलिस ने डोडा-पोस्त और कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

अवैध विस्फोटक सामग्री की बड़ी खेप बरामद

बूँदी, 4 मार्च (एजेंसियां)। जिले की डाबी थाना पुलिस ने अवैध विस्फोटक सामग्री की तस्करी को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और फ्यूज वायर बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बूंदी पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन में डाबी थाना पुलिस अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चला रही थी। इसी के तहत 3 मार्च को पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन की तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन से 7 विस्फोटक गुल्ले जिनका कुल वजन 2.78 किलोग्राम, 13 वायर मय फ्यूज तार और डेटोनेटर बरामद किए गए। थाना अधिकारी हेमराज शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी लोकेश (22) पुत्र मोहनलाल, निवासी ट्रक का झोंपड़ा, जिला बूंदी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि विस्फोटक सामग्री कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।

बच्चे ने स्कूल में मारवाड़ी में बात की तो बेरहम बना टीचर, पीट-पीटकर तोड़ा हाथ का अंगूठा

झुंझुनू, 4 मार्च (एजेंसियां)। झुंझुनू में छठी कक्षा के छात्र से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया,आरोप है कि गोलाई मोड़ स्थित एक निजी स्कूल के संस्था प्रधान के पति ने छात्र को केवल इस कारण से बेरहमी से पीट दिया क्योंकि उसने स्कूल में मारवाड़ी भाषा में बात की थी।

शहर के गोलाई मोड़ स्थित आदर्श इंग्लिश एकेडमी स्कूल में संस्था प्रधान के पति ने छात्र को केवल इस कारण बेरहमी से पीटा क्योंकि उसने स्कूल में मारवाड़ी भाषा में बात की थी। पिटाई के कारण छात्र का अंगूठा फ्रैक्चर हो गया। बताया जा रहा है कि संस्था प्रधान पति ने मासूम को मुर्गा बनाकर चक्कर भी लगवाए गए।

परिजनों के अनुसार छात्र जब घर पहुंचा तो वह डरा-सहमा हुआ था। पूछताछ करने पर उसने पूरी घटना बताई। उसके हाथ में सूजन थी, जिसके बाद परिजन तुरंत स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। हालांकि बाद में संस्था प्रधान ने पूरे घटनाक्रम के लिए माफी मांग ली, जिसके चलते अब तक परिजनों की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है। बच्चे के चाचा ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब उसके साथ ऐसी घटना हुई हो। पहले भी दो-तीन बार स्कूल में उसके साथ मारपीट की गई थी लेकिन इस बार उसके दाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चों के साथ इस तरह मारपीट किए जाने का यह तीसरा मामला है। हंगामे के समय स्कूल में मौजूद एक अन्य परिजन ने भी इसी तरह कि शिकायत की।

घरेलू नौकरों ने विद्याधर नगर में की वारदात

व्यापारी की पत्नी को बंधक बनाकर लूटे 1.5 करोड़

जयपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने एक सेनेटरी व्यापारी के घर पर धावा बोलते हुए उनकी पत्नी को बंधक बनाकर चाकू की नोंक पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लूट को अंजाम दिया।पीड़ित परिवार ने डेढ़ महीने पहले इंद्रजीत नाम के व्यक्ति को नौकर रखा था। वारदात से ठीक एक दिन पहले इंद्रजीत ने अशोक नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी घर पर नौकरी पर रखवाया। इसके बाद इंद्रजीत, अशोक और उनके एक अन्य साथी ने मिलकर लूट की पूरी योजना बनाई। बदमाशों ने मात्र 15 मिनट के अंदर वारदात को अंजाम दिया और एक ऑटो में बैठकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने घर में रखे नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाया था, जिससे अपराधियों को यह वारदात करने में आसानी हुई। पुलिस को बदमाशों के ऑटो में भागने का सीसीटीवी फुटेज मिला है ।

पार्किंग विवाद में नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी पर तलवार से हमला

बचाव के लिए आए पिता और दादा भी घायल

सीकर, 4 मार्च (एजेंसियां)। जिले के कोतवाली थाना इलाके में मंगलवार सुबह पार्किंग को लेकर हुए विवाद में नेशनल बैडमिंटन प्लेयर पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में खिलाड़ी के पिता और दादा भी घायल हो गए। घायल खिलाड़ी नमन शर्मा (17) को गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया गया है, जबकि उसके पिता कमल शर्मा और दादा जगदीश शर्मा को भी चोटें आई हैं।

घटना सुबह करीब 5 बजे की है। बैडमिंटन एकेडमी में रोज की तरह कुछ खिलाड़ी खेलने आए थे। जब उन्होंने घर के सामने अपनी बाइक खड़ी की तो पड़ोसी नवीन पुत्र वल्लभचंद और उसके परिवार ने नमन शर्मा और उसके पिता कमल शर्मा पर हमला कर दिया। आरोपियों ने तलवार से नमन पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि पड़ोसी नवीन और उसके परिजन पिछले 10-15 दिनों से झगड़ा कर रहे थे। नवीन आदतन नशेड़ी बताया जा रहा है, जिस पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। नमन के दादा जगदीश शर्मा ने बताया कि हमले के बाद उनके पोते नमन के शरीर से भारी मात्रा में खून बह गया। एकेडमी से लेकर घर के गेट तक सड़क पर खून ही खून फैल गया था। साथ ही उनके बेटे कमल शर्मा का हाथ भी फ्रैक्चर हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। हमले के बाद आरोपी नवीन और उसका पिता वल्लभचंद फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। गौरतलब है कि नमन शर्मा एक नेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी है और अपने पिता के साथ मिलकर सिटी बैडमिंटन एकेडमी चलाता है। एकेडमी के सामने ही हमलावरों का घर है, जहां पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था।

पूर्व महापौर ओम कुमारी का निधन

जोधपुर, 4 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान के जोधपुर की पूर्व महापौर ओम कुमारी गहलोत का सोमवार रात को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। कुछ समय पहले वे एम्स में भी भर्ती रही। गहलोत जोधपुर की प्रथम महिला महापौर रहीं। वे 2004 से 2009 तक महापौर रहीं। इससे पहले वह शिक्षा विभाग में असिस्टेंट डिप्टी डायरेक्टर के पद से रिटायर्ड हुई थीं।

विवादों से रहीं दूर

ओम कुमारी सहजता और विनम्रता के लिए जानी जाती थीं। उनका नाम कभी भी विवाद में नहीं रहा। उनके कार्यकाल में ही जोधपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बने नगर निगम के खुद के नए भवन में कार्यालय शिफ्ट हुआ था। उनका जन्म साल 1937 में हुआ था।

सर्बिया की संसद में स्मोक ग्रेनेड से हमला

2 सांसद घायल, एक की हालत गंभीर-सरकार के एजेंडे से नाराज सांसदों का बवाल

बेलग्रेड, 4 मार्च (एजेंसियां)। यूरोपीय देश सर्बिया की संसद में मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने स्मोक ग्रेनेड फेंके। विपक्ष ने यह प्रदर्शन सरकार की नीतियों के विरोध और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया।

सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने जैसे ही सत्र के एजेंडे को मंजूरी दी, कुछ विपक्षी नेता अपनी कुर्सी से उठकर स्पीकर की कुर्सी की तरफ दौड़ पड़े। उन्होंने सदन में स्मोक ग्रेनेड फेंक दिया, जिससे सदन में काला धुआं भर गया। इस दौरान उनकी सिक्योरिटी गार्ड्स से हाथापाई भी हुई।

प्रधानमंत्री के इस्तीफे पर होनी थी चर्चा :

सर्बियाई संसद में मंगलवार को देश की यूनिवर्सिटीज के लिए धनराशि बढ़ाने वाला कानून पारित होना था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी चर्चा होनी थी। लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से पेश किए गए एजेंडे के अन्य मुद्दों ने विपक्ष को नाराज था। इसके बाद यह हंगामा हुआ। स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि इस हमले से दो सांसद घायल हो गए हैं, जिनमें से एक सांसद जैस्मिना ओब्राडोविक की हालत गंभीर है। स्पीकर ने कहा कि संसद अपना काम करना जारी रखेगी।

15 लोगों की मौत के बाद शुरू हुआ था विरोध प्रदर्शन :

दरअसल, सर्बिया के दूसरे सबसे बड़े शहर नोवी सैड में 1 नवंबर को रेलवे स्टेशन की छत का एक हिस्सा गिर गया था। इसमें पंद्रह लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद देश में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। सड़कों पर हजारों लोग उतर आए और इस घटना की जवाबदेही की मांग करने लगे। लोगों का आरोप था कि निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की वजह से छज्जा गिरने की घटना हुई।

छात्र 15 मिनट के लिए रोक देते थे लोगों का आना जाना :

इस विरोध प्रदर्शन में बड़े पैमाने पर छात्र शामिल थे। वे देशभर में हर दिन दोपहर 11 बजकर 52 मिनट पर गाड़ियों का आना-जाना 15 मिनट के लिए रोक देते थे। ये वही वक्त था जब रेलवे स्टेशन पर छज्जा गिरने का हादसा हुआ था। इसके अलावा देश में यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाई ठप हो गई थी।

प्रधानमंत्री ने गुस्सा शांत करने के लिए दिया था इस्तीफा :

देश में 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन और तेज हो गया था। लोगों ने काम पर जाना बंद कर दिया। लोगों को गुस्सा बढ़ता देख प्रधानमंत्री वुसेविक ने पिछले महीने कहा था कि वे नहीं चाहते कि देश में तनाव और ज्यादा बढ़े इसलिए वे हालात को शांत करने के लिए अपना पद छोड़ रहे हैं। वुसेविक मई 2024 से प्रधानमंत्री के पद पर थे। इससे पहले वे उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के पद पर रह चुके हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी पार्टी के नेताओं की आलोचना न करें : मीनाक्षी नटराजन

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर अपने नेताओं की आलोचना करने से परहेज करने का आग्रह किया है। तेलंगाना में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया है। मंगलवार को गांधी भवन में टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ की अगुवाई में मेदक लोकसभा क्षेत्र के लिए समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अपनी उपस्थिति के दौरान मीनाक्षी नटराजन ने आगाह किया कि पार्टी के आंतरिक मुद्दों के बारे में किसी भी चर्चा से संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह पार्टी के प्रयासों में योगदान देने वाले व्यक्तियों के बारे में सक्रिय रूप से जानकारी एकत्र कर रही हैं। नटराजन ने निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारियों को कांग्रेस पार्टी के विकास को बढ़ावा देने में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि यदि प्रभारियों की कार्रवाइयों के कारण कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो उन्हें बिना देरी किए उनके पदों से हटा दिया जाएगा। कुछ नेताओं ने व्यक्त किया कि अधिकारी उनकी चिंताओं को नजरअंदाज कर रहे हैं, जबकि अन्य ने बीआरएस नेताओं द्वारा प्रदर्शित प्रभुत्व के प्रति अपना असंतोष व्यक्त किया। कई नेताओं ने मीनाकी नटराजन को बताया कि उनके द्वारा संदर्भित व्यक्तियों को इंदिराम्मा का घर प्रदान करने से उन्हें सम्मान मिलेगा।

कलेक्टर ने मल्कापेटा जलाशय का किया दौरा

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के अल्टीमेटम के बाद सिंचाई अधिकारी मिड मानेर जलाशय से मलकापेटा जलाशय में पानी छोड़ने की व्यवस्था कर रहे हैं। कलेक्टर संदीप कुमार झा ने मंगलवार को मलकापेटा जलाशय का दौरा कर व्यवस्थाओं की जांच की। येलारेड्डीपेट मंडल के देवुनीगुट्टा थांडा में धान के खेतों का निरीक्षण करते समय, जहां हाल ही में फसल सूख गई थी, रामाराव ने राज्य सरकार को अल्टीमेटम दिया था कि अगर 48 घंटे के भीतर फसलों को पानी नहीं दिया गया तो वे सचिवालय में सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के कक्ष के सामने धरना देंगे। इससे पहले, थंगल्लापल्ली के किसानों ने रामाराव से मुलाकात की थी और उनसे अनुरोध किया था कि वे मिड मनेयर से पानी छोड़ कर मलकापेटा जलाशय के नीचे बोई गई खड़ी फसलों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएं।

किसानों के अनुरोध के आधार पर उन्होंने सिंचाई इंजीनियरिंग-इन-चीफ अनिल कुमार से बात की और उनसे मिड मनैर से पानी छोड़ने का अनुरोध किया। सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए, अधीक्षक अभियंता रविंदर के नेतृत्व में सिंचाई अधिकारियों ने सोमवार को नहर की जांच की। मंगलवार को कलेक्टर ने मलकापेटा जलाशय का भी दौरा किया और गेट, सुरंग, पंप हाउस, मोटर, नियंत्रण कक्ष और बिजली आपूर्ति प्रणाली की जांच की। सिंचाई अधिकारी अमरेंद्र रेड्डी से बातचीत करते हुए उन्होंने जलाशय में पानी के स्तर के बारे में जानकारी ली, जिसमें 0.75 टीएमसी (मृत भंडारण) पानी था। कलेक्टर ने कहा कि एमएमआर से 0.5 टीएमसी पानी छोड़ने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श चल रहा है।

खाड़ी शहीदों की स्मृति बैठक आयोजित करेगी सरकार

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अनिल ईरावत्री ने कहा कि राज्य सरकार खाड़ी देशों में मारे गए श्रमिकों के परिवारों के साथ हैदराबाद के प्रजा भवन में जल्द ही 'खाड़ी शहीदों की स्मृति बैठक' आयोजित करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएम ए. रेवंत रेड्डी खाड़ी देशों में मारे गए लोगों के परिवार के सदस्यों के साथ एक संयुक्त लंच में भाग लेंगे और उन्हें आश्वासन देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा, मृतकों को याद रखें! जीवित लोगों के लिए लड़ें! तेलंगाना राज्य सरकार किसी भी कारण से खाड़ी देशों में मरने वालों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, उन्हें ऑन-ड्यूटी मौत मानते हुए, जो देश के इतिहास में पहली बार है। अनिल एराबथ्री ने कहा कि भारत की सीमाओं से परे रेगिस्तानी देशों में काम करते हुए मरने वाले श्रमिक सैनिकों की तरह हैं और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी उन लोगों को 'खाड़ी शहीदों' के रूप में याद करने और सम्मानित करने के लिए 'खाड़ी भरोसा' कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिन्होंने विदेशी मुद्रा भेजकर वित्तीय सैनिक के रूप में सेवा की। उनके अनुरोध का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस महीने की पहली तारीख को 94 खाड़ी मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये की 4 करोड़ 70 लाख रुपये की अनुग्रह राशि जमा करने का आदेश दिया। कांग्रेस सरकार उम्मीद करती है और चाहती है कि खाड़ी के श्रमिक स्वस्थ और सुरक्षित अपने वतन लौटेंगे। अनिल ने कहा कि सरकार ने हमारे तेलंगाना प्रवासी श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक रूप से मदद करने का फैसला किया है, जो दुर्भाग्य से खाड़ी देशों में असामयिक रूप से मर गए।

मुख्यमंत्री ने केंद्र से 4,000 मेगावाट सौर ऊर्जा की मंजूरी का आग्रह किया

हैदराबाद, 4 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय अक्षय ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री प्रहलाद जोशी से अनुरोध किया है कि वे पीएम कुसुम योजना के तहत तेलंगाना को पहले दी गई 4,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की मंजूरी को आगे बढ़ा दें। मुख्यमंत्री ने मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के साथ मंगलवार को नई दिल्ली में प्रहलाद जोशी से मुलाकात की और मामले को केंद्रीय मंत्री के संज्ञान में लाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले तेलंगाना को 4,000 मेगावाट की अनुमति दी थी, जिसे बाद में घटाकर 1,000 मेगावाट कर दिया है। रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य सरकार तेलंगाना में महिला समूहों के माध्यम से सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। केंद्रीय मंत्री ने नागरिक आपूर्ति विभाग के बकाया भुगतान और 4,000 मेगावाट की मंजूरी के नवीनीकरण के संबंध में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा किए गए अनुरोधों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। रेवंत रेड्डी के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव माणिक राज, राज्य नागरिक आपूर्ति आयुक्त डी.एस. चौहान और तेलंगाना भवन के रेजिडेंट कमिश्नर गौरव उप्पल भी थे।

हाईकोर्ट का दिव्यांगों के लिए स्वतंत्र राज्य आयुक्त नियुक्त करने का निर्देश

